

पान मसाला पर उपकर वाले विधेयक को लोकसभा ने दी मंजूरी - 12



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा-जीडीपी में सहकारिता की हिस्सेदारी करेंगे तीन गुना -12



गांधी की समाधि पर नतमस्तक हुए पुतिन, अहिंसा और सच्चाई के लिए किया याद - 13



एशेज सीरीज के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने बनाई 44 रनों की बढ़त - 14

आज का मौसम
23.0°
अधिकतम तापमान
11.0°
न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.43
सूर्यास्त 05.16


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष द्वितीया 09:25 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

शनिवार, 6 दिसंबर 2025, वर्ष 35, अंक 307, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### मुर्शिदाबाद में मस्जिद के शिलान्यास में कोई हस्तक्षेप नहीं: हाईकोर्ट

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर, तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा प्रस्तावित एक मस्जिद के निर्माण में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। अदालत की यह टिप्पणी छह दिसंबर को प्रस्तावित ''बाबरी मस्जिद'' के लिए निर्धारित शिलान्यास समारोह से पहले आई है, जो मूल ढांचे के विध्वंस की बरसी भी है। केंद्र ने कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 19 कंपनियां इस साल अप्रैल में मुर्शिदाबाद जिले में हुए सांप्रदायिक दंगों के बाद क्षेत्र में तैनात की गई थीं। वह अभी भी तैनात हैं और हिंसा की स्थिति में तैयार रहेंगी।

### काले हिरण के शिकार में तीन लोग गिरफ्तार

**रायसेन।** मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में शुक्रवार को काले हिरण का शिकार करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई एक मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की गई। आरोपियों के पास से मृत हिरण, खाल, एक राइफल, कारतूस, दो कार सहित अन्य औजार बरामद किए गए हैं। वन विभाग के रेंजर मनीष सिंह ठाकुर ने बताया कि सागर जिले की सीमा से लगे बेगमगंज–राहतगढ़ के पास ग्राम बेरखेड़ी बीट में बृहस्पतिवार रात काले हिरण के शिकार की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद शुक्रवार सुबह करीब चार बजे घेराबंदी कर आरोपियों की दो कारों को रोककर तलाशी ली गई।

### पांच करोड़ के सोने के बिस्कुट किए जब्त

**कृष्णनगर।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में बीएसएफ ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास 5.47 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के 36 बिस्कुट जब्त किए और भारतीय तस्कर को पकड़ा। बीएसएफ के एक बयान में कहा गया है कि बानपुर सीमा चौकी पर दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 32वीं बटालियन के जवानों ने गुरुवार को विशिष्ट खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह अभियान चलाया तथा संदिग्ध तस्करी मार्गों पर पैनी नजर रखी। अभियान के दौरान जवानों ने एक व्यक्ति को सीमावर्ती सड़क से बानपुर गांव की ओर संदिग्ध रूप से जाते देखा। बुलाने पर उसने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया।

### 100वें जन्मदिन पर दान में दिए 3.4 करोड़

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की एक स्त्री रोग विशेषज्ञ ने शुक्रवार को अपने 100वें जन्मदिन पर भुवनेश्वर एम्स के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग को 3.4 करोड़ रुपये दान कर दिए। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मशहूर प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रो. के लक्ष्मी बाई ने एम्स को विश्वास और भलाई का एक असाधारण तोहफा दिया है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि 1945 में अपनी डिग्री हासिल करने और 1986 में बरहामपुर के एमकेसीजी चिकित्सा महाविद्यालय से सेवानिवृत्त होने तक देश की निस्वार्थ सेवा करने वाली प्रो. बाई का यह योगदान अविश्वस्नीय है।

# बिना दबाव भारत को जारी रहेगी तेल आपूर्ति : पुतिन

## मोदी बोले- भारत-रूस की दोस्ती ध्रुव तारे की तरह अटल, दोनों देशों ने पंचवर्षीय आर्थिक मसौदे पर जताई सहमति

- हेल्थ, फूड सेफ्टी और शिपबिल्डिंग समेत कई समझौतों पर मुहर
- 2030 से पहले 100 अरब डॉलर का आपसी व्यापार का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और रूस ने अमेरिका द्वारा दंडात्मक शुल्क और प्रतिबंध लगाने से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए शुक्रवार को आर्थिक और व्यापारिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए एक पंचवर्षीय योजना पर सहमति जताई। इस दौरान पुतिन ने कहा कि रूस भारत को बिना रोक-टोक के तेल आपूर्ति जारी रखेगा। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि यूक्रेन में जारी युद्ध को शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त किया जाना चाहिए।

दुनिया भर की नजर मोदी और पुतिन के बीच होने वाली बातचीत पर रही जिसमें दोनों नेताओं ने आठ दशक से अधिक पुरानी भारत-रूस मित्रता को नई गति प्रदान करने की अपनी दृढ़ इच्छा प्रदर्शित की। मोदी ने कहा कि भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद यह मित्रता ध्रुव तारे की तरह अडिग बनी हुई है। दोनों देशों ने 2030 के आर्थिक कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के अलावा, स्वास्थ्य, गतिशीलता, खाद्य सुरक्षा और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए। मोदी ने द्विपक्षीय शिखर वार्ता के बाद कहा, गत आठ दशकों में दुनिया ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। मानवता को अनेक चुनौतियों और संकटों से गुजरना पड़ा है। लेकिन आपसी सम्मान और गहरे विश्वास पर आधारित यह संबंध हमेशा समय की कसौटी पर खरा उतरा है। आज हमने इस नींव को और मजबूत करने के लिए सहयोग के सभी पहलुओं पर चर्चा की। आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाना हमारी साझा प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दोनों देश 2030 तक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम पर सहमत हुए हैं और इससे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश विविध, संतुलित और टिकाऊ बनेंगे। उन्होंने कहा, हम आईएनएसटीसी , उत्तरी समुद्री मार्ग और चेन्नई-व्लादिवोस्तोक गलियारे पर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे। मुझे खुशी है कि अब हम ध्रुवीय जल में भारतीय नाविकों को प्रशिक्षित करने के लिए सहयोग करेंगे। मोदी कहा, इससे न केवल आर्कटिक में हमारा सहयोग मजबूत होगा, बल्कि भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। अंतर्राष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) भारत, ईरान, अफगानिस्तान, अर्मीनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी 'मल्टी-मोड' परिवहन परियोजना है। मोदी ने कहा कि पोत निर्माण के क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच गहन सहयोग से 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को मजबूती मिलने की संभावना है।



नई दिल्ली में भारत-रूस के 23वें शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • एजेंसी

### मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर तथा फ्लोटिंग परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण को लेकर दोनों देश उत्सुक

पुतिन ने संकेत दिया कि रूस भारतीय उत्पादों के लिए अपने बाजार को और सुलभ बनाएगा तथा दोनों पक्ष छोटे एवं मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर तथा फ्लोटिंग परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण में सहयोग के लिए उत्सुक हैं। रूस परमाणु प्रौद्योगिकियों के गैर-ऊर्जा अनुप्रयोग में भी भारत को सहायता दे सकता है, उदाहरण के लिए चिकित्सा और कृषि में। मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि ऊर्जा सुरक्षा भारत-रूस साझेदारी का एक मजबूत और महत्वपूर्ण स्तंभ रही है और असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा, हम इस परस्पर लाभकारी सहयोग को जारी रखेंगे।

### रूसी पर्यटकों को 30 दिन का फ्री वीजा देगा भारत

मोदी ने इस अवसर पर घोषणा की कि भारत शीघ्र ही रूसी नागरिकों के लिए 30 दिन का नि:शुल्क ई-पर्यटक वीजा तथा 30 दिन का समूह पर्यटक वीजा शुरू करेगा। पुतिन ने अपने वक्तव्य में कहा कि दोनों पक्ष वार्षिक व्यापार को वर्तमान 64 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 100 अरब अमेरिकी डॉलर करने पर विचार कर रहे हैं और रूस भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तेल, गैस, कोयला और अन्य सभी आवश्यक वस्तुओं का विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता है। उन्होंने कहा, रूस तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ईंधन की निर्बाध आपूर्ति जारी रखने के लिए तैयार है।

### यूक्रेन संकट पर भारत तटस्थ नहीं, शांति का पक्षधर

दोनों शासनाध्यक्षों की बातचीत के दौरान यूक्रेन युद्ध का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। मोदी ने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा कि भारत ने उस देश में शांति की वकालत की है। उन्होंने कहा, हम इस मुद्दे के शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान के लिए सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। भारत हमेशा योगदान देने के लिए तैयार रहा है और आगे भी ऐसा करता रहेगा।

### आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटने पर चर्चा

वार्ता में आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटने के तरीकों पर भी चर्चा हुई। मोदी ने आतंकवाद के खतरे पर कहा कि भारत और रूस लंबे समय से इस खतरे के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। चाहे पहलगाम में हमला हो या क्रोकस सिटी हॉल पर कायरतापूर्ण हमला इन सभी घटनाओं की जड़ एक ही है। भारत का यह दृढ़ विश्वास है कि आतंकवाद मानवता के मूल्यों पर सीधा हमला है और इसके खिलाफ एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

# रेपो दर में 0.25 % की कटौती घर-गाड़ी खरीदना होगा सस्ता

मुंबई, एजेंसी



- आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने दी जानकारी, फरवरी 2025 से यह चौथी कटौती
- चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.8 से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत किया

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को नीतिगत रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की। इससे घर, वाहन और अन्य कर्ज सस्ता होने की उम्मीद है। इसके साथ ही आरबीआई ने बैंकों में एक लाख करोड़ रुपये की नकदी डालने की भी घोषणा की। इससे अर्थव्यवस्था को अमेरिकी शुल्क के प्रभाव से सुरक्षित रखने और रुपये की कीमत में आई गिरावट से निपटने में मदद मिलेगी।

आरबीआई की छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 5.25 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया। यह फरवरी 2025 के बाद से चौथी कटौती है और अब तक कुल 1.25 प्रतिशत कटौती हो चुकी है। रेपो दर में छह महीने के अंतराल के बाद की गई इस कटौती से आवास, वाहन और अन्य उपभोक्ता ऋणों के सस्ते होने का रास्ता खुल गया है। दरअसल रेपो दर में कटौती का सीधा असर बैंकों की उधारी लागत पर होता है।

बैंकों को अब केंद्रीय बैंक से सस्ते में उधार मिलेगा लिहाजा वे एमसीएलआर (कोष की सीमांत लागत आधारित ब्याज दर) और अन्य ऋण दरों में कमी कर सकेंगे। इससे घर, वाहन और व्यावसायिक ऋणों की मासिक किस्तें घटेंगी। रेपो दर में इस कटौती से आरबीआई ने डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत 90 के भी पार चले जाने से जुड़ी आशंकाएं दरकिनार करने की कोशिश की है। इस साल डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में पांच प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है जो एशिया की सभी मुद्राओं में सबसे खराब प्रदर्शन है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई वाली एमपीसी ने मौद्रिक नीति के रुख को 'तटस्थ' बनाए रखने का भी फैसला किया।

### ऐसे हुई कटौती

- फरवरी : 0.25 %
- अप्रैल : 0.25 %
- जून : 0.50%
- दिसंबर : 0.25

### महंगाई का अनुमान घटाया

आरबीआई ने महंगाई दर के अनुमान को 2.6 से घटाकर 2% कर दिया है। गवर्नर ने कहा, मुद्रास्फीति 2.2% के संतोषजनक स्तर पर है और वित्त वर्ष की पहली छमाही में आर्थिक वृद्धि 8.0 प्रतिशत रही है। जो अर्थव्यवस्था के लिए खुशनुमा दौर बनता है।

## दो पासपोर्ट मामले में भी अब्दुल्ला आजम को सात साल की सजा

**रामपुर।** दो पासपोर्ट रखने के मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीश शोभित बंसल ने आजम खां के पुत्र पूर्व विधायक अब्दुल्ला को दोषी मानते हुए सात साल के कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। उन्होंने 332 पेज का फैसला तैयार किया था। वह दो पैन कार्ड के मामले में हुई सजा में रामपुर जेल में बंद हैं।

- एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने सुनाई सजा



अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पासपोर्ट के मामले में शहर विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि अब्दुल्ला आजम एक पासपोर्ट का इस्तेमाल विदेश यात्रा में भी कर चुके हैं। जन्मतिथि शैक्षिक प्रमाण पत्रों हाईस्कूल बीटेक व एमटेक में एक जनवरी 1993 अंकित है। पासपोर्ट संख्या जेड 4307442 में जन्मतिथि 30 सितंबर 1990 अंकित है। अब्दुल्ला के शैक्षिक प्रमाण पत्र तथा पासपोर्ट का विवरण जन्मतिथि व जन्म स्थान भी विरोधाभासी है। शुक्रवार को अब्दुल्ला वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। विधायक के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि धारा 420 में तीन वर्ष की सजा 10 हजार का जुर्माना, धारा 467 में 7 साल की सजा 20 हजार का जुर्माना, 468 में 3 वर्ष की सजा 10 हजार का जुर्माना, धारा 471 में दो वर्ष की सजा और 10 हजार का जुर्माना लगाया है।

# एक जिला-एक व्यंजन भी बनेगा ब्रांड यूपी : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- सीएम योगी ने समीक्षा बैठक में ओडीओपी 2.0 की कार्ययोजना को दी मंजूरी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में ओडीओपी 2.0 की कार्ययोजना को मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि 'एक जनपद-एक उत्पाद' अब 'एक जिला-एक व्यंजन' भी ब्रांड यूपी बनेगा। योगी ने स्थानीय उद्योगों को आधुनिक तकनीक, बेहतर पैकेजिंग, गुणवत्ता उन्नयन और बड़े बाजारों से जोड़ने पर जोर दिया। कहा कि बदलती वैश्विक मांग को देखते हुए योजना को अधिक व्यावसायिक रूप में आगे बढ़ाना समय की जरूरत है।

योगी ने बैठक में बताया कि ओडीओपी 2.0 का उद्देश्य है कि पारंपरिक उत्पाद स्थायी रोजगार का आधार बनें और निर्यात में वृद्धि हो। उन्होंने निर्देश दिए कि पहले चरण में अच्छा काम करने वाले उद्यमियों को विस्तार के अवसर दिए जाएं, ताकि वे बड़े स्तर पर कारोबार कर सकें। मुख्यमंत्री ने 'एक जनपद-एक व्यंजन' (ओडीओसी) योजना लागू करने का निर्देश देते हुए कहा कि अब प्रदेश के खान-पान की परंपरा को भी नई पहचान मिलेगी। इसके तहत हर जिले के प्रमुख व्यंजन की पहचान, गुणवत्ता, स्वच्छता, पैकेजिंग और ब्रांडिंग पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों में विशिष्ट स्वाद की समृद्ध परंपरा है, जिसे संगठित रूप से प्रचारित किए जाने की जरूरत है।

### विशेषज्ञों की मदद से उपयोगी बनें कॉमन फैसिलिटी सेंटर

मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉमन फैसिलिटी सेंटर को और उपयोगी बनाया जाए। विशेषज्ञों की मदद से उद्यमियों को डिजाइन, पैकेजिंग और उत्पादन संबंधी सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ओडीओपी उत्पादों को केवल पारंपरिक बाजारों तक सीमित न रखते हुए उन्हें बड़े रीटेल नेटवर्क से जोड़ा जाए। देश में स्थापित सभी यूनिटी मॉल में उत्तर प्रदेश के उत्पादों के लिए अलग स्थान सुनिश्चित किया जाएगा।

**मंत्री ने गिनाई ओडीओपी की उपलब्धियां :** बैठक में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान समेत अधिकारियों ने उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि वर्ष 2018 से शुरू ओडीओपी योजना के तहत अब तक 1.25 लाख से अधिक टूलकिट, छह हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का ऋण और आठ हजार से अधिक उद्यमियों को विपणन सहायता उपलब्ध कराई गई है।

# इंडिगो की चौथे दिन भी 500 उड़ानें रद्द, सरकार ने दिए जांच के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के राष्ट्रीय राजधानी से प्रस्थान करने वाली सभी उड़ानों सहित करीब 500 उड़ानें रद्द करने से देश भर में हजारों यात्री कई घंटों तक फंसे रहे और हवाई यात्रा शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी पटरी से उतरी नजर आई।

लोगों का गुस्सा बढ़ने और विपक्षी दलों के सरकार को घेरने के बाद डीजीसीए ने हस्तक्षेप करते हुए इंडिगो के पायलटों के लिए रात्रि ड्यूटी के कड़े नियमों से अस्थायी छूट दे दी। इंडिगो का संकट उन नए नियमों से खड़ा हुआ जिनके तहत पायलटों के साप्ताहिक आराम की जरूरत के समय को 12 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे कर दिया गया। साथ ही सप्ताह में केवल दो बार रात में लैंडिंग की अनुमति दी गई है, जो पहले छह हुआ करती थी। इंडिगो ने इन व्यवधानों के लिए गलत फैसलों और योजनागत कमियों को जिम्मेदार ठहराया है। दिल्ली से शुक्रवार को इंडिगो की 235 उड़ानें रद्द की गई हैं। चार दिन में 1200 से ज्यादा उड़ाने रद्द हुईं।



बेंगलुरु हवाई अड्डे पर फैली भारी अव्यवस्था।

- सेवाओं में व्यवधान से हवाई अड्डों पर अफरा तफरी
- डीजीसीए ने पैसेंजर्स की सुरक्षा की कीमत पर दी राहत

### जांच के लिए चार सदस्यीय समिति गठित

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने इंडिगो की बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने के कारणों की व्यापक समीक्षा और आकलन के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है। समिति के सदस्यों में संयुक्त महानिदेशक संजय के ब्रम्हाने, उप महानिदेशक अमित गुप्ता, वरिष्ठ उड़ान संचालन निरीक्षक कैप्टन कपिल मांगलिक और उड़ान संचालन निरीक्षक कैप्टन रामपाल शामिल हैं। समिति 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपेगी।


**सौहार्द** | छह दिसंबर को अयोध्या में कोलाहल नहीं, राममंदिर का उल्लास, रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार, शान से लहरा रहा है धर्म ध्वज

# छह साल में ही बदल गई 33 साल की रामनगरी की तस्वीर

विवेक सक्सेना, अयोध्या

**अमृत विचार :** 06 दिसंबर 1992, 09 नवंबर 2019, 25 मार्च 2020, 22 जनवरी 2024 और 25 नवंबर 2025, ये तिथियां अयोध्या के इतिहास में दर्ज हो गईं हैं। वर्ष 1992 से 2025 तक इन 33 वर्षों में रामनगरी की तस्वीर ऐसी बदली कि आज अयोध्या अद्भुत, अकल्पनीय कहलाने लगी है।

वर्ष 2019 में श्रीराम जन्मभूमि के पक्ष में फैसला आने और 2025 में श्रीराम मंदिर पूरा बनकर तैयार होने पर धर्म ध्वजारोहण होने के दौरान इन छह वर्षों में अयोध्या सम्पूर्ण विश्व में छा गई। हर साल 06 दिसंबर को छाने वाला कोलाहल फिजाओं में गुम हो गया। न सिर्फ मां सरयू नदी अपनी धुन में बह रही है, अपितु चौक, बाजार, गली-मोहल्ले और यहां के निवासी भी सहज हैं। इस दिन रह-रह कर गूंजने वाला सायरन और सुरक्षा बलों के बूटों की धमक की जगह आपसी सौहार्द का गहरा हुआ रंग रिश्तों की डोर मजबूत कर रहा है। गंगा-जमुनी तहजीब की धूप में तनाव की बदली की सिहरन से लोग मुक्त हो चुके हैं। एहतियात के तौर पर भले ही पुलिस, सुरक्षा बल और खुफिया तंत्र सतर्क हैं, लेकिन दशकों पहले परिस्थितियों वाली गंभीरता नहीं है। यौमे स्याह और शौर्य दिवस का दूर-दूर तक कोई जिक्र नहीं है। कुछ संगठनों ले रस्म अदायगी जरूर की जाती है, लेकिन आमजन रामलला की धुन में है। तारीखें बहुत कुछ बदल देती हैं। 06 दिसंबर 1992 से लेकर 08 नवंबर 2019 तक की खाई को 09 नवंबर 2019 को श्रीराम जन्मभूमि के पक्ष में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने पाट दिया। मस्जिद के लिए अलग से पांच एकड़ जमीन मुस्लिम पक्ष को देने के आदेश ने बचा-खुचा तनाव भी खत्म कर दिया।




25 मार्च 2020 को रामलला टेंट से निकलकर फाइबर के मंदिर में शिफ्ट हुए और 05 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री ने राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इसके बाद शुरू हुए श्रीराम मंदिर निर्माण और 22 जनवरी 2024 को भव्य मंदिर में बाल स्वरूप रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने 500 वर्षों की साधना को फलक तक पहुंचा दिया। 25 नवंबर 2025 को मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने और प्रधानमंत्री द्वारा धर्म ध्वजारोहण करने के बाद देश-विदेश के सनातनी ही नहीं अपितु सर्व समाज आनंदित है।



"अयोध्या प्राचीन नगरी है। यहां देश-विदेश से लोग आते हैं। हर धर्म हर जाति के देवी-देवता यहां विराजमान हैं। 6 दिसंबर को जो कुछ होना था वह हो चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला कर दिया। मंदिर बन गया। अब हिंदू और मुसलमानों में कोई मतभेद नहीं है। हम चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ी ऐसा काम करें जिससे लोग एक-दूसरे से मिल कर रहें। नफरत को भूल जाएं। जिससे पूरा देश और दुनिया अयोध्या के लोगों को याद करे।

– **इकबाल अंसारी**, बाबरी मस्जिद विवाद के मुद्दई।



"6 दिसंबर को लेकर सुरक्षा के इंतजाम किए गए है। परिसर की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ मंथन किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखते हुए दर्शन चलेगा। अब कहीं कोई विवाद नहीं। – **डॉ. अनिल मिश्रा**, सदस्य श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट।

# पांचों पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई को भेजी गयी रिपोर्ट

- पीजीआई में फर्जी दस्तावेज पर चार्जशीट दाखिल करने में दर्ज हुई थी एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** पीजीआई थाने में पांच पुलिसकर्मियों पर फर्जीवाड़ा व पद के दुरुपयोग करने की एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेज दी गई है। चार पुलिसकर्मी बहराइच और एक लखनऊ पुलिस लाइन में तैनात है। बंथरा थाने में तैनात दरोगा संतोष कुमार ने 30 दिसंबर 2020 को टीम के साथ जुनाबगंज चौराहे के पास एक हाते में छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान दो आरोपितों बंथरा के विकास गुप्ता और दर्शन लाल को पकड़ा गया था। रिपोर्ट में इन दोनों पास से 42 हजार रुपये की सरिया बरामद दिखाई गई थी। इस मामले में लालता सिंह, कौशलेंद्र उर्फ प्रिंस, सतीश सिंह उर्फ रिशू सिंह और कल्लू गुप्ता को भी आरोपित बनाया गया था। बाद में जांच कृष्णानगर पुलिस को दी गई थी। कृष्णानगर पुलिस ने लालता सिंह और कल्लू गुप्ता को जेल भेल दिया था।

### निलंबन के साथ विभागीय जांच भी होगी

शासन ने एंटी करप्शन की जांच रिपोर्ट का पर्यवेक्षण किया। इसके बाद सभी पांचों पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिए हैं। तत्कालीन बंथरा इंस्पेक्टर प्रहलाद सिंह, वादी दरोगा संतोष कुमार थे। इस मामले की जांच बंथरा थाने से की गई। जांच अधिकारी दरोगा राजेश कुमार और दिनेश कुमार थे। चारों की तैनाती बहराइच में है। वहीं, शिकायत के बाद मामले को कृष्णानगर थाना स्थानांतरित कर दिया गया। जहां जांच दरोगा आलोक कुमार श्रीवास्तव ने की थी। वह वर्तमान में लखनऊ पुलिस लाइन में तैनात हैं। एंटी करप्शन में तैनात इंस्पेक्टर नुरुलहुदा खान की जांच में सामने आया कि कागजों में फर्जीवाड़ा करके हकीकत को झूठा साबित करने का प्रयास किया। इतना ही नहीं अदालत में भी अशुद्ध और अप्रमाणित दस्तावेज दाखिल कर दिए।



रॉयल इंटरनेशनल स्कूल में खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते प्रो. पीके सिंह एवं डॉ. एसपी सिंह।

## वार्षिक खेल में रमन हाउस ओवरऑल चैंपियन

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** रॉयल इंटरनेशनल स्कूल शाहपुर नौबस्ता में दो दिवसीय खेल महोत्सव में रमन हाउस ओवर ऑल चैंपियन रहा। शुक्रवार को पुरस्कार वितरण के साथ खेल उत्सव का समापन हुआ। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में मानवी यादव प्रथम,काव्या मौर्या द्वितीय,महक तृतीय रहीं। भाला फेंक बालक वर्ग में सक्षम बौद्ध प्रथम,उत्कर्ष द्वितीय, अम्मार तृतीय रहे। लंबी कूद में कमल प्रथम,ऋषभ द्वितीय,आशीष प्रकाश तृतीय रहे। रमन हाउस 50 अंकों के साथ प्रथम,49 अंक पाकर आजाद हाउस द्वितीय एवं 45 अंक पाकर तिलक हाउस तृतीय रहा। बालक वर्ग में रत्नेश यादव, बालिका वर्ग में पलक शुक्ला व अनामिका पटेल के नाम व्यक्तिगत चैंपियनशिप रही। मुख्य अतिथि एमडीपीजी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि पीबीपीजी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शिव प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रबंधक संजय सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रिंसिपल दीपा सिंह ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट रखी। प्रसून सिंह, घनश्याम शुक्ला, सेजल, उमा विश्वकर्मा, शिवम, श्रद्धा, आरती, रैना, प्रीति निर्णायक रहे। संचालन राम अवध यादव व निशा सिंह ने किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर के पास मिला चाट विक्रेता का शव

**कोहड़ौर, प्रतापगढ़ :** कोहड़ौर थाना क्षेत्र के अतरसंड केवटइया के रहने वाले 35 वर्षीय संजय सरोज लखनऊ में चाट की दुकान लगाते थे। वह दो दिन पहले घर आये और गुरुवार शाम मदाफरपुर में मेला देखने पहुंच गए। शाम को मेले से गांव के ही धर्मेंद्र के साथ घर जा रहे थे। गांव के बाहर ही वह उसकी बाइक से उतर गया। परिजन रात में उनकी तलाश करने लगे लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। शुक्रवार को शव गांव के बाहर खेत में पाया गया।






# आखिर क्यों नहीं भर पा रहे हैं एआरपी के पद

मार्कण्डेय पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचारः** शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) का चयन किया जाना है। प्रत्येक ब्लाक में 5 एआरपी का चयन किया जाएगा। लेकिन कई बार तिथि बढ़ाने के बाद भी इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। स्कूली शिक्षा महानिदेशालय की ओर से सभी जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि पारदर्शी चयन प्रक्रिया अपनाकर निर्धारित समयसीमा में यह कार्य पूरा किया जाए। इसके बावजूद प्रदेश भर में 1,375 पद खाली पड़े हैं। राजधानी लखनऊ की बात करें तो कई बार तिथि बढ़ाने के बाद भी एआरपी आवेदन करने में रुचि नहीं ले रहे हैं। एआरपी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रताप शाही कहते हैं "एआरपी से विभिन्न गैर शैक्षणिक कार्य कराने की वजह से शिक्षक आवेदन करने में रुचि नहीं लेते हैं। कुछ अधिकारी विभागीय कार्यों को कराने का दबाव डालते हैं जिससे विभिन्न जिलों से एआरपी व अफसरों के बीच आपसी टकराव की खबरें भी आती हैं।

> प्रदेश में एआरपी एसो. का गठन हो गया है जो एआरपी के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। इच्छुक शिक्षकों को एआरपी पद हेतु आवेदन करना चाहिए और इस पद पर रहते हुए बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता के साथ शैक्षणिक सुधार में योगदान प्रदान करना चाहिए।
>
> –हरिशंकर राठौर, एआरपी जिलाध्यक्ष, लखनऊ

## मांगों को लेकर गरजे पंचायत सचिव, सौंपा मांग पत्र

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** प्रदेश के ग्राम पंचायत अधिकारी संघ और ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के आवाह्न पर शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालयों पर ग्राम पंचायत सचिवों ने धरना प्रदर्शन किया। लालगंज में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष अक्षय प्रताप सिंह की अगुवाई में पंचायत सचिवों ने हाथ में काली पटटी बांधकर विरोध जताया। संघ के अध्यक्ष ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली, बढ़ते गैर विभागीय कार्यभार एवं संसाधनों की कमी से सचिव कार्य करने में असहज बने हुए हैं। पंचायत सचिव का कार्य फील्ड पर आधारित है। एक पंचायत सचिव के पास एक से अधिक ग्राम पंचायत का कार्यभार भी होता है। ऐसे में आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना व्यवहारिक रूप से संभव नही बन पा रहा है। सम्बन्धित मांगपत्र बीडीओ मानवेन्द्र शर्मा को सौंपा। इस मौके पर श्रेयस्कर पांडेय,शोभनाथ,कृष्ण मुरारी जायसवाल,प्रभात कुमार मिश्र, आत्माराम मौर्य,विपिन कुमार सिंह,रेनू यादव,विमल कुमार, धर्मेन्द्र पटेल समेत पंचायत सचिव मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि 26.12.2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01292025 दिनांक 04.12.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 28-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | पूरे माघ मेला –2026 के लिए पीआरजी, पीएफएम और पीवाईजीएस में यात्रियों और कर्मचारियों के लिए सुविधा केंद्र और शिविर तथा अन्य संबद्ध सुविधाओं जैसे बैरिकेडिंग, बिस्तर आदि के लिए अस्थायी बुनियादी ढांचे का प्रावधान का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 14503440.15 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 222500.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से तीन माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 12.12.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 26.12.2025, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3774/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पुलिस को मिली लापता हुईं तीनों किशोरियां

**रामनगर, बाराबंकीः** थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम बिछलखा से तीन किशोरियों के अचानक लापता होने के मामले में पुलिस व परिजनों ने तब राहत की सांस ली, ज़ब उनके मिलने की खबर सब तक पहुंची। जानकारी के अनुसार गांव निवासी रमेश की 16 वर्षीय पुत्री संतोषी, राकेश की 13 वर्षीय पुत्री क्रांति, तथा शिवकुमार की 12 वर्षीय पुत्री काजल गुरुवार शाम करीब 4 बजे गाँव के ही विपिन मौर्य के खेत में बथुआ का साग बीनने गई थीं। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन तीनों बालिकाओं का कोई पता नहीं चल सका। सूचना पाकर 112 पीआरवी पहुँची और उसके बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से पूछताछ की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जाँच शुरू कराई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने केस भी दर्ज कर लिया है। कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की गई। हालांकि देर शाम इनके मिल जाने की खबर से सबने राहत की सांस ली। सूत्रों ने लखीमपुर जिले में इनके मिलने की पुष्टि की हैं। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास त्रिपाठी ने बताया कि गायब किशोरिया मिल गई हैं। पुलिस उनको सुरक्षित घर पहुंचने की कार्रवाई कर रही है।

## सड़क हादसों में दो की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**देवा/मसौली/फतेहपुर, बाराबंकी :** गुरुवार देर शाम से शुक्रवार तक हुए अलग–अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। देवा–बाराबंकी रोड पर पीआरसी सिटी के सामने गुरुवार की देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। मिसदाह नवगढ़, जहाँगीर राज्य छत्तीसगढ़ के रहने वाले खुल्लू राम साहू, जो पीआर सिटी में कपिल क्रिएटिव इंडिया इंफ्रा कॉन्ट्रेक्स की ओर से मजदूर के रूप में काम करता था, पैदल जा रहा था। तभी एक अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में उसे टक्कर मार दी। उपनिरीक्षक सुमित वर्मा मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी देवा भेजवाया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मसौली थाना क्षेत्र में ग्राम अनूपगंज निवासी राधे यादव (55) पुत्र स्व. नारायण यादव गुरुवार शाम करीब पांच बजे जैदपुर की ओर जा रहे थे। नूर इंटर कॉलेज के पास उनकी बाइक में पिकअप ने टक्कर मार दी।

## यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों को लेकर आईं 68 आपत्तियां

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा के लिए प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों को लेकर आपत्ति का समय समाप्त हो गया। इस दौरान कुल 68 आपत्तियां जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को प्राप्त हुई हैं। जिनके निस्तारण की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। बता दें कि बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में कुल 111 परीक्षा केन्द्रों का नाम प्रस्तावित किया गया था।


**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना सं.: 223/2025

**रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु निम्नलिखित **विशेष गाड़ियों** का संचलन निम्नवत किया जायेगाः–

**गाड़ी सं. 05587/05588**
**गोरखपुर–लोकमान्य तिलक (ट.)–गोरखपुर विशेष गाड़ी**

गाड़ी सं. 05587 गोरखपुर से रविवार को दिनांक 07-12-2025 = 01 ट्रिप
गाड़ी सं. 05588 लोकमान्य तिलक (ट.) से मंगलवार को दिनांक 09-12-2025 = 01 ट्रिप

| 05587 गोरखपुर–लोकमान्य तिलक (ट.) | | स्टेशन | 05588 लोकमान्य तिलक (ट.)–गोरखपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:25 | गोरखपुर | 20:15 | -- |
| 00:30 | 00:32 | बस्ती | 19:00 | 19:02 |
| 01:55 | 02:00 | गोण्डा | 17:20 | 17:25 |
| 04:25 | 04:35 | गोमती नगर | 14:45 | 14:55 |
| 05:05 | 05:10 | बादशाह नगर | 14:10 | 14:12 |
| 05:40 | 05:55 | ऐशबाग | 13:35 | 13:45 |
| 07:45 | 07:55 | कानपुर सेन्ट्रल | 11:55 | 12:05 |
| 10:18 | 10:20 | उरई | 08:05 | 08:07 |
| 13:15 | 13:20 | वीरांगना लक्ष्मी बाई जं. | 06:50 | 06:55 |
| 16:30 | 16:40 | बीना | 04:40 | 04:50 |
| 19:20 | 19:25 | रानी कमलापति | 02:35 | 02:40 |
| 21:02 | 21:12 | इटारसी | 00:15 | 00:25 |
| 23:40 | 23:42 | खण्डवा | 21:35 | 21:40 |
| 01:40 | 01:45 | भुसावल | 18:45 | 18:50 |
| 05:13 | 05:15 | नासिक रोड | 14:40 | 14:42 |
| 06:25 | 06:35 | इगतपुरी | 14:00 | 14:10 |
| 08:05 | 08:08 | कल्याण | 11:42 | 11:45 |
| 09:00 | -- | लोकमान्य तिलक (ट.) | -- | 11:00 |

रेक संरचनाः जनरेटर सह लगेज यान-01, पैन्ट्री कार-01(बन्द), शयनयान-04, वातानुकुलित तृतीय-08, वातानुकुलित द्वितीय-02, वातानुकुलित प्रथम-01, सामान्य द्वितीय श्रेणी-04, एलएसएलआरडी-01=कुल 22 कोच।

**गाड़ी सं. 05591/05592**
**गोरखपुर–आनन्द विहार (ट.)–गोरखपुर विशेष गाड़ी**

गाड़ी सं. 05591 गोरखपुर से रविवार एवं सोमवार को दिनांक 07-12-2025 एवं 08-12-2025 = 02 ट्रिप
गाड़ी सं. 05592 आनन्द विहार (ट.) से सोमवार एवं मंगलवार को दिनांक 08-12-2025 एवं 09-12-2025 = 02 ट्रिप

| 05591 गोरखपुर–आनन्द विहार (ट.) | | स्टेशन | 05592 आनन्द विहार (ट.)–गोरखपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 18:00 | गोरखपुर | 23:45 | – |
| 18:38 | 18:40 | खलीलाबाद | 22:55 | 22:57 |
| 19:20 | 19:22 | बस्ती | 22:20 | 22:22 |
| 20:25 | 20:30 | गोण्डा | 21:05 | 21:10 |
| 22:05 | 22:07 | बुढ़वल | 19:30 | 19:32 |
| 23:45 | 23:55 | सीतापुर | 17:40 | 17:50 |
| 01:25 | 01:27 | शाहजहाँपुर | 16:08 | 16:10 |
| 02:45 | 02:50 | बरेली | 14:45 | 14:47 |
| 04:20 | 04:30 | मुरादाबाद | 12:50 | 13:00 |
| 06:45 | 06:50 | गाजियाबाद | 10:30 | 10:32 |
| 07:30 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 10:00 |

रेक संरचनाः जनरेटर सह लगेज यान-02, वातानुकुलित तृतीय-20=कुल 22 कोच।

मुजाधि/टी–81 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**महात्मा बुद्ध लोक कल्याण एवं ग्राम्य विकास संस्थान**
गौरी रोड,बिजनौर,लखनऊ अल्पसंख्यक संस्थान

डी.एल.एड.(बी०टी०सी०) कालेज कोड–290046

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि | 24.11.2025 |
| 2. | ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 15.12.2025 |
| 3. | ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | 16.12.2025 |
| 4. | पूर्ण आवेदन के प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि | 18.12.2025 |

ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य एवं विचारणीय नहीं होगें।

प्रवेश हेतु संपर्क करें मो0– 9565828888,9451077741

वेबसाइट– mblkgs.org पर Registration करें। नोट– आरक्षित अभ्यार्थियों हेतु विशेष छूट



## न्यूज ब्रीफ

### नेशनल स्कूल गेम्स में रीतू फील्ड ऑफिसर नियुक्त



**बाराबंकी, अमृत विचार :** व्यायाम शिक्षिका रीतू पाठक ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। बलिया में आयोजित 69वें नेशनल स्कूल गेम्स टूर्नामेंट में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने उन्हें कुश्ती प्रतियोगिता के लिए फील्ड ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया। रीतू पाठक इससे पहले भी कई राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विद्यालयी प्रतियोगिताओं में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए सफल आयोजन में अपना उत्कृष्ट योगदान दे चुकी हैं। वह सीनियर नेशनल खो-खो खिलाड़ी रही हैं तथा नॉर्थ जोन यूनिवर्सिटी में चार बार प्रतिभाग कर चुकी हैं। रीतू पाठक की इस उपलब्धि पर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और शिक्षकों-शिक्षिकाओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई, तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी7

### रास्ते में रोककर पिटाई का लगाया आरोप

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के चिलूला गांव निवासी अभय सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गुरुवार की रात वह बाइक से पोखरा कस्बा था रहा था। रास्ते में पोखरा नहर पुल पर पहले से मौजूद थाना क्षेत्र के ही रामपुर गांव निवासी प्रदीप वर्मा, सदाशिव, संतोष एवं सुरेन्द्र वर्मा ने उसे रोककर अभद्रता की। आरोप लगाया कि उसकी पिटाई कर दी गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

### घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के लालूपुर मजरे कितूरी गांव के 49 वर्षीय वेद प्रकाश कुछ दिन पहले सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए थे, की शुक्रवार सुबह मौत हो गई। परिजन उन्हे लेकर जैसे ही सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचे, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें कि एक दिसंबर को वेद प्रकाश गदिया मोड़ पर ऑटो से उतर रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# एसआरएमयू : हंगामे में बदला एडवांस फीस का विवाद

## हुई धक्का-मुक्की, विवाद जस-का-तस, कुलपति ने छात्र-छात्राओं को दी 10 दिसंबर तक की मोहलत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



छात्रों को आश्वासन देते कुलपति। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एसआरएमयू में एडवांस फीस को लेकर चल रहा विवाद हंगामे में बदल गया। शुक्रवार को नारेबाजी हुई तो यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से धक्कमुक्की भी। यहां तक हालात पर काबू के लिए बाउंसर बुलाए गए। इस बीच प्रशासनिक व पुलिस अफसरों की मौजूदगी में कुलपति ने 10 दिसंबर तक मौका देकर भले ही दो ऑफर दिए हों पर न विवाद थमा है और न ही मुद्दा हल हुआ। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने छात्रों की कम अटेंडेंस का नया पेच भी मामले में जोड़ दिया।

गुरुवार को एडवांस फीस जमा करने को लेकर शुरू हुआ विवाद दूसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हंगामा किया। इस बीच धक्का-मुक्की भी हुई। छात्र-छात्राओं ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर फीस व कम अटेंडेंस के नाम पर मनमानी का आरोप मढ़ा, बताया कि फाइन पर फाइन लिया जा रहा। जो परीक्षा हुई ही नहीं, उसकी फीस एडवांस जमा कराना नियम विपरीत है। छात्र छात्राएं अपनी बात कहना चाहें तो सुनने को एचओडी, रजिस्ट्रार, डीन, सब रजिस्ट्रार से लेकर कोई तैयार नहीं। छात्र सौभाग्य तिवारी ने बताया कि उसकी उपस्थिति 77 प्रतिशत है, फिर भी उसे एडमिट कार्ड नहीं दिया गया। यशिमत, सौम्या आदि ने बताया कि कॉलेज ने बाउंसर बुला रखे हैं जो छात्रों से मारपीट कर रहे। शुक्रवार को दिनभर हुआ हंगामा व विवाद बढ़ता देख कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी को आना पड़ा। छात्रों के समक्ष कुलपति आए और कहा कि 10 दिसंबर तक का मौका दिया जा रहा। बकाया फीस जमा करने पर जिनकी परीक्षा 10 से पहले है उन्हें एडमिट कार्ड से छूट रहेगी और जिनकी बाद में है, उन्हे कार्ड जारी कर दिया जाएगा। इस दौरान सीओ सिटी संगम कुमार, तहसीलदार भूपेन्द्र विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे। रजिस्ट्रार नीरजा जिंदल ने बताया कि कई अभिभावकों ने फीस दे दी है पर बच्चों ने जमा नहीं की। कई बच्चों की अटेंडेंस भी 30-34 प्रतिशत ही है। यूनिवर्सिटी में सिस्टम जेनरेटेड है, उसी के तहत काम हो रहा है। हालांकि नीरजा जिंदल ने गुरुवार को महज दो शिकायतें आने की बात कही थी। लेकिन रजिस्ट्रार ने शुक्रवार को माना कि यूनिवर्सिटी की तरफ से जारी शर्तों का फार्म सैकड़ों बच्चों में बांटे गए हैं। जिसपर छात्र हस्ताक्षर करके देंगे, तभी यूनिवर्सिटी प्रशासन उनकी बात मानेगा।

# शादी में चाची-भतीजी से छेड़छाड़, लहराया असलहा

**बाराबंकी: अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में चाची भतीजी के पीछे पड़े एक शोहदे ने इनका स्कूल जाना दूभर कर दिया। हद तो यह कि शादी में दोनों का पीछा करते गए शोहदे ने विरोध करने पर सरेआम असलहा लहराते हुए धमकी दे डाली।

थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा ने पुलिस को बताया कि गांव का ही युवक आलोक कुमार वर्मा आए दिन उसके साथ तथा उसकी भतीजी के साथ रास्ते में छेड़छाड़ करता है। छात्रा के अनुसार युवक गांव में कहीं भी मिल जाता है, तो भद्दी-भद्दी टिप्पणी करता है और अश्लील बातें करता है। बताया कि 1 दिसंबर की रात वह दोनों शादी समारोह में गई थीं। तभी आरोपी आलोक वर्मा मौके पर पहुंचा और दोनों को देखकर अभद्र टिप्पणी करने लगा। विरोध करने पर युवक ने अवैध असलहा लहराते हुए गालियां देनी शुरू कर दीं। आरोपी की हरकतों और धमकियों के कारण उसका और उसकी भतीजी का स्कूल जाना कठिन हो गया है। परिजनों द्वारा आरोपी के घर शिकायत करने पर उसके घरवालों ने भी उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। फतेहपुर कोतवाली में दी गई तहरीर में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बहन 4 दिसम्बर को खेत जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही आयुष ने उसका रास्ता रोककर अपना मोबाइल नंबर देते हुए चोरी-छिपे बातचीत करने की बात कही। बहन द्वारा घटना की जानकारी घर पर देने के बाद राममनोरथ शिकायत करने विपक्षी के घर पहुंचे। आरोप है कि तभी आयुष तथा उसके साथ गोकरन पुत्र नवमी लाल ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा। ● अमृत विचार

### भाजपा जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** साईं पीजी कॉलेज में शुक्रवार को नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष भुल्लन वर्मा का स्वागत किया गया। विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा सहित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष का सम्मान किया। विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि जिलाध्यक्ष भुल्लन वर्मा के मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री शील रत्न मिहिर, विपिन सिंह राठौर, अंशुमान मिश्र, डॉ. अंजू चंद्रा, रंजीत लोधी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सभी मतदेय स्थलों पर विशेष कैंप कल

**बाराबंकी: अमृत विचार :** डीएम शशांक त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों में बीएलओ उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं ने अभी तक गणना पत्रक (फॉर्म) जमा नहीं किया है, वे इस विशेष कैंप में अपने बूथ स्तर अधिकारी को प्रपत्र उपलब्ध कराएं। कैंपों की प्रभावी निगरानी के लिए अधिकारी भी क्षेत्र में भ्रमण करेंगे।

# सीआरएस ने ट्रैक व सिग्नलिंग का किया निरीक्षण

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बुढ़वल से घाघरा घाट के बीच नई तैयार की गई तीसरी रेल लाइन का शुक्रवार को रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर परिमंडल प्रणजीव सक्सेना ने बारीकी से निरीक्षण किया।

उन्होंने पूरी लाइन पर गति, संतुलन, सिग्नलिंग, ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) और सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लाइन ट्रेन संचालन के लिए पूरी तरह सुरक्षित है या नहीं। निरीक्षण के दौरान रेलवे के बिजली विभाग के मंडलीय अभियंता, ट्रैक इंजीनियर, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के तकनीकी अधिकारी, निर्माण इकाई के प्रतिनिधि और अन्य आवश्यक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से आरपीएफ बुढ़वल के इंस्पेक्टर रवि कुमार अपनी टीम के साथ तैनात रहे। प्रणजीव सक्सेना ने निरीक्षण के दौरान घाघरा घाट, चौकाघाट और बुढ़वल रेलवे स्टेशनों पर यार्ड प्लान, स्टेशन वर्किंग रूल, प्लेटफार्म क्लियरेंस, पॉइंट क्रॉसिंग, सिग्नलिंग, बैटरी और रिले रूम सहित सभी सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह भी परखा कि नई लाइन पर ट्रेन निर्धारित गति से सुरक्षित रूप से चल सकती है या नहीं। आरपीएफ बुढ़वल इंचार्ज रवि कुमार ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट के बाद मिली कमियों को दुरुस्त कराने के बाद तीसरी लाइन को ट्रेनों के नियमित संचालन के लिए अनुमति दी जाएगी। यह लाइन चालू होने से बुढ़वल से गोंडा-गोरखपुर रूट पर ट्रेनों का दबाव कम होगा और यातायात संचालन अधिक सुगम, सुरक्षित व समयबद्ध हो सकेगा।



निरीक्षण करते रेल संरक्षा आयुक्त।

## लापता वृद्ध का शव तालाब में मिला

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** चार दिन पूर्व वैवाहिक समारोह से लापता वृद्ध का शव तालाब में उतराता मिला। सीतापुर के थाना सकरन क्षेत्र में तारापारा गांव के रहने वाले आर्गन (60) पुत्र विशेषर गत 30 नवंबर को सगे साले के बेटे की शादी में घुंघटेर कस्बा आए थे। रात में बारात पंचायत भवन में ठहरी थी। इसी बीच वृद्ध आर्गन अचानक गायब हो गए तो परिजनों ने तलाश शुरू की लेकिन कोई पता नहीं लग सका। मृतक के भतीजे ने अजय ने घुंघटेर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज करा दी। शुक्रवार दोपहर गांव स्थित तालाब में वृद्ध का शव पानी में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाला।

# पांच अंतरजनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** स्वाट, सर्विलांस टीम व थाना जैदपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने पांच अन्तरजनपदीय शातिर चोरों को चोरी की योजना बनाते समय धर दबोचा। इनके पास से चोरी के जेवर, बाइक, तमंचा आदि बरामद किया गया है।

गिरफ्तारी बाईपास तिराहे के पास, जैदपुर धर्मकांटा के सामने की गई। पुलिस ने मौके से चोरी के जेवरात, नकदी, मोबाइल, घटना में प्रयुक्त 3 मोटरसाइकिल, एक तमंचा व अन्य चोरी के उपकरण बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों में सुभाष चौहान, रंजीत गुप्ता, रौनक वर्मा उर्फ सार्थक, विशाल उर्फ छोटू हैं। सभी आरोपी एक संगठित चोरी गैंग के सदस्य हैं, जो अपने साथी वसीम निवासी पाण्डेयपुरवा, थाना शिवरतनगंज, अमेठी के साथ मिलकर बाराबंकी व आसपास के जिलों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। आरोपियों ने बंद पड़े घरों को पहले चिन्हित कर चोरी की घटनाएं कीं। इन चोरों के जरिए कमल विहार कॉलोनी थाना कोतवाली नगर, ग्राम सुरसण्डा, थाना मसौली, लखनऊ के गोसाईगंज, मोहनलालगंज, बिजनौर आदि थाना क्षेत्रों में कई घरों में चोरी का खुलासा हुआ।

## लाखों के जेवर लेकर लापता हुई विवाहिता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** असंद्रा थाना क्षेत्र में एक विवाहिता लाखों के जेवर लेकर पति के घर से अचानक गायब हो गई। यह पता चलने पर कि वह मायके भी नहीं गई, पति ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक गांव के रहने वाले युवक ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी लगभग एक वर्ष पूर्व हुई थी। 3 दिसंबर की शाम घर पर उस समय केवल उसकी पत्नी मौजूद थी। इसी दौरान उसकी पत्नी घर से लगभग 6 लाख 50 हजार के जेवर और कपड़े लेकर गायब हो गई। जब वह घर पहुंचा तो पत्नी को न पाकर उसने मायके पक्ष से जानकारी ली, लेकिन वहां भी उसके पहुंचने की पुष्टि नहीं हुई।

## कंपनी के पूर्व निदेशक समेत 9 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**बाराबंकी: अमृत विचार :** इंफ्राटेक कंपनी से हटने के बावजूद पूर्व निदेशक ने साथियों संग मिलकर न सिर्फ जमीनों का फर्जी बैनामा कराने का प्रयास किया बल्कि जमीन कब्जाने की कोशिश भी की। वर्तमान निदेशक की तहरीर पर पूर्व निदेशक समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गोरखपुर में दक्षिण काली मंदिर के निकट रहने वाले संजीत श्रीवास्तव डायरेक्टर मंगीरिश इंफ्राटेक ने पुलिस को बताया कि आरोपी अम्बरीश चन्द्र व बागीश चन्द्र श्रीवास्तव, आरएन राय आदि ने साजिश कर कम्पनी की भूमि हड़पने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए। बताया कि अम्बरीश श्रीवास्तव वर्ष 2017 में लाभांश लेकर कम्पनी से त्यागपत्र दे चुके हैं। इसके बावजूद आरोपियों ने 30 जनवरी 2024 को कम्पनी की जमीन का फर्जी अनुबंध और 6 मई 2024 को ग्राम शुक्लाई स्थित जमीन का फर्जी बैनामा तैयार कराया। फर्जीवाड़े का खुलासा नकल निकालने पर हुआ। विरोध करने पर आरोपियों ने न केवल कागजात निरस्त करने से इंकार किया, बल्कि एक और अवैध बैनामा भी कर दिया।

# सचिवों का विरोध-प्रदर्शन जारी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न विकासखंडों में ग्राम पंचायत सचिवों का विरोध लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली, बढ़ते गैर-विभागीय कार्यभार और कम वाहन भत्तों के खिलाफ काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और कार्य बहिष्कार किया।

सूरतगंज ब्लॉक में सचिवों का सांकेतिक सत्याग्रह अध्यक्ष पुष्पा मिश्रा की उपस्थिति में जारी रहा। सचिवों ने ज्ञापन खंड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह को सौंपा। सिरौलीगौसपुर में ग्राम विकास एवं ग्राम पंचायत सचिवों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और कार्य बहिष्कार किया। उन्होंने मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन बीडीओ के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजा। ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप वर्मा ने बताया कि सचिवों का विरोध ऑनलाइन हाजिरी को ग्राम पंचायत स्तर पर लागू करने और वाहन भत्ते में कटौती के खिलाफ है। रामसनेहीघाट में बनीकोडर खंड विकास कार्यालय में सचिवों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना दिया। प्रमुख मांगों में ऑनलाइन उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त करना, गैर-विभागीय कार्यों से मुक्ति और कार्यप्रणाली में सुधार शामिल हैं।



सिरौलीगौसपुर बीडीओ को ज्ञापन सौंपते सचिव। ● अमृत विचार



सैक रेस में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

### स्पोर्ट्स मीट के पांचवें दिन छात्रों ने दिखाया दमखम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा आयोजित आठवीं स्पोर्ट्समीट उड़ान के पांचवे दिन शुक्रवार को बच्चों ने खेल और प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्लेग्रुप, एलकेजी और यूकेजी में टेडी बियर रिले रेस आयोजित हुई, वहीं कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों ने डांस, गायन, स्पीच, अंग्रेजी और हिंदी कविता, कलरिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सत्य प्रेमी नगर शाखा और बंकी ब्रांच में हाउसेस कैरम प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। सत्य प्रेमी नगर शाखा में कक्षा पहली में सैक रेस में हसनैन किदवई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा दूसरी में नील माधव और अनिका ने गायन प्रतियोगिता में क्रमश: प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया।

## सिटी डायरी



संसद में मुद्दा उठाते सांसद तनुज पुनिया। अमृत विचार

### लालगंज-बाराबंकी मार्ग को फोर लेन में शामिल करने की मांग

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सांसद तनुज पुनिया ने बांदा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग फोर लेन परियोजना में लालगंज-बाराबंकी खंड को शामिल करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रस्ताव में बांदा-लालगंज और बाराबंकी-बहराइच खंडों को फोर लेन में विकसित किए जाने की योजना है तथा इनकी डीपीआर भी तैयार कराई जा रही है, लेकिन लगभग 110 किमी के लालगंज-बाराबंकी खंड को प्रस्ताव से बाहर रखा गया है। सांसद पुनिया ने बताया कि इस मार्ग पर वाहनों का अत्यधिक दबाव है, जिसके चलते बाराबंकी, खासकर हैदरगढ़ क्षेत्र में यातायात व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है। यह मार्ग औद्योगिक गतिविधियों, खनिज परिवहन, कृषि विपणन और पर्यटकों के आवागमन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए इसका फोर लेन बनाया जाना आवश्यक है।



जानकारी देते प्रबंधक राजकुमार शर्मा। अमृत विचार

### निरीक्षण अभियान हुआ सम्पन्न

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में 3 दिसंबर से जारी निरीक्षण अभियान सम्पन्न हो गया। निरीक्षण अवधि के दौरान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामसनेहीघाट के प्रबंधक राजकुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। निरीक्षण टीम ने प्रबंध समिति और आचार्य परिवार के साथ विस्तृत बैठक कर विद्यालय विकास के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की। बैठक में शिक्षण व्यवस्था, अनुशासन, शैक्षिक वातावरण, और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। टीम ने सदस्यों से सुझाव आमंत्रित कर संयुक्त रूप से एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार की, ताकि वर्तमान शैक्षिक सत्र में विद्यालय दोबारा प्रदेश की उत्कृष्ट संस्थाओं में शामिल हो सके।



गौशाला का निरीक्षण करते बीडीओ। अमृत विचार

### गौशालाओं में मिली खामियों पर बीडीओ ने लगाई फटकार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** बनीकोडर खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) डॉ. विनय कुमार मिश्र ने शुक्रवार को क्षेत्र की दो गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों पर उन्होंने जिम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाते हुए तुरंत सुधार करने के निर्देश दिए। बीडीओ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि गौशालाओं में पशुओं की उपेक्षा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सकतपुर गौशाला में जहां सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, वहीं कई जरूरी सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश मौके पर ही दे दिए गए।



प्रदर्शन करते कोटेदार। अमृत विचार

### कोटेदारों का प्रदर्शन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोटेदारों ने शासन से खाद्यान्न एवं चीनी पर मिलने वाला लाभांश बढ़ाने और न्यूनतम इंसेंटिव गारंटी लागू करने की मांग तेज कर दी है। इसी क्रम में शुक्रवार को धरना-प्रदर्शन कर जिला पूर्ति अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित मांग पत्र सौंपा गया। जिलाध्यक्ष विजय पाल गौतम ने कहा कि कोटेदार लंबे समय से राशन वितरण की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन वर्तमान में मिलने वाला लाभांश आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है।

**गोरखधंधा**

## मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण में मरीजों ने दिया बयान, दो डॉक्टरों की जांच शुरू

# आयुष्मान कार्ड धारकों से पांच हजार की वसूली का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में आपरेशन के नाम पर मरीजों से हो रही कथित वसूली की शिकायतों के मद्देनजर शुक्रवार को सीडीओ अ. सुदन ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मरीजों ने बताया कि उनके पास आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद भी पांच-पांच हजार रुपये वसूले गए। वहीं, ओटी में उपकरण होने के बावजूद बाहर से मंगवाए जाने का भी आरोप लगाया गया।

मरीजों ने बताया कि चिकित्सक खुद पैसे नहीं लेते, लेकिन उनके साथ रहने वाले निजी कर्मचारी तीमारदारों से रुपये जमा करने का दबाव डालते हैं। सीडीओ ने दोनों चिकित्सक और संबंधित निजी कर्मचारियों को कार्यालय में तलब कर बयान लिए। सीडीओ ने बताया कि उन्हें मरीजों से मिली शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। दो डॉक्टरों रोहित प्रसाद और मनोज आर्या से जुड़े मामलों की जांच की जा रही है। विशेष रूप से डॉ. रोहित प्रसाद के निजी कर्मचारी अभिषेक श्रीवास्तव पर कार्रवाई के संकेत मिल रहे हैं। सीडीओ ने सीएमएस जयप्रकाश मौर्य से यह भी पूछा कि क्या ऑपरेशन के लिए जरूरी उपकरणों की खरीद मरीज से कराई जा सकती है। इसके जवाब के बाद आगे कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी। सीडीओ ने अस्पताल के सभी वार्डों का निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों से चिकित्सक की उपस्थिति, दवा और इलाज की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। एक मरीज ने दवा न मिलने की शिकायत की, जिसे सीएमएस ने तुरंत जांच कर संतोषजनक समाधान किया। मरीजों ने आरोप लगाया कि चिकित्सक की बजाय उनके सहयोगी वार्ड में आते हैं और बाहर से दवाएं लिखी जाती हैं। सीडीओ ने कहा कि सभी मामलों जांच की जाएगी। दोषियों पर कार्रवाई होगी।



जिला अस्पताल का निरीक्षण करते सीडीओ अ. सुदन। ● अमृत विचार

### होगी कार्रवाई

आयुष्मान कार्ड के बावजूद मरीजों से आपरेशन के नाम पर पांच-पांच हजार रुपये लिए जाने की शिकायत मिली थी। जांच में मरीजों ने अपने बयान दिए हैं। चिकित्सक रोहित प्रसाद, मनोज आर्य व अभिषेक को कार्यालय में तलब कर बयान लिए गए हैं। सीएमएस से भी रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने केबाद कार्रवाई की संस्तुति होगी।

-अ. सुदन, सीडीओ।

न्यूज ब्रीफ

### आज 7 घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**शुक्लागंज।** री-वैम्प योजना के तहत शनिवार को नगर के कई इलाकों में करीब 7 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत वितरण खंड-मगरवारा गोकुल बाबा के अधिशाषी अभियंता के अनुसार गांधीनगर, निषाद मार्केट और अम्बेडकर चौराहा के पास डेब् बॉक्स लगाने का कार्य प्रस्तावित है। इसी कारण 33/11 केवी उपकेंद्र गोकुल बाबा से निर्गत 11 केवी शुक्लागंज फीडर नंबर-1 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रखा जाएगा। इसके चलते टाकीज वाली गली (गांधीनगर) के 630 केवीए वितरण परिवर्तक से जुड़े क्षेत्रों में भी विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है और असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

### मामा के घर से निकला किशोर हुआ लापता

**बांगरमऊ।** मामा के घर से लौट रहा 13 वर्षीय किशोर संदिग्ध हालत में लापता हो गया। हरदोई के हरपालपुर गांव निवासी अंशू (13) फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत परशुरामपुर गांव निवासी अपने मामा यशपाल सिंह पुत्र विजयपाल के यहां आया था। जहां से बीती 4 दिसंबर को वह अपने घर लौटने के लिए कोतवाली क्षेत्र के नानामऊ तिराहा से रोडवेज बस में बैठा था। लेकिन इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने हरदोई व उन्नाव निवासी रिश्तेदारों के यहां उसे तलाश किया लेकिन पता नहीं लगा। मामा की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तालाश शुरू की है।

### मामूली बात पर युवक का फोड़ा सिर

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सुखलाल खेड़ा गांव निवासी आशीष पुत्र हिमांचल के अनुसार गुरुवार रात वह धनइयां गांव एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। तभी धक्का-मुक्की होने पर देवारा निवासी सचिन व आशीष उससे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने बेल्ट से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गई और वह लहूलुहान हो गया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा और दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**शुक्लागंज।** एसपी जय प्रकाश सिंह के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत गंगाघाट पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी अजय सिंह के अनुसार दरोगा राजेन्द्र सिंह चौहान हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी रेलवे पुल के नीचे सीताराम कालोनी निवासी तौहीद संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास एक तमंचा व एक कारतूस मिला। पूछताछ में वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद पुलिस ने उसे मौके से पकड़ लिया। बरामदगी के आधार पर गंगाघाट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया।

### बिजली बिल राहत योजना के तहत घर-घर पहुंच रहे कर्मचारी

**शुक्लागंज।** विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि एक दिसंबर से योजना का पहला चरण शुरू हो चुका है। इसके तहत नगर के विभिन्न मोहल्लों में शिविर आयोजित कर उपभोक्ताओं को ब्याज माफी और मूलधन में छूट से जुड़ी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बार बिजली चोरी वाले उपभोक्ता भी योजना का लाभ ले सकेंगे। संविदा कर्मचारियों तथा टीजी-2 के नेतृत्व में कई टीमें बनाकर घर-घर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को गांधी नगर, पोनी रोड सहित कई क्षेत्रों में बकायेदारों को रसीदें देकर जल्द योजना का लाभ उठाने की अपील की गई। उपखंड अधिकारी ने कहा कि यह उपभोक्ताओं के लिए सुनहरा अवसर है, देरी करने पर नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### पूर्व सांसद के पुत्र के निधन से शोक की लहर

**शुक्लागंज।** उन्नाव लोकसभा से भाजपा के तीन बार सांसद रहे देवी बक्श सिंह के बड़े बेटे महावीर सिंह (लल्लन) का शुक्रवार सुबह बीमारी के चलते निधन हो गया। इसकी सूचना से नगर के गणमान्य लोगों, पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। महावीर सिंह काफी समय से श्वास संबंधी बीमारी से पीड़ित थे। हालत बिगड़ने पर शुक्रवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली।



महावीर सिंह (फाइल फोटो)

# ग्राम पंचायत व वीडीओ ने खुद को शासकीय व्हाट्सएप ग्रुप से हटाया

## मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा



खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देते ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी।



प्रदर्शन करते ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी।

संवाददाता, बांगरमऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** स्थानीय ब्लॉक के ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों ने विभिन्न मागों को लेकर शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन के दूसरे चरण में शुक्रवार को शासकीय व्हाट्सएप ग्रुप से खुद को हटा लिया। दोनों पदों की समन्वय समिति ने मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा।

समन्वय समिति द्वारा खंड विकास अधिकारी अनिल सिंह को दिये ज्ञापन में मांग की कि ग्राम पंचायत स्तर पर ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करने हेतु समुचित संसाधन की उपलब्धता व एकरूपता की व्यवहारिक उचित स्थिति मिलते तक ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी के लिए शासन द्वारा जारी उपस्थित प्रणाली तत्काल स्थगित की जाए। साथ ही संघ प्रतिनिधियों से वार्ता कर न्याय पूर्ण व तर्कसंगत व्यवस्था के तहत ज्ञापन में वर्णित अन्य सभी समस्याओं का व्यावहारिक समाधान निकाला जाए। जिससे ग्रामीण स्तर पर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन व पर्यवेक्षक और सचिवों की कार्य क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और कर्मचारियों की कार्य कुशलता, पारदर्शिता व निरंतरता बनी सके। ज्ञापन देने वालों में रणकेंद्र सिंह, पंचम लाल, जंग बहादुर, सुभाष चंद्र गौतम, आशीष कुमार, बृजेश कुमार, आनंद जी सुमन, विमल कुमार, रवीना व कुलदीप सहित सभी ग्राम पंचायत अधिकारी व वीडीओ शामिल रहे।

### ग्राम पंचायत व वीडीओ ने जारी रखा विरोध

**फतेहपुर चौरासी।** ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों को फेस अटेंडेंस की लागू व्यवस्था के खिलाफ नाराजगी जारी है। ब्लाक में एडीओ पंचायत हेमंत कुमार की अगुवाई में सभी ग्राम पंचायत अधिकारी संघ व ग्राम विकास अधिकारी संघ के तत्वावधान में बीडीओ श्वेता त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें बताया गया कि ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली सहित मूल विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्यों का विरोध किया जा रहा है। ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारियों ने बताया कि पंचायत सहायक और अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर की तरह काम लिया जा रहा है। साथ ही ऑनलाइन उपस्थिति सिस्टम लागू किए जाना न्यायहित में नहीं है।

### सफीपुर में भी काली पट्टी बांध किया गया विरोध

**सफीपुर, उन्नाव, अमृत विचार।** सफीपुर विकासखंड में पंचायत सचिवों द्वारा ऑनलाइन हाजिरी प्रणाली के विरोध में चल रहा सत्याग्रह आंदोलन लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। इसमें सचिवों ने कहा कि बिना पर्याप्त संसाधन व तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराए नया सिस्टम थोपना अनुचित है। इस विरोध के चलते सभी पंचायत सचिव काली पट्टी बांधकर कार्यालय पहुंचे और शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठ गए। समन्वय समिति के अध्यक्ष व पंचायत सचिव सिद्धांत वर्मा ने बताया कि शासन द्वारा फेशियल रिकॉग्निशन बेस्ड अटेंडेंस सिस्टम लागू किया जा रहा है। इसके तहत सचिवों को अपने निजी मोबाइल व सिम कार्ड से उपस्थिति दर्ज करानी होगी। सचिवों का कहना है कि यह व्यवस्था न केवल आर्थिक बोझ बढ़ाएगी बल्कि तकनीकी बाधाओं का सामना भी करना पड़ेगा। महामंत्री शुभम वर्मा ने कहा कि सचिव पहले से ही कई अतिरिक्त गैर-विभागीय कार्यों का दबाव झेल रहे हैं। ऐसे में तकनीकी रूप से जटिल व खर्चीली व्यवस्था लागू करना कर्मियों को परेशान करने जैसा है। कोषाध्यक्ष सर्वेश दीक्षित ने कहा कि पंचायत सचिवों पर पहले से ही अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। जिनमें फार्मर रजिस्ट्री, एग्रो स्टैक सर्वे, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, फैमिली आईडी, विभिन्न पेंशन सत्यापन, पराली प्रबंधन व ऑपरेशन कायाकल्प जैसी योजनाओं का काम शामिल है। सभी ने शासन से तकनीकी सुविधा उपलब्ध कराने व पुराना सिस्टम बहाल करने की मांग की।



विकासखंड परिसर सफीपुर में मांगों को लेकर धरना देते पंचायत सचिव।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई यूपी बोर्ड परीक्षा तैयारियों की समीक्षा बैठक

- 122 केंद्रों पर आईं 89 आपत्तियां
- 10 दिसंबर तक निस्तारण के निर्देश

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा के लिए बोर्ड से तय 122 केंद्रों पर 89 आपत्ति और सुझाव दर्ज कराए गए है। इनमें सेंटर की दूरी, नए सेंटर जोड़ने आदि आपत्तियां शामिल थीं। इनका निस्तारण 10 दिसंबर तक करके जिला स्तरीय समिति माध्यमिक शिक्षा परिषद को भेजेगी। डीएम ने बैठक में परीक्षा व्यवस्थाओं का पूरा ख्याल कर आपत्तियों का निस्तारण पादर्शिता व निष्पक्षता से करने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित होने वाली हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा को लेकर बैठक हुई। डीएम ने डीआईओएस से परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण, नकल विहीन व पारदर्शी ढंग से कराने को कहा। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के साथ इसकी मॉनिटरिंग जिम्मेदार अधिकारी से कराने को कहा। डीआईओएस ने बताया कि जिले में 122 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित हैं। इसमें 10 राजकीय, 50 अशासकीय सहायता प्राप्त व 62 वित्तविहीन विद्यालय हैं। हाईस्कूल में 39508 व इंटर में 32166 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे।



यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक करते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

### शार्टसर्किट से घर में लगी आग, लाखों का सामान स्वाहा

**उन्नाव, अमृत विचार।** घर में वायरिंग किये जाने के दौरान शॉर्टसर्किट से उठी चिंगारी से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे कीमती सामान जलकर खाक हो गया।

शहर के पूरन नगर मोहल्ला निवासी काजल पत्नी अनिकेत गौतम के घर पर वायरिंग हो रही थी। तभी शुक्रवार दोपहर बाद तार डालते समय मिस्त्री से कुछ गड़बड़ हुई जिससे फेस व न्यूटल आपस में टकरा गए। इससे शार्टसर्किट हुआ जिससे उठी चिंगारी ने देखते ही देखते घर को चपेट में ले लिया। लपटें उठती देख चीख पुकार मच गई। पड़ोसियों ने घर में मौजूद बच्चों को बाहर निकालकर बाल्टियों से पानी डालना शुरू किया। लेकिन आग और विकराल होती गई। इस पर दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। गृह स्वामिनी के मुताबिक आग से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। संयोग रहा कि आग रसोई घर तक नहीं पहुंची।

# सीएचसी व पीएचसी के निरीक्षण में टीम को नदारद मिले 8 कर्मचारी

**सफीपुर, उन्नाव, अमृत विचार।** प्रदेशीय टीम के निरीक्षण से पूर्व जिला स्तरीय टीम ने शुक्रवार को सीएचसी व दो पीएचसी का निरीक्षण किया। इसमें टीम को आठ कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

जिला स्तर से डीआईओ डा. नरेंद्र शुक्रवार को पहले चकलवंशी-परियर मार्ग स्थित पीएचसी बरीखेड़ा पहुंचे। जहां डा. जकरिया व फार्मासिस्ट ग्रजेंद्र कुमार से दवाओं की उपलब्धता व मरीजों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद टीम रूपपुर चंदेला पहुंची जहां डा. नंदनी राव नदारद मिलीं और फार्मासिस्ट उत्तम कुमार मरीज देखते मिले। इसके बाद टीम सीएचसी पहुंची जहां महिला अस्पताल में प्रसव व्यवस्था के अलावा बच्चों के लिये आक्सीजन कंसेंटेटर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं, हार्ड से संबंधित मरीजों के लिए उपलब्ध ईसीजी मशीन का प्रयोग करने के निर्देश दिए। बताया गया कि अधीक्षक डा. राम सहोदर, चीफ फार्मासिस्ट ओमनरायण व स्टाफ नर्स सारिका को इसका प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। चीफ फार्मासिस्ट ओम नारायण से दवाओं के बारे में जानकारी ली तो वहां 206 प्रकार की दवाएं उपलब्ध मिलीं। जबकि, डाइजापाम इंजेक्शन उपलब्ध नहीं मिला। इमरजेंसी में भर्ती मरीजों का हाल भी लिया और वार्ड में मौजूद नर्स सारिका से उनकी फाइल के अनुसार इलाज के बारे में जानकारी ली। उपस्थिति रजिस्टर देखने पर 7 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। अधीक्षक डा. राम सहोदर व डा. ब्रजेश सिंह मौजूद रहे।



जांच करते टीम में शामिल अधिकारी। अमृत विचार

# मिश्रा कॉलोनी में कटान रोकने के लिए पायलिंग शुरू



मिश्रा कॉलोनी कटान स्थल पर बल्लियां लगाने का काम करते मजदूर। अमृत विचार

**शुक्लागंज, अमृत विचार।** मिश्रा कॉलोनी में गंगा कटान की गंभीर समस्या पर शुक्रवार को अमृत विचार में प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला। लगातार बढ़ रही कटान से कई रिहायशी मकानों की नींव तक खतरा पहुंच गया था, लेकिन सिंचाई विभाग शारदा नहर उन्नाव की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी। स्थानीय लोगों की परेशानी उजागर होने के बाद विभाग हरकत में आया और अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कटान रोकने के लिए पायलिंग कार्य शुरू करा दिया।

शुक्रवार को एक्सईएन गगन कुमार के निर्देश पर एई आयुष कुशवाहा और जेई जयप्रकाश कटान स्थल पर पहुंचे। निरीक्षण के बाद विभाग ने लगभग एक दर्जन मजदूरों को पायलिंग कार्य में लगाया। मजदूरों ने नाव के सहारे कटान स्थल के पास मिट्टी खिसकने वाले हिस्सों में मजबूत बल्लियां गाड़नी शुरू कीं। लगभग सौ मीटर के क्षेत्र में बल्लियों की पहली लाइन लगा दी गई है। अधिकारियों के अनुसार इन बल्लियों के बीच झाड़ियों को भी भरा जाएगा, ताकि गंगा की धारा कटान वाली भूमि से टकराने के बजाय दिशा बदलकर आगे बढ़ सके। एई आयुष कुशवाहा ने बताया कि पायलिंग के बाद कटान को स्लोब में काटा जाएगा।

# डीसीएम चालक ने पुलिस की 3 बाइकों में मारी टक्कर

**शुक्लागंज, अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब त्रिभुवन खेड़ा के पास एक डीसीएम चालक ने भागने के प्रयास में पुलिस कर्मियों की तीन बाइकों में टक्कर मार दी। इसमें टीएसआई नसरुद्दीन खान समेत तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए। जबकि तीनों बाइकों को नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने दौड़ाकर चालक को पकड़ लिया और डीसीएम कब्जे में लिया है।

हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन, तहसील बद्दी, पोस्ट गुरुमजरा के किशनपुर निवासी ईश्वर दास डीसीएम लेकर लखनऊ से कानपुर जा रहा था। हाईवे पर त्रिभुवन खेड़ा के पास उसकी किसी वाहन चालक से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने से हाईवे पर जाम लगने लगा। इसकी सूचना पर टीएसआई नसरुद्दीन खां मौके पर पहुंचे और चालक से बात कर स्थिति शांत कराने का प्रयास किया। तभी टीएसआई को देख डीसीएम चालक घबरा गया और वाहन लेकर भागने लगा। तेज गति में उसने सबसे पहले टीएसआई की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे टीएसआई घायल हो गए। तभी जाजमऊ चौकी के दीवान अख्तर अली व सिपाही तरुण कुमार पहुंचे और अपनी बाइकें डीसीएम के सामने खड़ी कर दीं। घटना के बाद पुलिस टीम ने डीसीएम का पीछा किया और हाईवे किनारे 16 बीघा क्षेत्र के पास चालक को रोककर हिरासत में ले लिया। सूचना पर गंगाघाट कोतवाल अजय सिंह भी पहुंचे। उन्होंने बताया कि चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर डीसीएम को सीज किया गया है।



क्षतिग्रस्त टीएसआई की बाइक।

सुविधा | लोगों को सस्ते दरों पर मिलेंगी दवाइयां

# जिला अस्पताल में आज से चालू होगा जन औषधि केंद्र

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के पुरुष चिकित्सालय में शनिवार से प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र शुरू होगा। इसके लिए जरूरी दवाइयां पहुंच चुकी हैं। बता दें कि बीते 8 माह से अधिक समय से पूर्व में खुला जन औषधि केंद्र बंद चल रहा था।

जिला अस्पताल के पुरुष चिकित्सालय में 8 माह से अधिक समय से बंद प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शनिवार से संचालन शुरू होगा। नए संचालक को इसका जिम्मा मिला है। इसके बाद जरूरी दवाइयां शुक्रवार को पहुंच गईं। डीएम, सांसद व विधायक सहित स्वास्थ्य अफसरों की मौजूदगी में इसका उद्घाटन होगा। बता दें कि जिला अस्पताल परिसर में पूर्व में खुला जन औषधि केंद्र बंद होने से मरीजों व तीमारदारों को भटकना पड़ रहा था। वहीं जिला अस्पताल में निशुल्क मिलने वाली दवाएं अपर्याप्त होने से मजबूरी में लोगों को महंगी दवाइयां बाहर से खरीदनी पड़ती थीं। पुरुष चिकित्सालय में औसतन 1200-1500 विभिन्न रोगों से ग्रस्त मरीज पहुंचते हैं। जिनकी जांच के बाद डॉक्टर उन्हें जो दवा लेने की सलाह देते हैं वह निशुल्क औषधि केंद्र पर नहीं मिल पातीं। जन औषधि केंद्र के खुलने से मरीजों को भटकना नहीं पड़ेगा। वहीं पुरुष चिकित्सालय के बाद शीघ्र महिला अस्पताल व सीएचसी में भी जन औषधि केंद्र शुरू होंगे। संचालक अमित ने बताया कि पूरा प्रयास रहेगा कि लोगों को उनकी जरूरत की दवाइयां उपलब्ध कराई जाए। सीएमस (पुरुष) डॉ. राजीव गुप्ता ने बताया कि जन औषधि केंद्र की शुरुआत होने जा रही है। इससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।



जन औषधि केंद्र में रखी दवाएं। अमृत विचार

## सिटी डायरी




कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कोटेदार।

### मांगें पूरी न हुईं तो कोटेदार कर सकते हैं अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

**उन्नाव।** राशन विक्रेता परिषद के बैनर तले कोटेदारों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इसमें मांगे पूरी न होने पर 28 जनवरी से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की घोषणा की है। कोटेदारों ने आरोप लगाया कि उन्हें अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम लाभांश मिल रहा है। जिससे महंगाई के इस दौर में उनके परिवार का भरण-पोषण मुश्किल हो गया है। कहा कि उन्हें वर्तमान में केवल 90 रुपये प्रति क्विंटल लाभांश मिलता है। वहीं गोवा, हरियाणा, केरल, दिल्ली व गुजरात जैसे राज्यों में यह दर 200 से 220 रुपये प्रति क्विंटल है। संगठन ने सरकार से अन्य राज्यों की तर्ज़ पर लाभांश बढ़ाकर कम से कम 20 हजार प्रतिमाह की न्यूनतम आय गारंटी लागू करने की मांग की है।




निरीक्षण करते डॉ. राजशेखर, प्रबंध निदेशक, उ.प्र जल निगम ग्रामीण।

### सीईटीपी की क्षमता पर हुआ पुनर्विचार, कमेटी ने मांगी 10 साल की रिपोर्ट

**उन्नाव।** चर्म इकाइयों द्वारा चमड़े का उत्पादन घटने के दावे के बाद कॉमन एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता वृद्धि पर पुनर्विचार करने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। शुक्रवार को डॉ. राजशेखर प्रबंध निदेशक उप्र जल निगम ग्रामीण की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय कमेटी ने सीईटीपी का निरीक्षण किया और लेदर उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में चर्म इकाइयों के प्रतिनिधियों ने कमेटी को बताया कि बीते कुछ वर्षों में चमड़े का उत्पादन लगातार कम हुआ है। इस आधार पर उन्होंने सीईटीपी की प्रस्तावित क्षमता में कटौती करने का अनुरोध किया। यह भी दावा किया कि फैक्ट्रियों ने व्यक्तिगत स्तर पर क्रोमियम रिमूवल प्लांट स्थापित कर लिए हैं।



जनसुनवाई करतीं राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य।

### राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य ने की जन सुनवाई

**उन्नाव।** राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार ने शुक्रवार को विकास भवन सभागार में उन्नाव व हरदोई की महिलाओं के लिए जनसुनवाई व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसका मुख्य उद्देश्य महिला उत्पीड़न रोकना व पीड़ितों को त्वरित न्याय सुनिश्चित कराना था। इस दौरान उन्नाव व हरदोई की 32 महिलाओं/बालिकाओं ने प्रार्थनापत्रों व मौखिक रूप से अपनी समस्याएं सदस्य को बताईं। उन्होंने इनमें से दो गंभीर प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों के माध्यम से उनका मौके पर ही निस्तारण कराया।



कलश यात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा शुरू

**शुक्लागंज।** शुक्रवार से पोनी रोड स्थित डाकतार कालोनी मोहल्ले में श्रीराम कथा का श्री मां गंगा सेवा समिति व सनातन परिवार की ओर से आयोजन कराया गया। कथा शुभारंभ से पहले धार्मिक अनुष्ठान किये गये। महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। श्री मां गंगा सेवा समिति द्वारा पोनी रोड डाकतार चौराहे पर श्री राम कथा का शुभारम्भ किया गया। दिन करीब एक बजे वैदिक मंत्रों के बीच गणेश पूजन के साथ ही ध्वज पूजन हुआ।

# हरदोई में गंगा नदी में एक भी नाले का गंदा पानी नहीं प्रवाहित हो रहा

## दिल्ली से आई टीम ने जिले में दो दिन निरीक्षण कर जारी की रिपोर्ट

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** जिला गंगा समिति के तत्वावधान में नमामि गंगे, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली की टीम ने गुरुवार व शुक्रवार को गंगा में गिरने वाले नालो का निरीक्षण किया।

टीम ने राजघाट, सांडी के आस पास के ड्रेन/नालो का सर्वे किया। टीम ने पाया कि जनपद हरदोई के अंतर्गत गंगा नदी में किसी भी नाले का पानी नहीं प्रवाहित हो रहा है। जल निगम शहरी की तरफ से अखिलेश सिंह, (अवर अभियन्ता), जल निगम ग्रामीण की तरफ से नवनीत सिंह, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से अम्बरीश वर्मा, सहायक वैज्ञानिक, शारदा नहर सिचाई विभाग से विशाल मौर्या, पंचायती, जिला गंगा समिति से अश्वनी कुमार मिश्र, जिला परियोजना अधिकारी एवं पंचायती राज विभाग की तरफ से ज्योतिष कुमार डीपीएम उपस्थित रहे। जिला परियोजना अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया, उत्तर प्रदेश के सभी गंगा वाले जनपद में एनएमसीजी की अलग-अलग टीम को गंगा में गिरने वाले नालो का सर्वे करने हेतु भेजा गया।

बता दें कि जिलाधिकारी के स्तर से इस हेतु जल निगम (शहरी) एवं ग्रामीण, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उन्नाव, सिचाई विभाग शारदा नहर खण्ड, पंचायती राज विभाग व जिला गंगा समिति को नई दिल्ली से सर्वे हेतु आये टीम के सदस्यों शताक्षी सिंह (आईटी कंसल्टेंट) एवं श्री पंकज रावत (सपोर्ट इंजीनियर), राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन को सहयोग प्रधान करते हुए गंगा में गिरने वालो नालों के निरीक्षण के आदेश जारी किये गये थे।

## ट्रेनों के निरस्तीकरण से हरदोई में यात्रा संकट, यात्रियों ने की ठहराव की मांग

**हरदोई, अमृत विचार।** शीतलहर और घने कोहरे ने उत्तर रेलवे के संचालन को बुरी तरह प्रभावित किया है। मौसम की मार का सबसे ज्यादा असर हरदोई से होकर गुजरने वाली ट्रेनों पर पड़ा है। रेल प्रशासन ने एक दिसंबर से आगामी 28 फरवरी तक करीब तीन महीनों के लिए एक जोड़ी ट्रेन को पूरी तरह निरस्त करने का निर्णय लिया है, वहीं चार जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों की आवृत्ति में भी कमी कर दी गई है। इस निर्णय से हरदोई और आसपास के यात्रियों को बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

दैनिक यात्रियों के अनुसार, जिस दिन त्रिवेणी एक्सप्रेस निरस्त रहती है, उस दिन यात्रा करना बेहद कठिन हो जाता है। काठगोदाम जाने वाले यात्रियों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। ट्रेन उपलब्ध न होने के कारण उन्हें रोडवेज बसों या निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे यात्रा न केवल अधिक समय लेने वाली हो जाती है, बल्कि खर्च भी बढ़ जाता है। यात्रियों ने इस स्थिति को देखते हुए रेलवे प्रशासन से मांग की है कि वैकल्पिक रूप में 15044/15045 लखनऊ काठगोदाम एक्सप्रेस को हरदोई में अस्थायी ठहराव दिया जाए।

## चौकी प्रभारी को ट्रक ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचे

**हरदोई।** गल्ला मण्डी पुलिस चोकी प्रभारी वासु कुमार लखनऊ चुंगी पर ट्रैफिक कंट्रोल कर रहे थे। उसी बीच पीछे से ट्रक आया और उन्हे टक्कर मारते हुए निकल गया। पूरा वाक्या सीसीटीवी में कैद हो गया। पुलिस की तरफ से आए बयान में कहा गया है कि ट्रक ड्राइवर के ऊपर 20 हज़ार जुर्माना लगाया गया है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को एसआई गल्ला मण्डी पुलिस चौकी प्रभारी वासु कुमार लखनऊ चुंगी पर खड़े हो कर ट्रैफिक कंट्रोल कर रहे थे। उसी बीच बिलग्राम चुंगी की तरफ से आ रहे ट्रक ने अचानक उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। गनीमत रही कि उन्हें गंभीर चोटें नहीं आईं। सीसीटीवी में कैद फुटेज में देखा गया कि चौकी प्रभारी सड़क के बीच ट्रैफिक कंट्रोल कर रहे थे। उसी बीच ट्रक आया और उन्हे टक्कर मारते हुए निकल गया। चौकी प्रभारी ठीक है। ट्रक ड्राइवर के ऊपर 20 हज़ार जुर्माना लगाया गया है।


**गौतम बुद्ध डिग्री कालेज** गौरी रोड, बिजनौर, लखनऊ

अल्पसंख्यक संस्थान

डी.एल.एड.(बी०टी०सी०) कालेज कोड–290053

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि | 24.11.2025 |
| 2. | ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 15.12.2025 |
| 3. | ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | 16.12.2025 |
| 4. | पूर्ण आवेदन के प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि | 18.12.2025 |

ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य एवं विचारणीय नहीं होगें।

प्रवेश हेतु संपर्क करें मो0– 7820 0236936, 9451077741

वेबसाइट– gbdc.co.in पर Registration करें। नोट– आरक्षित अभ्यार्थियों हेतु विशेष छूट


## कृषक संगोष्ठी का किया गया आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा कृषक वैज्ञानिक संवाद एवं कृषक संगोष्ठी का भव्य आयोजन सम्भागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्र, बिलग्राम चुगी, पर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद के कृषकों को मृदा स्वास्थ्य, वैज्ञानिक कृषि तकनीकों तथा टिकाऊ खेती के महत्व से अवगत कराना है, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ भूमि की उर्वरता भी दीर्घकाल तक सुरक्षित रह सके। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. डीवी सिंह ने बताया कि विश्व मृदा दिवस हर वर्ष 5 दिसम्बर को वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है, ताकि किसानों, वैज्ञानिकों एवं आम नागरिकों में मिट्टी के संरक्षण और उसके संतुलित उपयोग को लेकर जागरूकता उत्पन्न की जा सके। इसी कम में कृषि विभाग हरदोई द्वारा यह विशेष आयोजन किया जा रहा है।

## हार्टअटैक से पूर्व प्रधान की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** पूर्व प्रधान की खेत से लौटते समय अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। माखी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। माखी थानाक्षेत्र के बौनामऊ गांव निवासी इंद्रपाल (77) स्टेट बैंक से 17 साल पहले लिपिक पद से रिटायर हुए। इसके बाद वह गांव के प्रधान चुने गए थे। इससे पहले इनकी पत्नी भी तीन बार गांव की प्रधान रही थीं। गुरुवार देरशाम गांव के मजरे तालिब नगर में वह अपने खेत में गेहूं की बुआई के लिए मजदूर तय करने गए थे। लौटते समय गांव के पास उन्होंने बाइक रोकी और वहीं पर गिरकर अचेत हो गए। इसकी सूचना पर परिजन पहुंचे और उन्हें जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर से शिक्षक बेटे सुनील, सुशील व पत्नी बेहाल हो गई। उनकी मौत की सूचना पर जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह, पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि कमल सिंह, भाजपा नेता श्रीराम राजपूत आदि नेता पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें उनकी हृदयघात से मौत होने की पुष्टि हुई है।

## दवा लेने जा रहे अधेड़ की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** बारासगवर थानाक्षेत्र के लालमन खेड़ा गांव निवासी अधेड़ की दवा लेने जाते समय मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बारासगवर थानाक्षेत्र के लालमन खेड़ा गांव निवासी कंधई रावत (59) खेती करता था। वो कई दिनों से बीमार था। शुक्रवार सुबह वह घर से दवा लेने धानी खेड़ा जाने की बात कह कर पैदल निकला था।

## बाग में लटका मिला युवक का शव, भाई से विवाद की चर्चा

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के गांव भड़सर नौशहरा निवासी नन्हकू के 30 वर्षीय पुत्र नन्हा का शव शुक्रवार देरशाम घर से 500 मीटर दूर गोविंद सिंह के आम के बाग में पेड़ पर फंदे के सहारे लटका मिला। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उसकी मौत की खबर से मां रामरती, पत्नी सीमा व अन्य परिजन रो–रोकर बेहाल हैं। नन्हा की एक चार वर्ष की बेटी भी है। वह मजदूरी करता था। ग्रामीणों ने बताया कि उसके पिता ने बड़े बेटे साधू के नाम 7 बीघा जमीन दर्ज करा दी थी। इस कारण भाइयों में विवाद चल रहा था। दरोगा विष्णु दत्त ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**गणपति कोल्ड स्टोरेज एंड एलाइड इंडस्ट्रीज**
ग्राम - महोलिया, देवा रोड, बाराबंकी

**सूचना**

सभी किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि उद्यान विभाग द्वारा 30 नवंबर 2025 तक कोल्ड स्टोरेज को संचालित करने के निर्देश दिए गए थे। कोल्ड स्टोरेज किसान भाइयों के हित में सदैव कार्यरत हैं।

अतः आप सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि आप अपने आलू की निकासी करवा लें। ताकि कोल्ड स्टोरेज अपने नए सत्र के लिए अपने चैंबरों की मरम्मत का कार्य समय से पूरा करा सकें।

**धन्यवाद**

निवेदक – प्रबंधक
गणपति कोल्ड स्टोरेज एंड एलाइड इंडस्ट्रीज
ग्राम – महोलिया, देवा रोड, बाराबंकी

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 12 वर्ष 2025–26**

अधोलिखित कार्यों के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से, गंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती हैं :– **कार्यों का विवरणः** 1. इज्जतनगर मंडल के पंतनगर–लालकुआँ–हल्द्वानी खण्ड में हाथियों के मूवमेन्ट की मॉनिटरिंग एवं ट्रैकिंग तथा समपार फाटकों को एलर्ट करने हेतु Intrusion Detection System का प्रावधान। **अनुमानित लागतः** ₹ 3,30,28,873.68, **बयाना राशिः** ₹ 3.15,200, **कार्य समापन अवधिः** 6 माह, **ई–निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** दिनाँक 26/12/2025 को 11:00 बजे, • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

**वरि. मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर**
मुजाधि/सिग्नल–71 **इज्जनगर**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड** (भारत सरकार का एक उद्यम) पी.ओ.–जादूगोड़ा माइंस, जिला पूर्वी सिंहभूम झारखंड – 832 102

**URANIUM CORPORATION OF INDIA LTD** (A Government of India Enterprise) PO-Jaduguda Mines, Dist. East Singhbhum, Jharkhand-832 102

**(CIN: U 12000 JH 1967 GOI 000806)**
**website: www.uraniumcorp.in**

**विभिन्न प्रशिक्षुओं के लिए भर्ती सूचना**
**विज्ञापन संख्या: UCIL-07-2025**

**RECRUITMENT OF TRAINEES**
**Advertisement No. UCIL-07-2025**

यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

Uranium Corporation of India Limited has invited online applications from Indian citizens for various posts, as follows:

| | |
|---|---|
| 1. | Mining Mate - C |
| 2. | Winding Engine Driver - B |
| 3. | Boiler cum Compressor Attendant - A |

रिक्तियों का पूरा विवरण अर्थात योग्यता, अनुभव, वेतनमान आदि यूसीआईएल की वेबसाइट www.uraniumcorp.in पर उपलब्ध है। इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी प्रश्न /सूचना/विस्तार/शुद्धिपत्र आदि केवल यूसीआईएल वेबसाइट www.uraniumcorp.in पर उपलब्ध कराया जाएगा।

Full details of vacancies viz. Qualifications, Experience, Scale of pay etc. are available at UCIL website www.uraniumcorp.in. Any queries/information/extension/corrigendum etc. with respect to this advertisement shall be made available on the UCIL website **www.uraniumcorp.in** only.

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31/12/2025 है।

Last date of submission of online application is **31/12/2025.**

**CBC 48134/12/0033/2526**

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ. रे. |
|---|---|
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14307-SLR-F1-PYGS-BE-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2025 at 11:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14229-SLR-R1-PYGS-YNRK-22-2 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2025 at 11:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14260-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2025 at 11:50 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **20402-SLR-F1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2025 at 12:00 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14210-SLR-F1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2025 at 12:10 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14262-SLR-R1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2025 at 12:20 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14260-SLR-R1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2025 at 12:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2025 at 12:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2025 at 12:50 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12231-SLR-F1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2025 at 13:00 hrs. |

**Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders :** E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3767/2025


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स सोलर ग्रीन एनर्जी सेल्यूशन्स बरैया चौराह, जैदपुर रोड, जिला–बाराबंकी, उ0प्र0, 225414 (पंजीकरण संख्या BAB/0021443) पंजीकृत हुआ था, उपर्युक्त पंजीकृत फर्म के साझेदार श्री जय शंकर चौधरी पुत्र स्व0 विश्वनाथ निवासी 2/53, एमडीएच सेक्टर–एच, जानकीपुरम्, लखनऊ, उ0प्र0 एवं श्री सुनील पटेल पुत्र श्री रामवृक्ष पटेल निवासी 9, ग्राम–देवरिया मऊ, बधावर, पोस्ट–बैजबारी, रौनापार, जिला–आजमगढ़, उ0प्र0 ने व्यक्तिगत कारणों से स्वेच्छा पूर्वक उपरोक्त फर्म से अपनी साझेदारी समाप्त कर ली है उनके स्थान पर नये साझेदार के रूप में श्री अजीत कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार निवासी 590/35, इन्दिरा पूरा कालोनी, रायबरेली रोड, लखनऊ, उ0प्र0, 226025 दिनांक–28.11.2025 को शामिल किये गये है एवं फर्म का कार्यस्थल भी परिवर्तित हुआ है जिसका **नया पता 01, आकाश गंगा कॉम्पलेक्स बडेल नहर रोड, नियर साईं स्कूल, बडेल दकौली, जनपद –बाराबंकी, उ0प्र0, 225001** है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:– **क्रम सं.-01,** ई-निविदा संख्या:-NER-LJN-2025-189 (One Packet System), कार्य का नाम:- गैजहवा स्टेशन पर स्टेशन पहुंच मार्ग का ऊचाकरण और निर्माण। अनुमानित लागत (रू०): ₹ 1,27,14,150.30, अग्रिम धन (रू०): ₹ 2,13,600/-, समापन अवधि: 09 माह। **क्रम सं.-02,** ई-निविदा संख्या:-NER-LJN-2025-190 (One Packet System), कार्य का नाम:- बढ़नी स्टेशन पर पानी की सुविधा के लिये आरसीसी ओवर हेड टैंक (50000 गैलन) के साथ गहरे ट्यूबवेल का प्रावधान। अनुमानित लागत (रू०): ₹ 1,56,70,858/-, अग्रिम धन (रू०): ₹ 2,28,400/-, समापन अवधि: 12 माह।

**(1)** उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2025-189-190 के लिये ई-निविदा दिनांक 24-12-2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट ***www.ireps.gov.in*** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,**
मुजाधि/डब्लू-353 **लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**सूचना**

मैं शुभम पुत्र कुंवर बहादुर, निवासी–ग्राम निवाजी खेड़ा पोस्ट बीजेमऊ तहसील लालगंज जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड में शुभम पुत्र कुंवर बहादुर Shubham S/O Kunwar Bahadur दर्ज है। मेरे पिता के आर्मी नंबर 7777043H Family Particulars में Subham हो गया है, जो कि गलत है। मेरा नाम Shubham S/O Kunwar Bahadur अंकित किया जाय जो कि सही है।

**सूचना**

मैं समीर कुमार सोनी पुत्र स्व. तुलसी राम सोनी, निवासी–9/5/110, टकसाल गली, चौक फैजाबाद, अयोध्या को अब समीर सोनी के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

मैने अपना नाम SAIYEDA KANEEZ ZOHRA से बदलकर KANIZ ZOHRA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-SYED MEHAR ABBAS ADD-546/718A, BHADERSA HOUSE HARDOI ROAD SARFARAZGANJ, POST-CHOWK DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मो0 फैसल अहमद पुत्र श्री मोहम्मद अहमद, निवासी– मकान नम्बर 89/87 दलेलपुरवा, कानपुर नगर।** मेरे आधार संख्या 9624 6063 2128 में नाम मो फैसल अहमद अंकित है जो कि सत्य व सही नाम है। जबकि मेरे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट प्रमाण पत्र में मेरा नाम फैसल अंकित है जो कि अपूर्ण नाम है। यह कि मो0 फैसल अहमद व फैसल दोनो नाम मेरे ही है किसी अन्य के नही है। भविष्य में मुझे मो0 फैसल अहमद के नाम से जाना माना जाये।

**सूचना**

मेरे पुत्र तौफीक अहमद की बुरी आदतों से आजिज होकर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। मेरे पुत्र तौफीक अहमद द्वारा कोई लेने देन या कोई मुकदमेबाजी होती है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इसमें मेरा या मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **प्रार्थी – श्रीमती फातमा बेगम पत्नी स्व.खालीक अहमद निवासी मोहल्ला बाघू दीवान सईद बाबा के पास कस्बा व थाना तथा तहसील मौदहा जिला हमीरपुर उ. प्र.**

**सूचना**

मेरा भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी संख्या 2191 56036 में नाम रीना पुत्री हसीना है। आधार कार्ड में मेरा नाम रुकैया बानो पुत्री अली हुसैन लिखा है। दोनों मेरे ही नाम है और मुझे दोनों नाम से जाना वह पहचाना जाता है। **रुकैया बानो उर्फ रीना पुत्री हसीना पत्नी अली हुसैन, मोहल्ला गदुरहवा परगना, तहसील व जिला बलरामपुर**

**सूचना**

मेरा इण्टरमीडियट अंक पत्र वर्ष– 2022 अनुक्रमांक –2225968135 वास्तव में कहीं खो गया है। खोजने के बाद भी नहीं मिल रहा है। यदि किसी को मिले तो वह इस पते पर सूचना दें। **यथार्थ सिंह पुत्र रघुवीर सिंह निवासी महाराजपुर मौजा मलगांव थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात**

**सूचना**

मेरा नाम आधार कार्ड के अनुसार अम्बरीश पांडेय पुत्र जमुना प्रसाद पांडेय है। जबकि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिवश अंबीश पांडेय दर्ज हो गया है। मेरा सही नाम अम्बरीश पांडेय है। आधार कार्ड में मेरा नाम अम्बरीश पांडेय दर्ज है। मुझे इसी नाम से जाना जाए। **अम्बरीश पांडेय पुत्र जमुना प्रसाद पांडेय निवासी– फलाहारी दास बाबा मंदिर, सिविल लाइन्स, जनपद– गोंडा**

**सूचना**

मैं **रफीक पुत्र मुस्तफा निवासी– ग्राम व पोस्ट जैतापुर थाना गौरा चौराहा तहसील तुलसीपुर जनपद बलरामपुर**, मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड में मेरा नाम रफीक Rafeeq, माता का नाम Noor nisha व पत्नी का नाम Parveen begum है जबकि पासपोर्ट मे मेरा नाम Rafeek माता का नाम Noorun nisa व पत्नी का नाम Perveen begum हो गया है जो एक ही व्यक्ति व मां तथा पत्नी के नाम है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि साझेदारी फर्म मैसर्स एस के एग्रो एन्डस्ट्री आराजी नम्बर–507 ग्राम शुक्लापुर तहसील बिल्हौर कानपुर नगर जिला कानपुर–उ0प्र0 नामक फर्म में दिनांक 01–03–2023 को साझेदार अभिषेक त्रिपाठी पुत्र एस के त्रिपाठी निवासी–सेक्टर–के 1286 आशियाना कालोनी लखनऊ ने स्वेच्छा से फर्म को त्यागपत्र देकर अलग हो गया उक्त साझेदार का फर्म से कोई लेन देन शेष नही है उक्त दिनांक 01–03–2023 को श्रीमती रानी त्रिपाठी पत्नी श्री शिव कान्त त्रिपाठी निवासिनी–37सी रामपुरम सोसाइटी श्यामनगर कानपुर नगर कानपुर नें फर्म में सम्मिलित हो गयी अब वर्तमान में फर्म में तीन साझेदार हरी कान्त त्रिपाठी, शिखर त्रिपाठी एवं श्रीमती रानी त्रिपाठी है।

**हरी कान्त त्रिपाठी –**
**मैसर्स एस के एग्रो इण्डस्ट्री**
**आराजी न0–507 ग्राम शुक्लापुर**
**तहसील–बिल्हौर कानपुर नगर जिला–कानपुर**

## कार्यालय
## क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, बाराबंकी।

पत्रांक संख्या– 2375 /HWC/2025–26 दिनांक– 28 /11/2025

**विज्ञप्ति**

(क) शासनादेश संख्या–W–81/96–आयुष –2–2020–127/2016 दिनॉक 04 दिसम्बर 2020 तथा कार्यक्रम प्रबन्धक, उ0प्र0राज्य आयुष सोसाइटी, लखनऊ के पत्र संख्या–599/325/मि0नि0/2022–23 दिनॉक 02 दिसम्बर 2022 के अनुपालन में जनपद बाराबंकी में संचालित आयुर्वेदिक /यूनानी/होम्योपैथिक चिकित्सालयों में संचालित आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों में अंशकालिक योग प्रशिक्षक पुरूष एवं अंशकालिक योग प्रशिक्षक महिला, के रिक्त कुल 10 (पुरूष–4 एवं महिला–06) पदों पर आबद्धीकरण साक्षात्कार के माध्यम से किये जाने हेतु नीचे अंकित तालिका के अनुसार अर्हताधारी अभ्यर्थियों को एकमुश्त पारिश्रमिक (महिला रू0 5000.00 व पुरूष रू0 8000.00 प्रतिमाह) के आधार पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र पूर्ण विवरण एवं समस्त शैक्षणिक तथा अनुभव प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति सहित कार्यालय, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, बाराबंकी के पते पर निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 24 दिसम्बर 2025 है।

(ख) शासनादेश संख्या–आ0मि0–110/96–आयुष–2–2020–127/2016 अनुभाग–2 लखनऊ दिनांक–19 अक्टूबर 2022 तथा योग एवं यौगिक क्रियाओं द्वारा उपचार को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत योग वेलनेस सेन्टर में योग सहायक के आबद्धीकरण शासनादेश सख्या–आ0मि0–56/96/–आयुष–2–2017–127/2016, दिनांक 03.07.2017 के अनुपालन में जनपद बाराबंकी में संचालित होम्योपैथिक चिकित्सालय में संचालित योग वेलनेस सेन्टर योग सहायक के रिक्त कुल 01 पदों पर आबद्धीकरण साक्षात्कार के माध्यम से किये जाने हेतु नीचे अंकित तालिका (ख) के अनुसार अर्हताधारी अभ्यर्थियों को एकमुश्त पारिश्रमिक (महिला रू0 10000.00) के आधार पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र पूर्ण विवरण एवं समस्त शैक्षणिक तथा अनुभव प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति सहित कार्यालय, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, बाराबंकी के पते पर निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 24 दिसम्बर 2025 है।

क– आयुष विभाग जनपद बाराबंकी में अंशकालिक योग प्रशिक्षक (पुरूष/महिला) के कुल पदों का पृथक–पृथक श्रेणीवार विवरण।

| क्र0सं0 | विभाग | पदों का विवरण | सामान्य वर्ग | E.W.S | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु0 जाति | अनु0 जन जाति | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | आयु0/यू0/हो0 विभाग | पुरूष | 01 | 01 | 01 | 01 | 00 | 04 |
| 02 | | महिला | 05 | 00 | 00 | 00 | 01 | 06 |
| 03 | | कुल पद | 06 | 01 | 01 | 01 | 01 | 10 |

ख– योग वेलनेस सेण्टर्स जनपद बाराबंकी में योग सहायक के कुल पदों का पृथक–पृथक श्रेणीवार विवरण।

| क्र0सं0 | विभाग | पदों का विवरण | सामान्य वर्ग | E.W.S | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु0 जाति | अनु0 जन जाति | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | होम्योपैथिक विभाग | पुरूष | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 02 | | महिला | | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 03 | | कुल पद | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |

(क)

| क्र0सं0 | आबद्धीकरण हेतु रिक्त पदों की संख्या | आयु सीमा | अनिवार्य अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | महिला–06<br>पुरूष- 04 | अंशकालिक योग प्रशिक्षक महिला/पुरूष हेतु न्यूनतम 21 वर्ष से 60 वर्ष तक है। स्वस्थ एवं सुयोग्य 65 वर्ष तक के अभ्यर्थियों को भी अवसर दिया जा सकता है। | ➢ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से साढ़े पॉच वर्षीय कोर्स बैचलर आफ नेचुरोपैथी एण्ड योगिक सांइस (बी0एन0वाई0एस0) डिग्री धारक।<br>अथवा<br>➢ बी.ए (योग) अथवा बी0एस0सी0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक अथवा एम0एस0सी0(योग)/एम0ए0(योग) डिग्री धारक जिनका एक वर्षीय अनुभव हो।<br>➢ पी0जी0 डिप्लोमा (न्यूनतम एक वर्षीय पाठ्यक्रम) मा धारक जिनका दो वर्षीय अनुभव हो।<br>➢ योग सर्टिफिकेशन बोर्ड नई दिल्ली द्वारा "योग वेलनेस इंस्ट्रक्टर" प्रमाण पत्र धारक एवं अनुभव एक वर्ष भी आवेदन के पात्र होगे।<br>➢ कार्य अनुभव प्रमाण पत्र अर्ह डिग्री/ डिप्लोमा उत्तीर्ण करने के उपरान्त पूर्ण की गयी निर्धारित अवधि जो कि चिकित्सालय/मान्यता प्राप्त विद्यालय/ नेचुरोपैथी क्लीनिक/अस्पताल या योग सेन्टर में कार्य करने का ही मान्य होगा। |

(ख)

| क्र0सं0 | आबद्धीकरण हेतु रिक्त पदों की संख्या | आयु सीमा | अनिवार्य अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | महिला–01 | योग सहायक यूनतम 21 वर्ष से 60 वर्ष तक है। स्वस्थ एवं सुयोग्य 65 वर्ष तक के अभ्यर्थियों को भी अवसर दिया जा सकता है। | ➢ हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट के उपरान्त योग में न्यूनतम तीन माह का सर्टिफिकेट कोर्स एवं नैचुरोपैथी क्लीनिक/अस्पताल या योग सेण्टर में कार्य का तीन वर्षीय अनुभव हो।<br>अथवा<br>➢ इण्टरमीडिएट या समकक्ष योग्यता के उपरान्त योग सेण्टर / नैचुरोपैथी सेण्टर आयुष चिकित्सालय–जिसमें स्वस्थवृत्त एवं योग से सम्बन्धित क्लीनिक (बहिरंग) में कार्य करने का दो वर्षीय अनुभव हो। |

नोटः–आवेदन पत्र तथा नियम व शर्तें जनपद बाराबंकी की एन0आई0सी0 वेबसाइट https//barabanki.nic.in पर उपलब्ध रहेंगी।

UP – 241885 **दिनांक:** 04/12/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

(डा0 वीनम यादव)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,
बाराबंकी।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–उ0रे0/वाणिज्य–मण्डल |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | **20402-SLR-F2-LKO-BSB-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 at 11:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | **14216-SLR-F2-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 at 11:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | **14210-SLR-F2-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 at 11:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | **24204-SLR-R1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 at 12:00 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | **24204-SLR-F2-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 at 12:10 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | **20402-SLR-R1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 at 12:20 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | **14210-SLR-R1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 at 12:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | **14216-SLR-F1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 at 12:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | **14231-SLR-F1-PYGS-BST-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 at 12:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | **14233-SLR-F1-PYGS-MUR-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 at 13:00 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | **24204-SLR-F1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 at 13:10 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | **14233-SLR-F2-PYGS-MUR-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 at 13:20 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | **12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 at 13:30 hrs |

| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |
|---|---|

3768/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

न्यूज ब्रीफ

### 8वीं के छात्र ने शिक्षक पर लगाया अश्लील हरकत करने का आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** कंपोजिट विद्यालय नैरा में छात्र ने शिक्षक पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। घर पहुंचे छात्र ने परिजनों को जानकारी दी। छात्र के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। कछौना ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय नैरा में 8वीं के छात्र के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गुरुवार को उसका भाई विद्यालय गया था। जहां एक शिक्षक ने भाई को कमरे में बुलाया और उससे अश्लील हरकतें की। वहीं शिक्षक का कहना है कि उसके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे है। उन्हें साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। कछौना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम ने जनसुनवाई में सुनीं 47 की शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे कुल 47 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। जन सुनवाई में 01 व्यक्ति पारिवारिक लाभ योजना, एक दिव्यांग पेंशन तथा 01 लाभार्थी को राशन कार्ड लाभ योजना से जोड़ा गया।

### लोक अदालत की तैयारियों पर की चर्चा

**हरदोई, अमृत विचार।** 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराए जाने हेतु अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते योग्य आपराधिक मामले, मोटर दुर्घटना मामले, वैवाहिक मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, विद्युत एवं जल बिल (अशमनीय वादों को छोड़कर) सिविल वाद एवं राजस्व वाद आदि निस्तारण योग्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

# सो रहे युवक पर सियार ने किया हमला, मौत

## शहर के नजदीक निर्माणाधीन बाईपास के किनारे रात में सिघाड़ों की कर रहा था रखवाली

संवाददाता, हरदोई


शिवकुमार की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** सिघाड़े की पैदावार करने वाला युवक अपनी ससुराल में रुक कर उन्हे सुखा रहा था। गुरुवार की रात शहर के बगल में निर्माणधीन बाईपास के किनारे फैले पड़े सिंघाड़ों की रखवाली करते हुए वहीं सो गया। उसी बीच सियार ने उस पर हमला कर दिया। युवक का शोर सुनकर वहां के चौकीदार दौड़ा। उससे पहले सियार भाग चुका था। तड़प रहे लहूलुहान युवक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

टड़ियावां थाने के मटेहना कस्बा गोपामऊ निवासी शिवकुमार (45) पुत्र मेवाराम कोतवाली शहर के माधौपुर मजरा शहाबुद्दीनपुर के तालाब में सिंघाड़ा लगा रखा था। शिवकुमार की कोतवाली शहर के मम्मरपुर मजरा तत्यौरा में ससुराल थी, ससुराल पास में होने से वह अपने सिंघाड़े गांव के बाहर निर्माणाधीन बाईपास के किनारे सुखा रहा था। गुरुवार की रात वह वहीं रखवाली करने गया था और वहीं सो गया। रात के करीब साढ़े 11 बजे बाईपास के चौकीदार कमलू यादव को चीखने की आवाज सुनाई दी, वह दौड़कर मौके पर पहुंचा तो देखा कि एक जंगली जानवर युवक को नोंच रहा है। जब तक वह नजदीक पहुंचा तब तक जानवर भाग चुका था और युवक लहुलुहान पड़ा था। उसके पास से बरामद कागज पर एक मोबाइल नंबर लिखा मिला। उस पर संपर्क करने पर साण्डी कस्बे के नवाबगंज निवासी बब्लू ने घायल की पहचान शिवकुमार के रूप में करते हुए अपना रिश्तेदार बताया। मेडिकल कालेज में उसकी मौत हो गई। परिवार में उसकी पत्नी शिवकुमारी और इकलौती बेटी मुस्कान है।

### आवारा सांड़ के हमले में घायल किसान की मौत



**हरदोई, अमृत विचार।** खेत पर आवारा सांड़ के हमले में घायल किसान का परिजन निजी चिकित्सक से इलाज करा रहे थे। लेकिन गंभीर रूप से घायल किसान की दूसरे दिन घर पर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और हादसे की जांच कर रही है। शाहाबाद कोतवाली के बक्शीपुर निवासी सुशील (57) पुत्र रामभजन खेती-किसानी और मजदूरी करता था। परिवार में पत्नी शान्ती और चार बेटे विकट राम, विपुल, सुरेन्द्र और भुल्लन हैं। बुधवार की शाम सुशील खेत पर गया था। जहां आवारा सांड़ ने सुशील पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने सांड़ को खदेड़कर किसान को बचाया। परिजन उसे शहर के एक निजी डाक्टर के पास ले गए। इलाज के बाद उसे घर लेकर चले आए। गुरुवार की देर शाम उसकी मौत हो गई।

### दरवाजे पर झाड़ू लगा रही महिला पर बैल ने किया हमला, मौत



**हरदोई, अमृत विचार।** घर के दरवाजे पर झाड़ू लगा रही महिला पर वहां से गुजर रहे बैल ने हमला कर दिया। लोगों के दौड़ने पर बैल भाग निकला। गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन मेडिकल कालेज ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। बेहटा गोकुल थाने के भदेउना निवासी अनिल कुमार की पत्नी नीलम (50) गुरुवार की दोपहर घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी। तभी उसी वहां पहुंचे घुमंतू बैल ने उस पर हमला कर दिया। नीलम के चीखने की आवाज सुनकर गांव वाले लाठी-डंडे लेकर दौड़े और बैल को खदेड़ते हुए उसे गांव के बाहर कर दिया। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही नीलक की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया है। नीलम के दो बेटे इसोद, अनुज व तीन बेटियां अचला, रजनी व प्रतिभा है।

### गन्ने के खेत में दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

**शाहाबाद हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के नबीपुर और फतेहपुर गयंद गांव के बीच में गुरुवार को शाम गन्ने के खेत में तेंदुआ देखा गया। ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नबीपुर और फतेहपुर गयंद गांव के बीच में गन्ने के एक खेत में ग्रामीणों ने काम करते वक्त तेंदुआ को देखा तो ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई। ग्रामीणों ने तेंदुआ का वीडियो बनाया। नबीपुर के प्रधान प्रतिनिधि मुकीम ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिसके बाद गुरुवार शाम ही वन विभाग की टीम पहुंची और तेंदुआ की खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। शुक्रवार को भी वन विभाग की टीम कांबिंग करती रही।

# प्रशिक्षण के बाद घर लौटे अग्निवीर का भव्य स्वागत


युवा सैनिक अरविंद का मुंह मीठा कराते परिजन। अमृत विचार

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** शुक्रवार को बनी में खुशी का माहौल बन गया। जब भारतीय सेना में चयनित बनी का लाल अरविन्द ट्रेनिंग के बाद घर वापस आया तो हुआ भव्य स्वागत। गांव वासियों ने युवा सैनिक का भव्य स्वागत किया। अरविन्द ने बनी में मन्दिर पर माथा टेका फिर घर आकर माता-पिता का आशीर्वाद लिया। अरविन्द के पिता रामेश्वर सिंह ने बताया कि बेटे ने अपनी मेहनत से सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। माता अंजू सिंह ने बताया कि तीन बहनो में अकेले बेटे ने गांव में नाम रोशन कर दिया। अरविन्द से बड़ी बहन आस्था छोटी बहन खुशी और मिष्टी है। अरविन्द ने बताया कि आर्ड कोर एन्ड स्कूल अहिल्यानगर महाराष्ट्र में 5 महीने की ट्रेनिंग करके 3 दिसंबर को घर के लिये रवाना हुआ। अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना में चयन हुआ। गांव के प्रशांत त्रिपाठी ने बताया कि अरविंद ने तीन वर्ष से कड़ी मेहनत से नाम रोशन कर दिया। साथी आदर्श, राहुल, अंश कुलदीप, गौरव सुधाकर सिंह, अखिलेश सिंह आदि ने खुशी जाहिर की है।

# रसखान प्रेक्षागृह में जादू शो का आज होगा उद्घाटन

संवाददाता, हरदोई,


कार्यक्रम की जानकारी देते जादूगर बादशाह।

**अमृत विचार।** रसखान प्रेक्षागृह में कल शाम बादशाह जादू संसार के बहुप्रतीक्षित जादू शो का भव्य उद्घाटन होने जा रहा है। मनोरंजन, विज्ञान और रोचक प्रयोगों के अनोखे समागम के रूप में आयोजित यह कार्यक्रम पहली बार हारदोई में हो रहा है, जिसे लेकर बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर, एडीएम वित्त प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी तथा सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे और औपचारिक रूप से इसका शुभारंभ करेंगे। आयोजक अलीम खान ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल मनोरंजन नहीं होगा, बल्कि बच्चों और युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला 'शिक्षा-सहित मनोरंजन' मंच बनेगा।

### कटे होंठ व तालू वाले 97 बच्चों का होगा ऑपरेशन

**हरदोई, अमृत विचार।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को 100 बेड जनपद में आयोजित हेल्थ कैंप में कुल 97 बच्चों का पंजीकरण किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से संबद्ध संस्थाओं द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन व उपचार हेतु पंजीकरण शिविर 100 बेड चिकित्सालय में आयोजित हुआ। जिसमें स्माइल ट्रेन संस्था के अन्तर्गत सुपर स्पेशलिटी तथा अनुष्का फाउंडेशन द्वारा कटे-फटे होंठ एवं तालू के बच्चों का ऑपरेशन के लिए पंजीकरण किया गया। शिविर का आयोजन लखनऊ के सिप्स अस्पताल द्वारा किया गया था। 56 बच्चों को संस्था की ही बस से लखनऊ ले जाया गया है।

# 95 बीएलओ किए गए सम्मानित

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई


शाहाबाद में बीएलओ को सम्मानित करते एसडीएम अंकित तिवारी।

**अमृत विचार।** शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत पूरा करने वाले बीएलओ को एसडीएम ने सम्मानित किया। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र एसआईआर का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा था। इस कार्य के लिए विधानसभा क्षेत्र में 412 बीएलओ को जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

शुक्रवार को तहसील सभागार में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 95 दिन बीएलओ को एसडीएम अंकित तिवारी ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एसडीएम ने कहा कि कोई भी कार्य हो वह मेहनत और लगन से पूर्ण किया जा सकता है। यह बात एस आई आर के कार्य में लगे 95 बीएलओ ने साबित कर दी। कहा कि मेहनत से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। माना कि तय समय में एसआईआर का कार्य करना कठिन कार्य था लेकिन जिस तरह से इन बीएलओ ने कार्य किया है वह सराहनीय है। एसडीएम अंकित तिवारी ने शेष अन्य बीएलओ से शत प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले बीएलओ से सीख लेने की अपील की। इस अवसर पर तहसीलदार संध्या यादव, नायब तहसीलदार संतोष कुशवाहा सहित समस्त राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और तहसील स्टाफ मौजूद रहा।

### अच्छा आचरण, अच्छी पुलिसिंग की पहचान

**हरदोई, अमृत विचार।** रिज़र्व पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेने के बाद एसपी अशोक कुमार मीणा ने मातहतों को अनुशासन, एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठ बनने की घुट्टी पिलाई। कहा कि पुलिस जवानों का अच्छा आचरण, अच्छी पुलिसिंग की पहचान है, इसलिए आचरण को और अच्छा बनाएं, ताकि पुलिसिंग और अच्छी हो। एसपी ने शुक्रवार को पहले परेड की सलामी ली, उसके बाद क्वार्टर गार्ड, अर्दली रूम को देखा। मातहतों से वार्ता की। यूपी-112 के रख-रखाव को परखा। एसपी ने अनुशासन, एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठ बनने की घुट्टी पिलाई। इस दौरान सीओ सिटी अंकित मिश्रा व प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे।

# सीएचसी में तीन मरीजों की जेब कटी

संवाददाता, शाहाबाद हरदोई


सीएचसी में जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीएचसी परिसर में शुक्रवार को तीन मरीजों की जेब कट गई। पैसे चोरी होने पर एक पीड़ित वहीं रोता नजर आया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी रही। जांच-पड़ताल के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़कर पूछताछ की।

ग्राम सकरौली निवासी रामप्रताप अपनी बेटी की टीबी की दवा लेने आया था। तभी भीड़ का फायदा उठाकर उसकी जेब में रखे 2600 रुपए जेबकतरे उड़ा ले गए। इसी तरह मगियावां निवासी मनीष कुमार अपनी दादी की दवा लेने आया था जेबकतरों ने उसकी जेब से 200 रुपए उड़ा दिये। मरीज निरंकार की जेब काटकर 410 रुपए पर हाथ साफ कर दिए। एक ही दिन तीन मरीजों की जेब कटने की घटनाओं से सीएचसी आए मरीजों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

# वॉलीबॉल में लखनौर व कबड्डी में सुल्तानपुर की टीम जीती

संवाददता, हरदोई

- भरखनी में हुईं स्वस्थ राष्ट्र व समृद्ध राष्ट्र थीम के तहत खेलकूद प्रतियोगिताएं

**अमृत विचार।** माय भारत के तत्वावधान में स्वस्थ राष्ट्र,समृद्ध राष्ट्र थीम के तहत ब्लाक क्लस्टर स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन भरखनी के सुल्तानपुर खेल मैदान में किया गया। वॉलीबॉल में लखनौर और कबड्डी में सुल्तानपुर की टीमें विजेता बनीं। विजेता खिलाड़ियों व टीमों को मेडल,मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर कर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह सेनानी और जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने पुरस्कृत किया।

जिला युवा अधिकारी ने खेलकूद के महत्व और थीम पर प्रकाश डाला। युवाओं के लिए वॉलीबॉल,लंबी कूद और 100 मीटर दौड़ तथा युवतियों के लिए कबड्डी, बैडमिंटन और 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वॉलीबॉल में लखनौर की टीम विजेता और भरखनी की टीम उपविजेता रही। कबड्डी में सुल्तानपुर की टीम विजेता और गोटिया की टीम उपविजेता रही। लंबी कूद में गोपी मिश्रा प्रथम, उदित द्वितीय और तस्लीम तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर महिला वर्ग में विभा, काजल, खुशबू क्रमशः विजेता रहे। बैडमिंटन में तान्या त्रिवेदी और सुकृति ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं जिला युवा अधिकारी ने मोमेंटो, मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। सभी विजेताओं को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन और संयोजन युवा मंडल अनंगपुर के अभिषेक कुमार ने किया। अन्य सदस्यों में युवा मण्डल सुल्तानपुर के अजय राजपूत,राजकुमार सिंह, सौरभ सिंह व सोनू चौहान ने सहयोग किया। जिला युवा अधिकारी, माय भारत, हरदोई प्रतिमा वर्मा ने बताया कि ब्लाक क्लस्टर स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन 6 ब्लाकों में कराया जाएगा। जिसे युवा मण्डल अथवा महिला मंडल के सहयोग से आयोजित कराया जाएगा। इस बीच जिला मंत्री, भाजपा के बगीश सिंह व सच्चिदानंद मिश्रा, खंड कार्यवाह मौजूद रहे।

### हॉकी लीग के लिए खिलाड़ियों का चयन कल

**हरदोई, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश हॉकी से मान्यता प्राप्त हॉकी हरदोई संघ द्वारा आयोजित सातवीं अंडर-14 राज्य स्तरीय बालक हॉकी लीग-2025 हॉकी लीग आईपीएल की तर्ज पर होगी। सचिव ने बताया कि लीग के लिए उत्तर प्रदेश से आए सभी खिलाड़ियों का चयन 7 दिसंबर को सीएस अकेडमी सीतापुर रोड हरदोई में होगा। इच्छुक सभी खिलाड़ी चयन के लिए 10 बजे सीएस अकादमी में पहुंचकर ट्रायल में हिस्सा ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि एंट्री नि:शुल्क है।

# सेवानिवृत शिक्षक की नदी में स्नान करते समय डूबकर मौत



**हरदोई, अमृत विचार।** गोमती नदी के पंचपीर घाट पर स्नान करते समय सेवानिवृत शिक्षक गहरे पानी में डूब गया। इसका पता चलते ही भीड़ जमा हो गई। मछुआरों की मदद से करीब दो घंटे बाद शव बाहर निकाला गया। टड़ियावां थाने के शाहपुर मुगल निवासी सेवानिवृत शिक्षक सुदामा प्रसाद शुक्ला (75) शुक्रवार की भोर पहर गोमती नदी के पंचपीर घाट पर स्नान करने पहुंचे थे। काफी देर बाद भी घर न पहुंचने पर उनकी तलाश की जाने लगी। उधर घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं व पुजारी ने घाट के किनारे सुदामा की चप्पलें पड़ी देखी। संदेह होने पर आस-पड़ोस के मछुआरों की मदद ली गई। करीब दो घंटे बाद सुदामा प्रसाद का शव नदी से बाहर निकाला गया। सेवानिवृत शिक्षक के परिवार में पत्नी गिरिजा देवी के अलावा दो बेटे व दो बेटियां है।

# जिले भर में ग्राम पंचायत सचिवों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

शाहाबाद, टड़ियांवा, माधौगंज, हरदोई


शाहाबाद ब्लॉक मुख्यालय पर धरने पर बैठे ग्राम सचिव।

**अमृत विचार।** ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में जिले भर में ग्राम पंचायत सचिव विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंप रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को शाहाबाद ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायत सचिव धरना पर बैठ कर ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करते दिखे। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ/ उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के बैनर तले हो रहे विरोध प्रदर्शन में सचिवों ने अपनी मांगों को जल्द से जल्द से पूर्ण की अपील की। इस मौके पर मोहित पाठक, सुबोध गुप्ता, नितान्त रस्तोगी, अफ्फान फारुख, मोहम्मद साजिद, इकलाख सिद्दीकी, विकास त्रिपाठी, विजय सिंह,सुनील पाल, अमर सिंह, मनोहर लाल, अंकित कुमार,ज्ञानेन्द्र सिंह, हर्षित सिंह उपस्थित रहे।

टड़ियांवा ब्लॉक परिसर में भी ग्राम पंचायत सचिवों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की और 10 सूत्रीय मांग पत्र बीडीओ इंद्रसेन नाथ को सौंपा। ज्ञापन के दौरान ग्राम विकास सचिव शिवओम त्रिपाठी, ग्राम पंचायत सचिव कुलदीप श्रीवास्तव, नरेंद्र कुमार, अर्चना पाठक, पूनम राज वर्मा, आशीष बाजपेई आदि कई लोग शामिल रहे। इसके अलावा माधौगंज विकास खंड में भी ग्राम सचिवों व ग्राम विकास अधिकारियों ने ब्लॉक परिसर में आनलाइन उपस्थिति व गैर विभागीय कार्यों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री मंत्री को सम्बोधित 10 सूत्रीय मांग पत्र एडीओ पंचायत को सौंपा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष अवस्थी, मो. हसीन, सोबरन लाल, अरविन्द कुमार, धर्मवीर गौतम, संजीव कुमार , मो सगीर, आकाश पटेल, हर्ष पटेल आदि सचिव व ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे हैं।

### छात्रावास के नवीनीकृत भवन का किया उद्घाटन

**हरदोई, अमृत विचार।** मन्नापुरवा हरदोई में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति (बालक) छात्रावास के सौंदर्यीकरण भवन का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने शुक्रवार को किया। कहा कि समाज कल्याण विभाग हरदोई द्वारा छात्रों को निःशुल्क आवासीय सुविधा, भोजन एवं आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारम्भ यह नवीनीकृत छात्रावास विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित व शिक्षानुकूल रचनात्मक वातावरण प्रदान करेगा।

आयोजन | बघराई के ग्राम पंचायत सचिवालय एवं कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

# सीडीओ ने चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

संवाददाता, हरदोई


गौशाला का निरीक्षण करतीं सीडीओ सान्या छाबड़ा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने ग्राम पंचायत बघराई ब्लाक साण्डी के उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में ग्रामीण चौपाल में जन समस्याओं का निस्तारण किया। इसके बाद सीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिवालय बघराई एवं कान्हा गौशाला बघराई का निरीक्षण किया।

चौपाल में सीडीओ ने अधिकारियों को पेंशन एवं किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों का डाटा चेक करके कमियां दूर कराने एवं अनुपालन से अवगत कराने के निर्देश दिए। पूर्ति निरीक्षक को पात्र लाभार्थियों के नये यूनिट जोड़ने एवं आवश्यकतानुसार नये राशन कार्ड बनाने को कहा। व्यक्तिगत शौचालय की मांग पर पंचायत सहायक रजनीश कुमार एवं ग्राम पंचायत सचिव नन्दनी गुप्ता को एक सप्ताह में सर्वे करके शौचालय विहीन परिवारों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। ग्रामीण चौपाल में पोषाहार वितरण,राशन वितरण एवं अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं में जनसामान्य को प्राप्त होने वाले लाभ का फीडबैक लिया गया। ग्रामीण चौपाल में खण्ड विकास अधिकारी, साण्डी काजल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी साण्डी डॉ. अखिलेश बाजपेई, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र चौधरी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद सीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिवालय बघराई का निरीक्षण किया। सचिवालय में अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य कमियां पाई गईं, जिन्हे सही कराने का निर्देश ग्राम पंचायत सचिव दिया। कान्हा गौशाला बघराई का निरीक्षण किया। गौशाला में भूसाघर, पेयजल एवं शेड का निरीक्षण किया गया।

### बाइक सवार दो भाइयों को वाहन ने मारी टक्कर, एक की हुई मौत

**सवायजपुर हरदोई, अमृत विचार।** बाइक सवार दो चचेरे भाइयों को रास्ते में रूपापुर पेट्रोल पम्प के सामने वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हे सीएचसी पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल एक को हायर सेंटर लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सवायजपुर कोतवाली के रम्पुरा खम्हरिया निवासी वीरेन्द्र सिंह का 20 वर्षीय पुत्र अभिषेक सिंह गुरुवार को अपने ताऊ बब्लू के 15 वर्षीय बेटे भोलू के साथ बाइक की सर्विस कराने रूपापुर गया था। शाम को वहीं से वापस लौट रहा था, उसी बीच रास्ते में रूपापुर पेट्रोल पम्प के सामने पहुंचते सवारी गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे अभिषेक के सिर में गहरी चोट पहुंची। भोलू भी घायल हो गया। दोनों को सीएचसी सवायजपुर पहुंचाया गया। जहां से अभिषेक को मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से हायर सेंटर के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते रास्ते में सण्डीला में उसकी मौत हो गई। पिता के साथ खेती-बाड़ी में हाथ बंटाने वाला अभिषेक दो भाइयों में बड़ा था। उसकी तीन बहनें है।

# श्री बृजराज सिंह इंटर कॉलेज को राष्ट्रीय कैडेट कोर की मान्यता

- अब यहां की छात्राओं को भी राष्ट्रीय कैडेट कोर में शामिल होने का मिलेगा मौका

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित श्री बृजराज सिंह इंटर कॉलेज अनंगपुर को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की आधिकारिक मान्यता प्राप्त हो गई है। विशेष बात यह है कि इस कॉलेज में बालिका एनसीसी इकाई स्थापित किए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ है, जिससे छात्राओं में उत्साह की लहर है। कॉलेज प्रबंधक सोमेन्द्र सिंह ने बताया कि बालिका एनसीसी इकाई की स्वीकृति के लिए पिछले कई महीनो से लगातार प्रयास किया जा रहे थे विभागीय समीक्षा और औपचारिक प्रक्रियाओं के बाद कॉलेज को या मंजूरी दी गई है। बालिका एनसीसी की स्वीकृत से अब विद्यालय की लड़कियाँ भी कैडेट बनकर परेड, अभ्यास-ड्रिल, नेतृत्व प्रशिक्षण, सामाजिक सेवा तथा साहसिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले सकेंगी। प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने कहा, बालिका एनसीसी इकाई के माध्यम से हमारी बेटियों को आत्मनिर्भरता, अनुशासन और नेतृत्व कौशल सीखने का अवसर मिलेगा। यह हमारे विद्यालय और क्षेत्र दोनों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। जल्द ही कॉलेज में बालिका एनसीसी कैडेटों का चयन, पोशाक वितरण, परेड अभ्यास और नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों ने कॉलेज प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लड़कियों के लिए यह एक बड़ा अवसर है, जो उनके आत्मविश्वास और भविष्य को मजबूत करेगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से ऑटो पलटा, पांच गंभीर

**सीतापुर, अमृत विचार :** रामकोट इलाके में तेज रफ्तार वाहन की चपेट में ऑटो आ गया। सड़क हादसे में ऑटो पलटकर खंती में गिर गया। जिससे महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताते रामकोट वासी भानुपति सहित अन्य लोग वाहन पर सवार होकर जा रहे थे। हरदोई मार्ग पर चौपहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे पांच लोग घायल हो गए। इलाज के लिए सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ग्रामोद्योग योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** जिला ग्रामोद्योग कार्यालय द्वारा ब्लॉक मुख्यालय में विपणन विकास सहायता कार्यक्रम (एससीएसपी) के तहत एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक निर्मल वर्मा, खंड विकास अधिकारी सुमित सिंह, मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम से जुड़े ओंकार प्रसाद गुप्ता, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जगदीश कुमार तथा कार्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। अधिकारियों ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना और मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को दी तथा योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

### बहराइच के युवक का पन्नी से लिपटा मिला शव

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के लहरपुर रोड पर कोटरा पुल के नजदीक काली पन्नी में लिपटा एक युवक का शव मिलने से इलाके में खलबली मच गई। राहगीरों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक की पहचान दामोदर उर्फ लल्लन निवासी लोधनपुरवा, थाना मोतीपुर, जिला बहराइच के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि शव पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### जागरूकता शिविर

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** विश्व मृदा दिवस पर कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया एवं इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों के साथ-साथ सिंघानियां कॉलेज के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इफको के विमल वर्मा ने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी तथा अन्य उन्नत उत्पादों के उपयोग पर विस्तार से बताया।

# एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र को देगी मजबूती : ब्रजेश पाठक

## उपमुख्यमंत्री ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर की समीक्षा बैठक, कुंडी खटखटाओ अभियान के तहत बूथ नंबर 216 पर किया मतदाताओं से जनसंपर्क

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



भाजपा कार्यालय पर समीक्षा बैठक करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। ● अमृत विचार


डिप्टी सीएम का स्वागत करते, एमएलसी पवन सिंह, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि खैराबाद।


पालिका अध्यक्ष सीतापुर प्रतिनिधि मुनेंद्र अवस्थी की पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे डिप्टी सीएम।

**अमृत विचार:** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया लोकतंत्र को मजबूती देगी। विपक्षी खेमा बिहार की हार पचा नहीं पा रहा, इसलिए वो इस प्रक्रिया पर अनर्गल सवाल उठा रहा है। मतदाताओं और सरकारी कर्मचारियों को इसमें मदद करनी होगी।


उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक एसआईआर के विषय में चल रही तैयारियों का जायजा लेने सीतापुर पहुंचे। भाजपा कार्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया महत्वपूर्ण है, इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें सभी का सार्थक प्रयास आवश्यक है। कहा कि सपा और अन्य विपक्षी दल बिहार की हार को पचा नहीं पा रहे हैं। इसी कारण अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहना होगा। समीक्षा बैठक के दौरान जिला प्रभारी नीरज सिंह, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, विधायक निर्मल वर्मा, विधायक आशा मौर्य, विधायक मनीष रावत, पूर्व विधायक सुनील वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, राकेश त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित रहे।

जिला प्रभारी नीरज सिंह ने कहा कि इस प्रक्रिया देश के अंदर रह रहे घुसपैठियों को बाहर किया जा सकेगा। इससे राष्ट्र सुरक्षित होगा। सबको प्रत्येक बूथ पर नियमों का पालन करते हुए एसआईआर प्रक्रिया को मजबूत करना है। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक नगर स्थित बूथ नंबर 216 पहुंचे, यहां उन्होंने मतदाताओं से संवाद किया। कई लोगों को शासन की योजना और उसके परिणाम की जानकारी दी।

**पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि के आवास पहुंचे, जताई शोक संवेदना :** डिप्टी सीएम भ्रमण के बाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनेंद्र अवस्थी के घर पहुंचे, इनकी पत्नी की मृत्यु को लेकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी और परिवार के अन्य लोग भी मौजूद थे।

# शहर के निकट पहुंचा तेंदुआ, मिले पगचिह्न

**सीतापुर, अमृत विचार:** शहर के करीब तेंदुए ने दस्तक दे दी है। कारागार राज्यमंत्री के आवास के बाहर जब पग चिह्न मिले तो दहशत में आए लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीणों का दावा है कि पहले भी पग चिह्न मिलते रहे हैं, लेकिन विभाग की ओर से ठोस कदम नहीं उठाया गया।


मंत्री के आवास के करीब मिला पगचिह्न।

पंचमपुरवा इलाके में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही का आवास है। आवास के बाहर पेड़ और खेत हैं। सुबह जब लोग निकले तो बड़े पगचिन्ह दिखे। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची, मामला मंत्री के घर के नजदीक का था, ऐसे में वन विभाग की टीम हरकत में आ गई। ट्रैप कैमरे लगाए गए। इलाका वासी रमेश, पप्पू, राजू आदि का कहना है कि इससे पहले भी पगचिन्ह मिले थे, सूचना देने के बावजूद वन विभाग की टीम ने सक्रियता नहीं बरती। कांबिंग का क्रम देर शाम तक जारी रहा।

# पटाखा फटने से बालक घायल

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** इलाके के बिचपरी गांव में बच्चे के हाथ में पटाखा फट गया। जिससे वह झुलस गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिसवां कोतवाली क्षेत्र के बिचपरी गांव वासी विकास वर्मा के मुताबिक, उनका 12 वर्षीय पुत्र ऋतिक घर के बाहर साथियों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान उसके दोस्त ने माचिस से पटाखे में आग लगा दी, पटाखा ऋतिक हाथ में फट गया। जिससे उसका हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। इलाज के लिए बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताते हैं कि बच्चे बर्थडे पार्टी से लौटे थे और उसी दौरान पटाखा दगाते समय हादसा हो गया।

# डीएम ने कमियों में सुधार लाने के दिये निर्देश

**मछरेहटा, सीतापुर, अमृत विचार :** औचक निरीक्षण पर मछरेहटा ब्लॉक पहुंचे जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. को देखकर अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। डीएम ने मनरेगा, कंप्यूटर फीडिंग, पंचायत कार्यालय सहित सभी पटल जांचे।


मछरेहटा ब्लाक का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर.।

एक फरियादी की शिकायत पर बीडीओ को कार्रवाई के निर्देश दिए। धान खरीद में हो रही बाधा पर डीएम ने कहा कि मिलों से अनुबंध में देरी के कारण समस्या हुई थी, जिसे अब दूर कर दिया गया है। निरीक्षण में मिली कमियों को सुधारने के निर्देश दिए गए। डीएम के पहुंचने से पहले ही बीडीओ से लेकर एडीओ पंचायत तक संबंधित पटल में फाइलों के साथ तैयार दिखाई दिए। करीब एक घंटे तक चले निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मनरेगा कक्ष, कंप्यूटर फीडिंग, पंचायत कार्यालय, बीडीओ कार्यालय समेत सभी पटल बारीकी से देखे। उन्होंने कर्मचारियों से अपेक्षित जानकारी लेते हुए कई जरूरी निर्देश भी दिए। निरीक्षण के बीच एक फरियादी ने डीएम से आवास फीडिंग न होने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने तुरंत बीडीओ को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं जब उनका ध्यान समितियों पर धान खरीद बाधित होने की ओर आकर्षित किया गया तो उन्होंने बताया कि मिलों से अनुबंध में देरी के कारण खरीद प्रभावित हुई है। अब कार्यवाही पूरी हो चुकी है और जल्द ही समस्या समाप्त हो जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी ने कहा कि ब्लॉक में कई महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्र की गई हैं।

वहीं, गंधेरिया ग्राम पंचायत में दिशा महिला स्वयं सहायता समूह की संचालक अर्चना ने डीएम से कहा कि ब्लॉक से किसी भी प्रकार की सहायता नहीं मिल रही है। ऐसे में उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है। शिकायत पर डीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# हादसे में युवक की मौत, तीन घायल

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की भदफर चौकी अंतर्गत ग्राम रुखारा के पास एक ट्रैक्टर ट्राली ने मोटर साइकिल सवार जीजा साले को मारी टक्कर मार दी। सड़क हादसे में जीजा की मौके पर मौत हो गई, जबकि साला गंभीर रूप से घायल हो गया।


हादसे के बाद सड़क किनारे पड़ी बाइक।

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र का रुखारा निवासी राजेश (40) पुत्र विशंभर अपनी ससुराल तालगांव थानाक्षेत्र के रुखारा गांव गया था। बताते हैं कि राजेश का परिवार ससुराल में ही था। यहां से वो अपने साले सुधीर पुत्र रामलाल व दो पुत्र सिद्धांत (5) और आकाश (7) को लेकर घर जाने लगा। बताते हैं कि बाइक सवार ग्राम घुड़सरिया रुखारा मार्ग पर पहुंचा। इसी दौरान गन्ने से लदे ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आ गया। जिससे राजेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह व भदफर चौकी प्रभारी लाल बहादुर मिश्रा ने पहुंचकर घायल सुधीर और उसके दोनों बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा में भर्ती कराया। जहां आकाश की हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर ओयल जनपद खीरी रेफर कर **किया गया है।**

**वाहन की टकराकर दो राहगीरों की मौत : बिसवां।** कोतवाली क्षेत्र के बिसवां-लहरपुर मार्ग पर ग्राम शहरी सराय के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। अमर बहादुर उर्फ अमरीश (30) पुत्र रामू निवासी भगवतीपुर, थाना लहरपुर सड़क पार करते समय वाहन की चपेट में आ गए। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने उसे सीएचसी बिसवां लेकर आई। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, बहेरवा निवासी कलीम (26) बिसवां से बाइक से घर लौट रहे थे। शेखनपुरवा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई।

# हिस्ट्रीशीटरों ने अपराध से दूर रहने की ली शपथ

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में बुधवार को कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने क्षेत्र के 130 हिस्ट्रीशीटरों को अपराध न करने और किसी भी अवैध गतिविधि में सहयोग न करने के लिए शपथ दिलाई। कोतवाल ने उन्हें जागरूक करते हुए कहा कि 15 वर्षों से किसी अपराध में सक्रिय न रहने वाले बुजुर्ग हिस्ट्रीशीटरों की फाइल बंद कर दी जाएगी। उन्होंने सभी को कठोर सख्त हिदायत दी कि कोई भी अपराध में संलिप्त पाया गया तो सख्त कार्रवाई होगी। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी की जा रही है, इसलिए उन्हें अपराध से दूर रहकर समाज की मुख्य धारा में लौटना चाहिए।

# कार्रवाई : लापरवाही पर 169 बीएलओ पर गिरी गाज

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. के निर्देशन में जिले भर में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं। ऐसे में लापरवाही बरतने वाले 169 कर्मियों पर कार्रवाई हुई। 50 ऐसे भी बीएलओ हैं, जिनको सम्मानित किया गया।

जिले भर में अब तक 83 फीसद मतदाता अपना गणना प्रपत्र भर चुके हैं। अभियान में 3644 बूथों पर कार्य किया जा रहा है। जिनमें से 522 बीएलओ शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र भरवा चुके हैं। इस दौरान जिले भर में 169 कर्मियों ने लापरवाही बरती, जिसको लेकर डीएम के निर्देश पर 169 कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई की गई।

उधर, उत्कृष्ट कार्य करने वाले 50 बीएलओ सम्मानित भी किये गए। जिलाधिकारी ने बताया है कि जनपद में कुल 38 लाख मतदाता पंजीकृत हैं। अब तक 83 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है, शेष कार्य भी जल्द पूरा हो जाएगा। अच्छा कार्य करने वालों को लगातार सम्मानित किया जा रहा है।

## सिटी डायरी



विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करते दिव्यांग। अमृत विचार

### दिव्यांगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार :** सीतापुर कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मिश्रिख खंड विकास कार्यालय पहुंचकर उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र मिश्र को डीएम के नाम संबोधित छह सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दिव्यांगों को बिना ब्याज ऋण उपलब्ध कराना, आयुष्मान कार्ड जारी करने में तेजी लाना, भूमिहीन दिव्यांग जनों को भूमि आवंटन, पेंशन स्वीकृति व नवीनीकरण में पारदर्शिता, रोजगार के अवसरों में प्राथमिकता एवं दिव्यांगों के हक की सुरक्षा की मांगें उठाई गईं।


जलसे को संबोधित करते उलेमा। अमृत विचार

### जलसे में दहेज और कुरीतियों पर उलेमाओं ने साझा किए विचार

**तम्बौर, सीतापुर, अमृत विचार :** कस्बे में पानी की टंकी के पास बुधवार रात आयोजित जलसा इस्लाहे मुआशरा में समाज सुधार और शिक्षा पर वक्ताओं ने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि मेरठ से आए हजरत मौलाना मोहम्मद खालिद ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों का मुख्य कारण शिक्षा की कमी है। उन्होंने दहेज प्रथा और अन्य गलत प्रथाओं से परहेज करने का संदेश दिया। शुरुआत कारी सुमामा इलाहाबादी द्वारा तिलावत कुरआन पाक से हुई। हाफिज अमीरुल हसन, कारी जीशान जहांगीराबादी और तारीख जमील कन्नौजी ने नात पाक पेश किए। मौलाना तौफीक और मौलाना अखलाक ने महिलाओं और पुरुषों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया।


कथा सुनाती मोहिनी किरण।

### रामकथा से सीखें जीवन की मर्यादा और धर्म: मोहिनी

**मछरेहटा, सीतापुर, अमृत विचार :** लोकभाषा में रचित रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने मानव जीवन के हर पहलू का विवेचन किया है, जो समाज में जीवन जीने की कला सिखाता है। ये विचार नैमिषारण्य क्षेत्र की कथाव्यास मोहिनी किरण ने भारासैनी मंदिर परिसर में चल रही रामकथा के दौरान व्यक्त किए। बताया कि राम का जीवन हमें पुत्र-पिता, पति-पत्नी, भाई-भाई, मित्र और समाज के प्रति कर्तव्य का पाठ पढ़ाता है। कथाव्यास ने सुनाया श्रीराम ने रावण सहित अत्याचारी शक्तियों का संहार कर मानवता का उद्धार किया।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक। अमृत विचार

### एसआईआर फार्म भरें

**गोंदलामऊ, अमृत विचार :** गोपालपुर भट्ठा पर एसआर पीडीए प्रहरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. कश्यप ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग एसआर फॉर्म भरें, इससे संगठन को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव, पूर्व विधायक हरगोविंद भार्गव, रामपाल भार्गव, नेकराम अर्कवंशी, वीरेंद्र रावत सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भव्य शोभायात्रा के साथ मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा

**मछरेहटा, सीतापुर, अमृत विचार :** भारासेनी मंदिर परिसर में पांच दिन से मूर्ति स्थापना के लिए चल रहे वैदिक अनुष्ठान की शुक्रवार को पूर्णाहुति हो गई। बताते चलें कि मंदिर परिसर मे लगी पांच मूर्तियों को अराजक तत्व द्वारा खंडित कर दिया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता, एसडीएम शैलेन्द्र कुमार मिश्र और आमजन के सहयोग से नई देवप्रतिमाओं की स्थापना का भव्य आयोजन विशाल भंडारे के संपन्न हुआ। प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व सभी देवप्रतिमाओं को लेकर विशाल शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू हुई। जो चक्रवर्ती देवी मंदिर सहित अन्य देवस्थानों से होते हुए वापस आई। इसके बाद वैदिक विधान के साथ प्राण-प्रतिष्ठा की गई। समारोह में बनगढ महंत संतोषदास खाकी, परिक्रमा समिति के अध्यक्ष नारायणदास, विमल बजरंगी, डगरहा धाम के महंत त्यागी महाराज, राष्ट्रीय हिंदू शेरसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू, आरएसएस के जिला कार्यवाह आशीष कुमार, बजरंग दल के प्रांत सह संयोजक महेंद्र पाण्डेय, संजय राठौर, रामसागर पाण्डेय, संतोष कुमार शुक्ल, महंत प्रीतमदास, विवेक शुक्ल आदि थे।

# अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करायी

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के केशरीगंज- हरगांव मार्ग पर ग्राम नबीनगर के निकट प्लाटिंग पर बुलडोजर चला। सायंकाल हुई कार्रवाई के दौरान नीव निर्माण को भी ध्वस्त कराया गया।

बता दें कि हरगांव मार्ग नबीनगर इलाके में प्लाटिंग कराई जा रही थी। इस बात की शिकायत जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. तक पहुंची। इसी के बाद सरकारी मशीनरी हरकत में आ गई। उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक अमर सिंह और लेखपाल राहुल यादव मौके पर पहुंचे। प्लाटों पर भरी नींव को ध्वस्त किया गया। भूमि की कीमत दो करोड़ से अधिक बताई जा रही है।

# स्टांप आयुक्त के निरीक्षण में दो केंद्र प्रभारी मिले नदारद

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार :** स्थानीय मंडी समिति में धान क्रय केंद्रों का स्टाम्प आयुक्त ने औचक निरीक्षण किया, इस दौरान अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

स्टांप आयुक्त जगदंबा शुक्ला ने मंडी समिति में संचालित धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया और खरीद के बारे में जानकारी ली। बता दें कि मंडी समिति में किसानों से धान की खरीद के लिए सात क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिसमें से तीन कोऑपरेटिव विभाग व चार क्रय केंद्र विपणन शाखा के द्वारा संचालित किये जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान विपणन शाखा द्वारा चलाए जा रहे चार धान क्रय केंद्रों में से केवल दो क्रय केंद्र पर ही धान की खरीद की जा रही थी। जबकि निरीक्षण के दौरान सभी विपणन शाखा के चार धान क्रय केंद्रों के प्रभारी नदारत थे, फोन करके एक धान क्रय केंद्र प्रभारी को बुलाया गया, जबकि कोऑपरेटिव सेक्टर द्वारा स्थापित तीनों धान क्रय केंद्रों पर केंद्र प्रभारी मौजूद मिले।

स्टांप आयुक्त जगदंबा शुक्ला ने बताया कि निरीक्षण के बाद जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।

सौंपा ज्ञापन | जनपद के सभी विकास खण्डों में किया गया धरना-प्रदर्शन

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में बिफरे पंचायत सचिव

अमृत विचार टीम, सीतापुर,


आनलाइन हाजिरी के विरोध में प्रदर्शन करते पंचायत सचिव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के सयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम विकास अधिकारी ने आन लाइन हाजिरी को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को सम्बोधित दस सूत्रीय मांगपत्र खंड विकास अधिकारी को सौपा।

बिसवां में ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम विकास अधिकारियों ने काली पट्टी बाध कर विरोध प्रदर्शन किया। ऐलिया ब्लॉक में सभी ब्लॉक सचिवों ने बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। धरने पर बैठे सचिवों ने कहा कि बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली जमीनी स्तर पर काम कर रहे कर्मचारियों के लिए अव्यवहारिक है। उन्होंने इस प्रणाली को लागू करने पर अपनी आपत्ति व्यक्त की। सांडा में ग्राम पंचायत सचिवों ने फार्मर रजिस्ट्री, एग्रो स्टेक सर्वे, गौशाला प्रबंधन, आयुष्मान कार्ड, पेंशन सत्यापन, शिक्षा विभाग के कायाकल्प कार्यक्रम, बोर्ड परीक्षा ड्यूटी, भूसा प्रबंधन, पराली प्रबंधन जैसे मुद्दों को उठाया। मिश्रिख में बैठे कर्मचारियों ने कहा कि पंचायत स्तर पर विकास एवं प्रशासनिक दायित्वों के साथ-साथ कई अतिरिक्त विभागीय कार्यों का दबाव बढ़ा दिया गया है।

**पंचायत सचिवों ने किया प्रदर्शन :कमलापुर।** विकास खंड कसमंडा के ग्राम पंचायत सचिवों ने प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को रखते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। विकास खण्ड कार्यालय पर बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत सचिव पहुंचे। दावा किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न प्रकार के 29 से अधिक विभागीय कार्यों का संपादन ग्राम पंचायत सचिव द्वारा किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### आपकी पूंजी, आपका अधिकार शिविर आज

**रायबरेली :** एलडीएम रूपेश दुबे ने बताया कि छह दिसम्बर को कलेक्ट्रेट सभागार बचत भवन में पूर्वाह्न 10 बजे से आपकी पूंजी आपका अधिकार शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को बैंक जमा, बीमा पॉलिसियों, लाभांश, शेयर और म्यूचुअल फंड की आय जैसी बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों के बारे में जानकारी देना, उनकी पहचान करना और दावा प्रक्रिया को सरल बनाना है।

### बीडीओ ने बूथों का किया निरीक्षण

**महराजगंज :** चुनाव आयोग द्वारा वास्तविक मतदाताओं के मिलान के लिए चलाए जा रहे एसआईआर अभियान की धीमी प्रगति वाले बूथों पर पहुंच कर खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान मतदाताओं से बीएलओ का सहयोग व समय पर फ़ार्म भरवाने की अपील की। शुक्रवार को जमुरांवा गांव के बूथ संख्या 269के बीएलओ दीपशिखा,270के मीरा देवी व 271के अनीता त्रिपाठी से मिलकर एसआईआर की प्रगति जानी। वहीं उत्तर प्रदेश कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व बछरावां विधानसभा के समन्वयक मनोज यादव ने बीएलओ अनीता त्रिपाठी से एसआईआर फार्म भरवाने में आ रही समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के बीएलए राजकरण सिंह, राजेश, गौरव मिश्रा व कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### पेड़ काटने पर दो के खिलाफ एफआईआर

**खीरों :** थाना क्षेत्र के अकोहरिया गांव में शुक्रवार को अवैध रूप से तीन हरे महुवा के पेड़ चोरी से काटकर उसकी लकड़ी उठा ले जाने मामला सामने आया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौके की जांच की। वन विभाग के क्षेत्रीय वनरक्षक राजेश कुमार ने गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र के गांव आशाराम का पुरवा निवासी बद्रीप्रसाद उर्फ धर्मेन्द्र, अकोहरिया गांव निवासी मनोज कुमार के विरुद्ध अवैध रूप से हरे पेड़ काटकर चोरी से लकड़ी उठा ले जाने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय वनरक्षक के शिकायती पत्र के आधार पर दो नामजद लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### राजकीय हाई स्कूल में मेधावी सम्मानित

**जगतपुर :** राजकीय हाई स्कूल जगतपुर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना के साथ की गई। वर्ष भर के शैक्षिक सत्र में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं निबंध प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि डॉ. शिवमूर्ति सिंह तथा कार्यक्रम अध्यक्ष खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में अभिभावकों सहित जूनियर हाई स्कूल की प्रधानाचार्य एवं शिक्षक भी मौजूद रहे। छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सूची सिंह ने किया। शिक्षिका पारुल के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। प्रधानाचार्य मधुबाला श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों व सहयोगियों के प्रति आभार जताया है।

# कोर्ट में हुई राहुल गांधी की नागरिकता पर सुनवाई

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले के सांसद राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर रायबरेली की एमपी एमएलए कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई की जानकारी को गोपनीय बताते हुए गुप्त रखा गया है।

बंगलुरु के रहने वाले भाजपा से जुड़े एस. विग्नेश शिशिर ने दो दिन पहले राहुल गांधी को ब्रिटिश नागरिक बताते हुए उनकी लोकसभा की सदस्यता रद्द करने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि उनके पास इस बात के पर्याप्त सुबूत हैं कि राहुल गांधी ने खुद को ब्रिटिश नागरिक बताते हुए विदेश में प्रपत्र भरे हैं।

शिशिर के मुताबिक ऐसे व्यक्ति को जिसके पास ब्रिटिश की नागरिकता हो उसके सांसद बने रहने की वैधता को चैलेन्ज करते हुए ही रायबरेली की एमपी एमएलए कोर्ट में परिवाद डाला गया है। उन्होंने कहा कि इस पर कोर्ट सुनवाई कर रहा है।

# सदर और सलोन के 207 दिव्यांगों को मिले 432 सहायक उपकरण

संवाददाता, रायबरेली

**खिले चेहरे**

- जीआईसी में आयोजित कार्यक्रम में सदर और सलोन विधायक ने वितरित किए सहायक उपकरण

**अमृत विचार।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में एडिप योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण के लिए सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक सदर अदिति सिंह, विधायक सलोन अशोक कुमार के साथ जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, सहायक प्रबंधक एलिम्को सुरेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस दौरान सदर और सलोन के 207 दिव्यांगों को 432 सहायक उपकरण वितरित किए गए। सहायक उपकरण पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में शामिल करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाये चला रही है।



जीआईसी में आयोजित सहायक उपकरण वितरण के दौरान मौजूद अतिथिगण।

उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज उसी क्रम में दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण किये गये है, जिससे वे अपने दैनिक जीवन में स्वावलंबी बन सकें। सलोन विधायक अशोक कुमार ने कहा कि दिव्यांजन समाज के सम्मानित और अभिन्न अंग है, जिसमें असीम संभावनाए छिपी होती है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सकार द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु अनेक योजनाए संचालित है, जिसका उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और मुख्यधारा से जोड़ना है।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समाज कल्याण अधिकारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि सूची में बरती गई पारदर्शिता के लिए बधाई की पात्र हैं। इस दौरान विकास खण्ड अमावां से 71 व छतोह से 136 पंजीकृत दिव्यांगजन लाभार्थियों को सहायक उपकरण दिए गए। अतिथियों का स्वागत जिला समाज कल्याण अधिकारी/दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने स्वागत किया। यहां जिला विद्यालय निरीक्षण संजीव कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जयपाल वर्मा आदि रहे।

# सड़क हादसे में दो बुजुर्गों की मौत, कोहराम

## खीरों-अतरहर मार्ग पर खजुरिहाबांध के पास बाइक की टक्कर से हुआ हादसा, बाइक चालक गंभीर

संवाददाता, खीरो (रायबरेली)



राम भरोसे की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के खीरों-अतरहर मार्ग पर स्थित खजुरिहाबांध के पास गुरुवार की शाम बाइक ने साइकिल सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दिया। इससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने सूचना परिजनों को देते हुए एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी खीरों पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने बाइक सवार युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं अन्य हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई।



मौत के बाद बैठे गमगीन परिजन। अमृत विचार

### मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोग घायल, रेफर

**जगतपुर (रायबरेली)।** शुक्रवार को पूरे पांडे मजरे कंदरावा निवासी जितेंद्र (32) पुत्र रामनिवास बाइक से हथकुई गांव के पास छुट्टा मवेशी से टकरा गए। जिसमें वह घायल हो गया। दूसरी घटना जगतपुर थाना क्षेत्र के दुर्गा बक्स के पुरवा के पास दो बाइको में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें रंज्जन पुत्र सुखलाल निवासी पूरे मेहरबान (55) घायल हो गए। जिन्हें जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। सीएचसी के डॉ. लइक अहमद ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल आए थे। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

हिंदूखेड़ा मजरे बरौंडी निवासी राम भरोसे (70) गुरुवार की शाम साइकिल द्वारा कलुवाखेड़ा बाजार से घर वापस आ रहे थे। तभी खीरों-अतरहर मार्ग पर खजुरिहाबांध के पास बरौंडी मोड़ के पास उन्नाव जनपद के मौरावां थाना क्षेत्र के बटुवा मजरे लउवा गांव निवासी दुर्गेश पुत्र श्यामलाल की बाइक से टक्कर हो गई। इसमें रामभरोसे व बाइक चालक दुर्गेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में रामभरोसे की मौत हो गई। वहीं दुर्गेश का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। रामभरोसे की मौत की सूचना गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस घटना से मृतक की पत्नी रताना, पुत्र सत्तीप्रसाद, शिव प्रकाश, पुत्री जमुना, सरजू, सरस्वती व गुड़िया सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पुत्र शिवप्रकाश की सूचना पर बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### हादसे में वृद्ध की मौत, बाइक छोड़ चालक फरार

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच राजमार्ग पर स्थित ओनई गांव में शुक्रवार की शाम एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने एक बुजुर्ग साइकिल सवार को तेज टक्कर मार दी। इस घटना में साइकिल सवार बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं अज्ञात बाइक सवार अपनी बाइक मौके पर छोड़कर घटनास्थल से फरार हो गया। शुक्रवार की शाम गढ़ी दूलारॉय गाँव निवासी नेवल (62) पुत्र शीतलदीन रैदास अपनी साइकिल से ओनई गाँव से अपने घर वापस जा रहे थे। तभी लालगंज की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने साइकिल में तेज टक्कर मार दी। घटना में साइकिल सवार बुजुर्ग के सिर में गम्भीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वही घटना के बाद आरोपी चालक मोटरसाइकिल घटनास्थल पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, हत्या करने का आरोप

संवाददाता, शिवगढ़ (रायबरेली)

**जांच की मांग**

- मृतका के पति को पुलिस ने हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ



संगीता की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सरैया में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता संगीता (23) पत्नी लवकुश की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शुक्रवार को पंचनामा भरकर शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मायका पक्ष ने हत्या कर फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। मृतका के भाई रंजीत ने थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

बछरावां थाना क्षेत्र की तिलेण्डा निवासिनी मृतका की मां रामलली पत्नी स्व. स्व.परमेश्वर ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी संगीता की शादी वर्ष 2021 में लवकुश के साथ हुई थी। दामाद पर आए दिन शराब पीकर बेटी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। रात में दामाद लवकुश ने फोन करके बताया कि संगीता ने फांसी लगा ली है। रात में जब परिजनों के साथ मां बेटी के घर पहुंची तो जमीन पर मृत अवस्था में उसका शव पड़ा था। पास में बैठा मृतका संगीता का 4 वर्षीय बेटा अंकुश फफक कर रो रहा था। उसका आरोप है कि जहां उसकी बेटी का शव पड़ा था वहीं दामाद शराब के नशे में मौजूद था। जिसकी सूचना उन्होंने रात में ही पुलिस को दी। मृतका की मां रामलली, बहन अंजू ने मृतका के पति सहित ससुराली जनों पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं मृतका की सास राजकुमारी पत्नी कंधई का कहना है कि रात में दोनों पति-पत्नी एक साथ बैठकर खाना खा रहे थे, तभी बहू संगीता के फोन पर आए एक फोन नम्बर को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। बीच बराव करके वह अपने घर चली गई थी। बाद में रात में उन्हें जानकारी मिली की बहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

इस संबंध में शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्य विनय का कहना है कि मृतका के भाई ने तहरीर दी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टा मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# धर्म और मानवता की रक्षा के लिए जाना जाता है शहीदी पर्व

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी पर्व पर समर्पित अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। प्रांत समरसता प्रमुख राज किशोर ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का शहीदी पर्व एक महान बलिदान दिवस है, जो धर्म और मानवता की रक्षा के लिए जाना जाता है। उनका संकीर्तन हमें उनके जीवन और आदर्शों से प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने धर्म की रक्षा के लिए अपना जीवन दिया और हमें सिखाया कि सत्य और न्याय के लिए लड़ना चाहिए। उनका संकीर्तन हमें उनके बलिदान को याद करने और उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। संचालन धर्म जागरण विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला ने किया। संकीर्तन टीम में श्री गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के संरक्षक सरदार अवतार सिंह छाबड़ा, मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जगरूप सिंह, भाई जगतार सिंह, भाई करमजीत सिंह, भाई अजीत सिंह शामिल रहे। ज्ञानी जगरूप सिंह ने कथा के माध्यम से गुरु जी के ऐतिहासिक कार्यों और उनकी महिमा का बखान किया। इसके पूर्व श्री गुरु तेग बहादुर महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।



संकीर्तन करते श्री गुरु सिंह सभा के ग्रंथी।

- श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी पर्व पर समर्पित अखंड कीर्तन का हुआ आयोजन

इस अवसर पर अजीत, अनंत बाजपेई, उधम जायसवाल, सरदार सेवा सिंह, सरदार सतपाल सिंह, अनूप पांडे, कैलाश बाजपेई, अशोक शुक्ला, संजय चड्ढा, विमल गुप्ता, अक्षत पांडे समेत सैकड़ों आदि लोग मौजूद रहे।

### नमकीन गोदाम में आग से लाखों का सामान राख

**लालगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** कस्बे के अंबेडकर मार्ग मोहल्ले में नमकीन गोदाम में भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। कस्बा निवासी सुरेंद्र सैनी के नमकीन गोदाम में शुक्रवार दिन में आग लगी। आसपास के लोगों ने गोदाम से आग की लपटें निकलते देखीं। उन्होंने तुरंत सबमर्सिबल पंप चलाकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। आग लगने की सूचना पर लालगंज कस्बा इंचार्ज नितिन मलिक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग को भी सूचित किया गया। दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन गोदाम के अंदर नहीं जा सकी। तब तक गोदाम में रखी नमकीन, भटकी, भगोना, मोटरसाइकिल और अन्य सामान जलकर खाक हो चुके थे।

# व्यवसायी का मोबाइल हैक, खाते से निकाले गए 51 हजार रुपये

**जगतपुर (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के पूरे विजयी सिंह मजरे पूरब गांव निवासी व्यवसायी सनिल पुत्र राजकुमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। उनका कहना है कि अपने मोबाइल में फोन-पे चलाते हैं। जिससे वह लेन-देन आदि का कार्य करते हैं। शिकायती पत्र में कहा है कि तीन दिसंबर को अचानक उसका मोबाइल फोन हैक हुआ और पैसे कटने के मैसेज आने लगे। उसने बताया कि उसके खाते से चार बार में लगभग 51352 रुपये कटने का मैसेज प्राप्त हुआ तो उसके होश उड़ गए। पीड़ित व्यवसायी ने बैंक, थाने और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंप कर साइबर अपराधियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस बाबत जगतपुर थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# आस्था का केंद्र बना सोहलेश्वर धाम, कई प्रांतों के व्यापारी पहुंचे

**आस्था**

- अगहन में महीने भर लगता है मेला, हर दिन श्रद्धालुओं का लगता है जमावड़ा

संवाददाता, सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के प्रसिद्ध धाम सोहलेश्वर में वैसे तो श्रद्धालुओं का हर दिन तांता लगा रहता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण अगहन मास होता है। इस महीने प्रत्येक वर्ष मेला लगता है, जो पूरे एक माह तक चलता है। इसमें उत्तर प्रदेश के अलावा देश के कई राज्यों से व्यापारी आते हैं। बकायदा अपने यहां के उत्पादों की बिक्री करते हैं। एक महीने तक यह प्रमुख व्यापारिक केंद्र बना रहता है। इस बार भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड समेत कई प्रांतों से आए व्यापारियों के प्रतिष्ठान प्रसिद्ध धाम सोहलेश्वर के मेले में शोभा बढ़ा रहे हैं। कई राज्यों की दुकानें यहां पर आ जाने से आसपास के लोग भी पहुंचने लगे हैं। इस दौरान शादी समेत अन्य समारोहों के लिए किफायती दाम में यहां पर सामग्री लोगों को मिल जा रही है।



सोहलेश्वर धाम में चल रहे मेले में लगी दुकानें। अमृत विचार

वैसे तो जिले के कोने-कोने से लोग मेले में आते हैं। ऐसे में हर किसी को इस मेले का बेसब्री से इंतजार रहता। जानकारों की माने तो यह मेला दिसंबर माह में चरम पर होता है।प्रबंधक सुशील कुमार का कहना है कि व्यापारियों की सुविधा के लिए मेला में सभी इंतजाम करा दिए गए हैं। प्रबंधक अंजय सिंह का कहना है कि मेला में प्रदेश के कई जिलों के साथ ही अन्य प्रांतों से भी व्यापारी आते हैं।

**आस्था के केंद्र सोहलेश्वर में बढ़ रही रौनक:** मुरारमक गांव के दुर्गा बताते है कि बचपन मेला देखते चले आ रहे हैं। सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज सरेनी के प्रबंधक अंजय सिंह भोले बाबा के भक्त है। इनका मानना है कि सुंदरता व प्रसिद्ध के पीछे शिवजी की ही कृपा है। रसूलपुर गांव के पूर्व प्रधान सुरेश सिंह का कहना है कि बचपन में मेला जाने के लिए माता-पिता से लड़ जाते थे। युवा नेता धर्मेंद्र धाकड़ का मानना है कि गोविंदपुर मेला आज भी पहले की तरह लगातार प्रगति पर है। इसकी वजह यही है कि इसकी देखभाल करने वाले सभी की सुधि रखते हैं।

**दिखाया दमखम** बैसवारा इंटर कॉलेज में आयोजित विधायक खेल स्पर्धा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

# हर खिलाड़ी को फिर से बेहतर प्रयास करते रहना चाहिए : देवेंद्र प्रताप

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से बैसवारा इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरेनी विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह रहे। उन्होंने कहा कि जीतने वाले कभी हौसला नहीं हारते और हौसला हारने वाले कभी नहीं जीतते। उन्होंने कहा कि हार से बहुत उत्साहित होने की जरूरत नहीं है, हर खिलाड़ी को फिर से बेहतर प्रयास करते रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता, मनोज अवस्थी, राम प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष प्रताप सिंह ने किया।

अंडर-16 बालिका सौ मीटर दौड़ में अनामिका प्रथम, राखी द्वितीय, हिमांशी ने तृतीय, अडर-19 बालक सौ मीटर दौड़ में शुभम प्रथम, अंकित द्वितीय, धीरज कुमार तृतीय, अंडर-19 बालिका सौ मीटर दौड़ में नंदिनी प्रथम, मोनिका द्वितीय, अंश का तृतीय सीनियर सौ मीटर बालक में शुभम प्रथम, राज द्वितीय व विशाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया1 इसी प्रकार 400 मीटर दौड़ सीनियर बालिका में आंचल प्रथम, मोनिका द्वितीय, खुशी देवी ने तृतीय व 400 मी. दौड़ सीनियर बालक में मोहित प्रथम, अमित द्वितीय, सतीश ने तृतीय व 800 मी. दौड़ सीनियर बालिका में नेहा प्रथम, आंचल द्वितीय, अर्पित यादव तृतीय व 1500 मीटर दौड़ बालक अमरेश प्रथम, प्रभाकर द्वितीय, हिमांशु पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बैडमिंटन एकल में सुनील कुमार विजेता व सुबेश कुमार वर्मा उपविजेता रहे 1 बैडमिंटन सीनियर युगल में सुनील कुमार व सुबेश कुमार विजेता एवं विश्वास बहादुर सिंह, अरविंद कुमार शुक्ला उपविजेता रहे। अंडर 16 लम्बीकूद बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर बबलू, द्वितीय कैश मोहम्मद और तृतीय स्थान राज ने प्राप्त किया1 यहां पर विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।



खिलाड़ी को सम्मानित करते विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

कार्यक्रम में बीडीओ गगनदीप सिंह, बीईओ राजीव कुमार, नंदलाल रजक, वीरेंदनाथ द्विवेदी, अमिताभ कुमार, राजेश सिंह, पुनीत तिवारी, संतलाल, भीमप्रताप सिंह, जयशंकर वर्मा, डिंपी तिवारी, पूनम यादव, विनोद कुमार, सुशील मिश्रा, अनुराधा देवी, शिव देवी आदि लोग मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता टीम को किया गया सम्मानित

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से विधायक खेल स्पर्धा के द्वितीय दिवस वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, भारोत्तोलन की प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। वॉलीबॉल सब जूनियर बालिका वर्ग में नगर क्षेत्र की टीम विजेता व अमावां टीम उपविजेता रही। बैडमिंटन सब जूनियर बालक वर्ग में आर्यन यादव प्रथम, अविरल द्वितीय रहे। जूनियर बालक वर्ग में हिमांशु विजेता व विवेक उपविजेता रहे। वॉलीबॉल बालक जूनियर वर्ग में टीम अमावां विजेता व राही उपविजेता रही। भारोत्तोलन में 55 केजी में शिवानी प्रथम, मोनी द्वितीय, दीपिका तृतीय रही। 67 केजी में विमल प्रथम, बृजेश द्वितीय, विमलेश तृतीय रहे। 55 केजी बालक वर्ग में अंकुश प्रथम, महेश द्वितीय, अथर्व ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फुटबॉल सब जूनियर बालक वर्ग में नगर क्षेत्र की टीम विजेता व अमावां की टीम उपविजेता रही। विजेता खिलाड़ियों को खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह ने मेडल, ट्रॉफी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्वाति सिंह, अंजू यादव, खेल अनुदेशक आदि लोग उपस्थित रहे। उधर, बछरावां स्थित मिनी स्टेडियम में दूसरे दिन आयोजित विधायक खेल स्पर्धा में वॉलीबॉल बालिका वर्ग में जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय विजेता व कंपोजिट विद्यालय पस्तौर की टीम उपविजेता रही। कुश्ती में रोशन प्रथम, दीपांशु द्वितीय रहे। 40-45 भार वर्ग में अथर्व प्रथम व दीपक द्वितीय व बैडमिंटन सिंगल में रोशन प्रथम, आदर्श दूसरे व बैडमिंटन डबल्स में अंश व रामजी प्रथम व अक्षय व रौनक द्वितीय स्थान पर रहे। इस दौरान विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती, रुचि शुक्ला, शिखा श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।



मेडल के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी, मौजूद अतिथि।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, कोहराम

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

कोतवाली क्षेत्र के पूरे झाउलाल मजरे बहाई गांव निवासी अमरेश (20) पुत्र जागेश्वर यादव शुक्रवार की सुबह घर से निकला था। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने उसके घर पर अमरेश का शव रेल पटरियों के मध्य पड़ा होने की सूचना दी। जिससे हड़कंप मच गया। मृतक के पिता का कहना है कि अमरेश नित्य क्रिया के लिए घर से निकला था। तभी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। घटना स्थल से उसका घर लगभग 500 मीटर दूर है। मृतक पांच भाई व दो बहनों इंद्रेश, कमला, विमला, अनीता, विनीता व अंतिमा में पांचवे नंबर पर था। वह घर पर ही रहकर खेती आदि के काम में हाथ बटाता था। अमरेश की मौत पर मां राजकुमारी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक पीके सिंह और चौकी इंचार्ज बहाई अजय मिश्रा का कहना है कि रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है।

**अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, शिवगढ़:** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के झमईखेड़ा मजरे गूढ़ा निवासी अनिल कुमार (32) पुत्र संतलाल बाइक से शिवगढ़ नगर पंचायत के मनउखेड़ा से अपने घर जा रहा था। रास्ते में अहलादगढ़ मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

न्यूज ब्रीफ

### सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात कैद

**बछरावां (रायबरेली) :** थाना क्षेत्र के ग्राम गुलाब खेड़ा मजरे मलपुर निवासी रामेश्वर पुत्र लोकई शुक्रवार की दोपहर गल्ला मंडी बछरावां में सब्जी ले रहा था। तभी एक अज्ञात व्यक्ति उसकी साइकिल चुराकर भागने लगा। प्रार्थी के शोरगुल करने पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। यह वारदात पास में एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर दे दी है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर व वीडियो के आधार पर युवक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### शिविर में बांटे गए उपकरण

**जगदीशपुर (अमेठी)।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को ब्लॉक परिसर जगदीशपुर में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर द्वारा एडिप योजना के अंतर्गत एक दिव्यांगजन सामाजिक अधिकारिता शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 296 पूर्व-चिन्हित लाभार्थियों को 603 सहायक उपकरण नि:शुल्क वितरित किए गए। शिविर में दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, फोल्डिंग व्हीलचेयर, बैसाखी, एल्बो बैसाखी, फोल्डिंग वॉकर, छड़ी, समायोज्य छड़ी, सुगम्य केन, रोलेटर, बीटीई कान मशीन, सीपी चेयर सहित कई सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विधायक सुरेश पासी, ब्लॉक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरी, मुख्य विकास अधिकारी सचिन सिंह, खंड विकास अधिकारी अंजलि सरोज, दिव्यांगजन कार्यक्रम अधिकारी विकास मौर्य, सांसद प्रतिनिधि अनुपम पाण्डेय, प्रधानाध्यापक मान सिंह राठौर, रामहेत वैश्य, एस.के. रथ (नोडल अधिकारी, एलिम्को) समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

### नर्सिंग महासम्मेलन संपन्न

**अमेठी :** इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग मुंशीगंज, में बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन चल रहा है। यह महासम्मेलन "सीमाओं से परे नर्सिंग अनुसंधान : सार्वभौमिक कल्याण के लिए पद्धतिगत एकीकरण" विषय पर आधारित है, जिसका मुख्य थीम 'नर्सिंग अनुसंधान एवं अभ्यास में मिश्रित विधियों के अभिनव अनुप्रयोग' रखा गया है। सम्मेलन में देश-विदेश सहित प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य, प्रोफेसर, शोधार्थी और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन सत्र में विभिन्न देशों से आए वरिष्ठ नर्सिंग विशेषज्ञ, प्रोफेसर और शिक्षाविदों का स्वागत किया गया। इनमें किंग सऊद मेडिकल सिटी, रियाद के वरिष्ठ नर्स शिक्षकों और मेथोडिस्ट रिचर्डसन मेडिकल सेंटर, यूएसए की प्रोफेसर डॉ. एलिज़ाबेथ डी. आरोन जैसे विशेषज्ञ शामिल थे। कई प्रकाशकों ने नर्सिंग विषयों से संबंधित अपनी नवीनतम पुस्तकों के विमोचन की घोषणा की और प्रतिभागियों को प्रकाशन स्टॉल पर जाने का आग्रह किया। द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रात:कालीन सत्र नर्सिंग अनुसंधान और प्रैक्टिस में मिश्रित विधियों के नवाचारी अनुप्रयोगों पर केंद्रित रहे। डॉ. एलिज़ाबेथ डी. आरोन, नर्सिंग प्रोफेशनल डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट, मेथोडिस्ट रिचर्डसन मेडिकल सेंटर, टेक्सास, यूएसए ने प्रथम मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया। सत्रों के दौरान सभी वक्ताओं को उनकी प्रस्तुतियों के लिए धन्यवाद दिया गया।

# दो दिन पूर्व लापता हुए युवक का कुएं में मिला शव, फैली सनसनी

## पूरे कालू मिश्रा गांव का मामला, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, अमेठी



विपिन पांडेय की फाइल फोटो।



मौके पर जांच करती फॉरेंसिक टीम व मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुंशीगंज थाना क्षेत्र के पूरे कालू मिश्रा में शुक्रवार सुबह लगभग दस बजे उस समय सनसनी फैल गई, जब दो दिन से लापता चल रहे युवक का शव गांव के पास स्थित कुएं में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच की।

जानकारी के मुताबिक गांव निवासी विपिन पांडेय (32) बुधवार शाम पांच बजे घर से निकले थे। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की और गुरुवार को चौकी शाहगढ़ में गुमशुदगी की सूचना दी थी। परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने लगातार तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह लगभग दस बजे ग्रामीणों ने कुएं में एक शव देखा, जिसकी सूचना गांव में तेजी से फैल गई। मौके पर पहुंचकर लोगों ने शव बाहर निकाला। वहीं युवक की पहचान विपिन पांडेय के रूप में होने पर परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलने पर मुंशीगंज पुलिस पहुंची और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

विपिन की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां गीता पांडेय बेसुध होकर बार-बार बेटे को याद कर रुलाई पर काबू नहीं रख पा रही थी। वहीं पिता कपिल देव पांडेय भी अचानक हुए इस हादसे से टूट गए हैं। बहन नीतू, लवली और रीतू इकलौते भाई की मौत से सदमे में हैं और कह रही हैं कि अब राखी किसे बांधेंगी। उधर, पत्नी गुंजन लगातार रो रही है और किसी से बात करने की हालत में नहीं थी। छह वर्षीय बेटे विराट और चार वर्षीय बेटी विधि को भी घर के माहौल ने गमगीन कर दिया है। गांव में शोक की लहर है और ग्रामीण परिवार को ढांढस बंधाने में लगे हैं।

### 3 किलोग्राम गांजा के साथ दंपति गिरफ्तार

**फुरसतगंज (अमेठी)।** "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के तहत फुरसतगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मोटरसाइकिल से जा रहे एक दंपति को रोककर तलाशी ली, जिसमें उनके पास से कुल 3 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लाला, पुत्र ज्ञान सिंह, उम्र लगभग 50 वर्ष ,संगीता, पत्नी लाला, उम्र लगभग 47 वर्ष निवासी काशीराम कालोनी, थाना कोतवाली उन्नाव, जनपद उन्नाव पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान लाला के कब्जे से 2 किलो तथा संगीता के कब्जे से 1 किलो गांजा बरामद किया गया। दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर अवैध मादक पदार्थ ले जा रहे थे। इसकी जानकारी पर फुरसतगंज थाना पुलिस ने पति, पत्नी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और बरामदगी के आधार पर उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

# सचिवों ने एडीओ पंचायत को सौंपा ज्ञापन



एडीओ पंचायत अशोक कुमार को ज्ञापन देते सचिव।



प्रदर्शन करते सचिव। अमृत विचार

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

आक्रोश

**अमृत विचार।** ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली, बढ़े हुए कार्यभार और संसाधनों की कमी को लेकर ग्राम पंचायत सचिवों का धैर्य अब टूट गया। पिछले कई दिनों से काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे सचिव, शासन द्वारा कोई संज्ञान न लिए जाने से आक्रोशित हो उठे और प्रदेश नेतृत्व की आह्वान पर शुक्रवार को शुकुल बाजार विकासखंड में धरने पर बैठ गए। ग्राम पंचायत समन्वय समिति के ब्लॉक अध्यक्ष रवि यादव की अगुवाई में सचिवों ने विरोध प्रदर्शन शुरू करते हुए अपनी मांगों का दस सूत्रीय ज्ञापन एडीओ पंचायत अशोक कुमार को सौंपा।

धरने पर बैठे सचिवों ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था फील्ड आधारित कार्य के अनुकूल नहीं है। एक-एक सचिव पर आठ से दस ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी है, ऐसे में प्रतिदिन निश्चित स्थान और समय पर मोबाइल एप से उपस्थिति दर्ज करना संभव नहीं। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क बाधाएं, निरीक्षण, जनसेवा कार्य और अन्य विभागीय दायित्वों के चलते उपस्थिति दर्ज करने में निरंतर समस्या आ रही है। धरने में सुरेश मिश्रा, सूरज पटेल, अमित कुशवाहा, अमित रावत, कामिनी गिरी, राकेश सरोज, पुनीत राज, कौशल, नीरज कुमार, रितिका जायसवाल सहित विकासखंड के सभी सचिव मौजूद रहे। सचिवों ने यह भी कहा कि पंचायत विभाग के साथ-साथ राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण और जनगणना तक के कार्य उन्हीं पर थोप दिए गए हैं, जबकि न तो सरकारी मोबाइल, न वाहन और न ही सीयूजी उपलब्ध कराया गया है।

**ग्राम सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली का किया विरोध, जगदीशपुर:** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन, विकास खण्ड जगदीशपुर के पदाधिकारियों ने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को अव्यवहारिक बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक विस्तृत ज्ञापन भेजा है। अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी, आवश्यक संसाधनों का अभाव तथा तकनीकी बाधाओं के कारण इस व्यवस्था को जमीनी स्तर पर लागू करना संभव नहीं है। संघ ने ज्ञापन में केवल ग्राम सचिवों पर ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य किए जाने पर आपत्ति जताई है। ज्ञापन सौंपने वालों में शुभाष चंद्र पाण्डेय (प्रदेश अध्यक्ष, ग्राम विकास अधिकारी संघ), ओम प्रकाश, शुभाष पटेल, मनोज कुमार मिश्रा, अतुल कुमार, निशा गौतम, शहंशाह रिज़वी, श्रीमती प्रिया सिंह, अखिलेश गौतम, रजनीश भाष्कर, संजय आनंद सहित ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## अधिवक्ता परिषद अवध प्रान्त जिला इकाई का हुआ गठन

संवाददाता, मुसाफिरखाना (अमेठी)

**अमृत विचार।** अधिवक्ता परिषद अवधि प्रान्त जनपद अमेठी इकाई का गठन हुआ। मुख्यालय गौरीगंज अमेठी में अधिवक्ता परिषद अवध प्रान्त के प्रान्तीय महामंत्री उच्च न्यायालय लखनऊ व अजय कुमार त्रिपाठी एडवोकेट की उपस्थित में बैठक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मीनाक्षी सिंह परिहार बतौर मुख्य अतिथि की देखरेख में अधिवक्ता परिषदअवध प्रान्त अमेठी ईकाई के जिला अध्यक्ष पद के लिए राजेश कुमार सिंह एडवोकेट तथा महामंत्री पद पर शशिलेव कुमार शुक्ल, कोषाध्यक्ष के लिए अनुपम सिंह एडवोकेट, उपाध्यक्ष के लिए अवधेश सिंह, संजय कुमार सिंह एडवोकेट तथा सुशील कुमार भारती एडवोकेट तिलोई, मंत्री पद के लिए राकेश कुमार शुक्ल, अभिषेक सिंह, अशोक यादव एडवोकेट को चयनित किया गया। उक्त कार्यक्रम अधिवक्ता भवन मुख्यालय गौरीगंज के सभागार में सम्पन्न हुआ।

### महिला को जहरीले जंतु ने काटा, रेफर

**शुकुल बाजार (अमेठी)।** क्षेत्र के पूरे जीत तिवारी गांव में शुक्रवार की शाम अचानक उस समय हड़कंप मच गया, जब घर की रसोई में खाना बनाते समय आशी तिवारी को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। घटना के बाद आशी की हालत बिगड़ने लगी तो परिजन घबराकर उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान बताया कि जंतु के काटने से उसके शरीर में सूजन और चक्कर आने जैसी समस्या दिखाई दे रही है। हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# आग से गृहस्थी व पांच मवेशियों की जलकर मौत

- ग्राम पूरे बालदास मजरे कमई में अज्ञात कारणों से लगी आग

संवाददाता, तिलोई (अमेठी)



आग से राख हुआ सामान।



रोती-बिलखती निशा देवी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्लॉक तिलोई मोहनगंज थानाक्षेत्र के अन्तर्गत में बीती रात अज्ञात कारणों सं झोपड़ी में आग लग गई। जिससे उसमें बंधे पांच जानवर सहित घर का सारा सामान जलकर पूरी तरह से राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड व थाना मोहनगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के ग्राम पूरे बालदास मजरे कमई निशा देवी पत्नी स्व. विजय कुमार शर्मा जो रोज की तरह अपना कामकाज निपटा कर टीनशेड के नीचे सोने की तैयारी कर रही थी कि अचानक उसकी हिस्से की दोनों कुरिया धू-धू कर जलने लगी निशा देवी का शोर सुनकर गांव के लोग दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन कुछ ही देर में आग विकराल रुप ले लिया ग्रामीणो ने फायर ब्रिगेड और थाना मोहनगंज पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दिया। मौके पर थाने की पुलिस व फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन जब तक दो भैंस, एक गाय तथा दो बछिया सहित घर की पूरी गृहस्थी का समान सहित नकदी दो हजार, कपडा आदि जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी पर तहसीलदार तिलोई अभिषेक यादव व क्षेत्राधिकारी दिनेश मिश्रा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने ने बताया कि मृत पशुओं को जमीन में दफन करवाया गया। उन्होंने पीड़ित महिला को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया है।

### कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव ने भ्रमण कर ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन



लोगों से बातचीत करते कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुशील। अमृत विचार

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी ने शुक्रवार को शिवगढ़ क्षेत्र का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने सभासद प्रतिनिधि अजय वर्मा, समर्थक बृजेश कुमार समेत स्थानीय लोगों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने उन्हें सड़क मरम्मत, पेयजल संकट, विद्युत आपूर्ति और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याएं गिनाई। सुशील पासी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज बुलंद करती रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

### मारपीट का मुकदमा दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम थरी मजरे मांझगांव निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र रामप्यारे ने महराजगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि खेत में काम करते समय विपक्षी शिवबालक पुत्र लल्लू और शिवप्यारी पत्नी शिवबालक ने उसके साथ मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## पंचायत सचिवों ने विभागीय व्हाट्सअप ग्रुप छोड़ जताया विरोध



विरोध प्रदर्शन करते पंचायत सचिव। अमृत विचार

संवाददाता, महराजगंज, (रायबरेली)

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी अपनी मांगी को लेकर लगातार छठवें दिन भी धरना प्रदर्शन करते रहे। सरकार द्वारा उनकी मांगे न मानने पर सभी वीडीओ व जीपीओ विभागीय व्हाट्सअप ग्रुप से लेफ्ट हो गए। उनके विरोध प्रदर्शन से क्षेत्र में कार्य बाधित है। लोग जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ब्लाक कार्यालय के चक्कर लगा रहे है।

धरने पर बैठे ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र शुक्ला ने बताया कि वह लोग नान टेक्निकल 12वीं पास योग्यता के कर्मचारी हैं। सरकार उनसे बिना संसाधन दिये रोबोट की भातिं कार्य लेना चाहती है। दो सौ रुपये साइकिल भत्ता देकर महीने भर ग्राम पंचायत से ब्लाक तक और ब्लाक से जिला मुख्यालय तक मीटिंग के लिए बुलाया जाता है। जिसके लिए कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाता है। यहां सचिव वीरेंद्र पाल, अरुण कुमार, आदित्य, अतुल कुमार, अजीत सिंह, शिवाकांत, नितिन, मनोज, इसरार अहमद, अमरेंद्र व संतशरण रहे।

सिटी डायरी



कथा सुनाते कथा वाचक कृष्ण कुमार शास्त्री। अमृत विचार

### भगवान श्री सीताराम के विवाह की कथा सुन श्रोता भाव-विभोर

**रायबरेली, अमृत विचार।** सर्वोदय नगर में चल रही सप्त दिवसी संगीतमय श्री राम कथा के पंचम दिवस अहिल्या उद्धार धनुष भंजन की दिव्य कथा सुनाई गई। कथा वाचक कृष्ण कुमार शास्त्री ने कथा सुनाते हुए कहा कि धनुष टूटने के पश्चात भगवान परशुराम की उपस्थिति उनका नाराज होना लक्ष्मण जी से वाद विवाद होना तब भगवान श्री राम ने ब्राह्मण के नव गुण बताए। नाथ एक गन धनुष हमारे नवगुन परम पुनीत तुम्हारे इस बात को सुनते ही भगवान परशुराम की बुद्धि शुद्ध हुई और उन्होंने श्री राम को धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने को कहा और वह स्वयं वन को चले गए। भगवान श्री सीताराम के विवाह की दिव्य कथा सुन श्रोतागण भाव विभोर हो गए। जिले के भागवत कथा व्यास गोविंद त्रिपाठी ने महाराज का स्वागत किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।



रोगी के आंख की जांच करते टेक्नीशियन।

### न्यू दृष्टि ऑप्टिकल्स प्रतिष्ठान का हुआ उद्घाटन

**महराजगंज (रायबरेली)।** कस्बे में न्यू दृष्टि ऑप्टिकल्स प्रतिष्ठान का उद्घाटन शुक्रवार को मुख्य अतिथि प्रभात साहू ने फीता काटकर किया। कहा कि कस्बे में ऐसे प्रतिष्ठान के खुलने से आम जनमानस को आंखों में होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर अमित यादव ने आगंतुकों का स्वागत किया। उद्घाटन से पूर्व विद्वान पंडित शिवकांत शुक्ला 'सोथी वाले' ने पूरे वैदिक विधि-विधान के साथ हवन-पूजन अनुष्ठान संपन्न कराया गया। इस मौके पर शिव शरण साहू, आनंदपाल, सूर्यभान सिंह, नंदलाल, ननकऊ सिंह, चंद्रभान सिंह, रामकेवल यादव, विजय शंकर अवस्थी, रामसनेही यादव, रोहित अवस्थी, स्नेहकांत यादव, राम शंकर यादव, संजय यादव आदि रहे।



गौशाला में जांच करते नोडल अधिकारी।

### नोडल अधिकारी ने गौशाला का किया निरीक्षण

**संग्रामपुर (अमेठी)।** पशु विभाग के नोडल अधिकारी व शासन से नामित डॉक्टर सुशील कुमार ने शुक्रवार को संग्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न अस्थाई गौशालाओं का निरीक्षण किया गौशाला में पशुओं के रखरखाव पीने का पानी चारा दाना चरनी इलाज की व्यवस्था और टैगिंग आदि की जानकारी ली। पशुओं की संख्या के हिसाब से चरनी की व्यवस्था कम होने पर उन्हें बनवाने व देखभाल करने के लिए उपस्थित डॉक्टर को निर्देश दिया है। यहां पशु चिकित्सालय प्रभारी संग्रामपुर डॉक्टर प्रदीप पाण्डेय, मिथिलेश कुमार, सुनील कुमार, सुशील कुमार पैरावेट विकास सिंह रहे।




मेले में लगे भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

### आकर्षण का केंद्र बने आधुनिक झूले

**संग्रामपुर (अमेठी)।** काली माई मेले में डिजनीलैंड मनोरंजन केंद्र बच्चों युवाओं का मुख्य आकर्षण बना हुआ है। यहां लगाए गए हिंडोला, ब्रेक डांस, टोरा- टोरा, समेत लगाए गए आधुनिक झूले लोगों को खूब लुभा रहे हैं। मेले के दूसरे दिन शुक्रवार को दोपहर के बाद झूले के पास लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। ग्रामीण व शहरी लोग मेले में पहुंचकर झूले का आनंद ले रहे हैं। बच्चों की टोली जहां मिनी माउस वह मिनी ट्रेन का आनंद ले रही हैं। वहीं मेले की शुरुआत समिति द्वारा आयोजित विशाल भण्डारे में लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

समस्या

जगह-जगह गड्ढे होने से राहगीरों, बाइक सवारों व चौपहिया वाहनों को आने-जाने में हो रही असुविधा

# जगतपुर बाईपास की बदहाल सर्विस रोड ने बढ़ाई मुसीबत

संवाददाता, जगतपुर (रायबरेली)



जगतपुर बाईपास के पूरे मेहरबान गांव के पास बदहाल सर्विस रोड।



बदहाल आईटीआई तिराहा-शिवगढ़ बाजार सम्पर्क मार्ग।

**अमृत विचार।** जगतपुर बाईपास के पूरे मेहरबान गांव के पास स्थित सर्विस रोड की हालत बद से बदतर हो गई है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से राहगीरों, बाइक सवारों व चौपहिया वाहनों को आने-जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यदि समय रहते इस पर जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया गया तो किसी भी समय अप्रिय घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

परेशान ग्रामीणों ने बताया कि यह सर्विस रोड लगभग एक वर्ष पूर्व महाकुंभ के समय बनाई गई थी। निर्माण के कुछ समय बाद ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे थे। अब स्थिति यह है कि पूरी सर्विस रोड उखड़कर गड्ढों में तब्दील हो गई है। बरसात में इन गड्ढों में पानी भर जाने से जान का खतरा और भी बढ़ जाता है। ग्रामीण राजन शुक्ला, लाल सिंह, शिवदास, सुंदर लाल, रंजीत कुमार, छोटेलाल, संतोष, मनोज कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य लोगों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से सर्विस रोड की जल्द मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

वहीं इस संबंध में इंद्रेश कुमार, निदेशक एनएचआई ने बताया कि अत्यधिक भार वाहनों के चलने की वजह से सर्विश रोड बदहाल हुई है। इस सर्विश रोड को और मजबूती के साथ बेहतर बनाने के लिए उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद सर्विश रोड का पुनः निर्माण कराया जाएगा।

**आईटीआई तिराहा-शिवगढ़ बाजार सम्पर्क मार्ग बदहाल, शिवगढ़:** क्षेत्र का आईटीआई तिराहा-शिवगढ़ बाजार सम्पर्क मार्ग जगह-जगह से बदहाल हो गया है। मार्ग खराब होने से स्कूली छात्र-छात्राओं एवं राहगीरों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। करीब एक किलोमीटर लम्बे इस मार्ग सम्पर्क मार्ग से होकर प्रतिदिन आरटीआई कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़, आरडीआरके पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं का गुजरना होता है। सम्पर्क मार्ग के जर्जर एवं बदहाल होने से छात्र-छात्राओं के साथ ही राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को रोजाना जोखिम उठाना पड़ रहा है। आलम यह है कि बारिश के दिनों में इस मार्ग का और भी बुराहाल रहता है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस सम्पर्क मार्ग से होकर स्थानीय लोगों का तहसील मुख्यालय, जिला मुख्यालय के लिए आवागमन होता है। इसके बावजूद विभागीय अधिकारी संजीदा नहीं है।

वहीं जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी, अजय वर्मा, नीरज अवस्थी, मनोज कुमार वर्मा सहित अन्य लोगों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से बदहाल मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है। इस संबन्ध में पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई अमन यादव ने बताया कि जल्द ही पैच भराकर सम्पर्क मार्ग की रिपेयरिंग कराई जाएगी।



सपने देखो, सपने देखो, सपने देखो। सपने विचारों में बदल जाते हैं और विचार कार्य में परिणत होते हैं।
-एपीजे अब्दुल कलाम, पूर्व राष्ट्रपति



# बहुध्रुवीय सार्थक साझेदारी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यात्रा और उस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई वार्ता भारत की कूटनीति के लिए ऐसे समय निर्णायक महत्व रखती है, जब वैश्विक शक्ति-संतुलन तेजी से बदल रहा है। अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ लगाने के बाद पैदा हुई खटास, पश्चिम–रूस तनाव तथा यूक्रेन संघर्ष की अनिश्चितता- इन सबके बीच यह यात्रा अत्यंत दूरगामी प्रभाव छोड़ने वाली है। रूस से ट्रेड अमेरिकी टैरिफ से निबटने का बेहतर विकल्प है। पुतिन मोदी संवाद के दौरान दोनों देशों ने आपसी हितों से जुड़े सभी अहम क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों को खुलकर साझा किया। यूक्रेन संकट, पश्चिमी प्रतिबंधों का असर, एशिया-प्रशांत में शक्ति-संघर्ष, ऊर्जा सुरक्षा और बहुपक्षीय मंचों पर समन्वय- इन पर भारत-रूस की स्पष्टता आने वाले समय में नई रणनीतिक दिशा तय करेगी। भारत की 'मल्टी-अलाइनमेंट' नीति में यह वार्ता संतुलन का एक मजबूत स्तंभ बन सकती है। ऊर्जा, रक्षा, खाद तथा व्यापार के मोर्चों पर कई अहम समझौते भारतीय रिफाइनरियों के लिए दीर्घकालिक रियायती तेल सप्लाई, कोयले और प्राकृतिक गैस के लिए सुरक्षित कॉरिडोर, खाद और क्रूड फॉस्फेट की स्थिर आपूर्ति, उच्च तकनीकी वाली रक्षा प्रणालियों के संयुक्त उत्पादन जैसे कदम आपसी भरोसे को मजबूत करेंगे। एस-400 डिलीवरी के अगले चरण, ब्रह्मोस के निर्यात संस्करण तथा एयरोस्पेस और समुद्री प्रणालियों में सहयोग को भी गति मिल सकती है।

अमेरिकी टैरिफ के बाद की यह यात्रा भारत का दृश्यमान संदेश है कि वह किसी एक ध्रुव की नीतियों का बंधक नहीं बन सकता। वाणिज्य और समाज के व्यापक क्षेत्रों- फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, खाद्य उत्पाद, उपभोक्ता वस्तुएं, शिक्षा, संस्कृति और मीडिया में यह यात्रा विशेष प्रभाव डालेगी। भारतीय दवाइयां और चिकित्सकीय उपकरण रूस में पहले ही उच्च विश्वसनीयता रखते हैं, अब संयुक्त अनुसंधान, जेनेरिक दवाओं की संयुक्त फैक्ट्रियां और अस्पताल सहयोग नए अवसर खोलेंगे। कृषि और खाद्य प्रसंस्करण में रूस ने भारतीय निर्यात बढ़ाने की गंभीर रुचि दिखाई है। कारोबारी रिश्तों की बात करें तो 'ईस्टर्न इकोनॉमिक कॉरिडोर' के तहत भारतीय निवेश को प्रोत्साहन और रूस के आर्कटिक सेक्टर में सहयोग दोनों ही देशों के लिए रणनीतिक मूल्य रखते हैं। खाद जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में भारत की निर्भरता रूस से मिल रही स्थिर आपूर्ति के कारण अधिक सुरक्षित होगी।

पुतिन की यह यात्रा, जी 20, ब्रिक्स, एससीओ और संयुक्त राष्ट्र जैसे बहुपक्षीय मंचों- पर सामूहिक एजेंडा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विशेषकर ब्रिक्स के विस्तार, वैश्विक दक्षिण की आवाज़ को मजबूत करने और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं में सुधार के मुद्दों पर भारत-रूस एकजुटता इन संगठनों में नई गति ला सकती है। कुल मिलाकर मोदी सरकार के लिए यह यात्रा न केवल विदेश नीति के लिहाज़ से, बल्कि राजनीतिक-संदेश और रणनीतिक स्वायत्तता के सिद्धांत की पुनर्पुष्टि के रूप में भी असाधारण रूप से महत्वपूर्ण है। अमेरिका के साथ संबंधों में आई क्षणिक गिरावट के बीच यह यात्रा भारत की 'स्वतंत्र और बहुध्रुवीय' विदेश नीति की परिपक्वता का प्रमाण है।

## प्रसंगवश

# डॉ. आंबेडकर का सामाजिक राजनीतिक दर्शन

इंग्लैंड से लौटने के बाद जब डॉ. आंबेडकर ने भारत की धरती पर कदम रखा, तो समाज में छुआछुत और जातिवाद चरम पर था। उन्हें लगा कि यह सामाजिक कुप्रवृत्ति और खंडित समाज देश को कई हिस्सों में तोड़ देगा। सो उन्होंने हाशिए पर खड़े अनुसूचित जाति-जनजाति एवं दलितों के लिए पृथक निर्वाचिका की मांग कर परोक्ष रूप से समाज को जोड़ने की दिशा में पहल तेज कर दी। अपनी आवाज को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उन्होंने 1920 में, बंबई में साप्ताहिक मूकनायक के प्रकाशन की शुरुआत की, जो शीध्र ही पाठकों में लोकप्रिय हो गया। दलित वर्ग के एक सम्मेलन के दौरान उनके दिए गए भाषण से कोल्हापुर राज्य का स्थानीय शासक शाहु चतुर्थ बेहद प्रभावित हुआ और डॉ. अंबेडकर के साथ उसका भोजन करना रुढ़िवाद से ग्रस्त भारतीय समाज को झकझोर गया।



अरविंद जयतिलक
लेखक

डॉ. अंबेडकर ने मुख्यधारा के महत्वपूर्ण राजनीतिक दलों को जाति व्यवस्था के उन्मूलन के प्रति नरमी पर वार करते हुए उन नेताओं की भी कटु आलोचना की, जो अस्पृश्य समुदाय को एक मानव के बजाए करुणा की वस्तु के रूप में देखते थे। ब्रिटिश हुकूमत की विफलताओं से नाराज अंबेडकर ने अस्पृश्य समुदाय को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए एक ऐसी अलग राजनीतिक पहचान की वकालत की, जिसमें कांग्रेस और ब्रिटिश दोनों का कोई दखल न हो। 8 अगस्त 1930 को उन्होंने एक शोषित वर्ग के सम्मेलन के दौरान अपनी राजनीतिक दृष्टि को दुनिया के सामने रखा और कहा कि हमें अपना रास्ता स्वयं बनाना होगा और स्वयं राजनीतिक शक्ति शोषितों की समस्याओं का निवारण नहीं हो सकती। उनको शिक्षित करना चाहिए, उनका उद्धार समाज में उनका उचित स्थान पाने में निहित है। उनको अपना रहने का बुरा तरीका बदलना होगा। उनको शिक्षित होना चाहिए। एक बड़ी आवश्यकता उनकी हीनता की भावना को झकझोरने और उनके अंदर दैवीय असंतोष की स्थापना करने की है, जो सभी ऊंचाइयों का स्रोत है।

डॉ. अंबेडकर सिर्फ हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों और सामाजिक भेदभाव के ही विरोधी नहीं थे, बल्कि वे इस्लाम धर्म में व्याप्त बाल विवाह की प्रथा और महिलाओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के भी कटु आलोचक थे। उन्होंने लिखा है कि मुस्लिम समाज में तो हिंदू समाज से भी कहीं अधिक बुराईयां हैं और मुसलमान उन्हें भाईचारे जैसे नरम शब्दों के प्रयोग से छिपाते हैं। उन्होंने मुसलमानों द्वारा अर्जल वर्गों के खिलाफ भेदभाव, जिन्हें निचले दर्जे का माना जाता था, के साथ मुस्लिम समाज में महिलाओं के उत्पीड़न की दमनकारी पर्दा प्रथा की जबरदस्त निंदा की। डॉ. अंबेडकर स्त्री-पुरुष समानता के प्रबल पक्षधर थे।

उन्होंने इस्लाम धर्म में स्त्री-पुरुष असमानता का जिक्र करते हुए कहा कि बहुविवाह और रखैल रखने के दुपरिष्णाम शब्दों में व्यक्त नहीं किए जा सकते, जो विशेष रुप से एक मुस्लिम महिला के दुख के स्रोत हैं। वे हिंसामुक्त समानता पर आधारित समाज के पैरोकार थे। दरअसल अंबेडकर ही एकमात्र राजनेता थे जो छुआछुत की निंदा करते थे। जब 1932 में ब्रिटिश हुकूमत ने उनके साथ सहमति व्यक्त करते हुए अछूतों को पृथक निर्वाचिका देने की घोषणा की तब महात्मा गांधी ने इसके विरोध में पुणे की यरवदा सेंट्रल जेल में आमरण अनशन शुरु कर दिया। यह अंबेडकर का प्रभाव ही था कि गांधी जी ने अनशन के जरिए रुढ़िवादी हिंदू समाज से सामाजिक भेदभाव और अस्पृश्यता को खत्म करने की अपील की।

# फूड सब्सिडी और किसानों की चिंताएं





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

कृषि से जुड़ी नीतियां और समर्थन प्रणालियां देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। हाल के वर्षों में दो चीजें समान रूप से बढ़ी हैं। एक ओर किसानों में खेती के लाभ को लेकर चिंताएं गहरी होती जा रही हैं और दूसरी ओर सरकार का फूड सब्सिडी पर खर्च रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया है। इन दोनों स्थितियों का एक साथ उभरना स्वाभाविक रूप से यह सवाल खड़ा करता है कि क्या बढ़ती फूड सब्सिडी वास्तव में किसानों के हितों को मजबूत कर रही है या यह लाभ अधिकतर उपभोक्ताओं तक ही सीमित है।

देश में फूड सब्सिडी का अर्थ केवल सस्ता अनाज उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि यह देश की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में से एक है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत करोड़ों परिवारों को अत्यंत रियायती दरों पर अनाज दिया जाता है। इसके अलावा कोविड-19 जैसी आपात स्थितियों के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने सब्सिडी के भार को और बढ़ाया। इन योजनाओं को चलाने के लिए सरकार को पहले किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदना होता है, फिर उसका भंडारण करना, ढुलाई कराना और अंत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंचाना होता है। इन सभी चरणों की बढ़ती लागत मिलकर फूड सब्सिडी को बहुत बड़ा आर्थिक बोझ बना देती है। पिछले एक दशक में यह बोझ कई गुना बढ़ चुका है और सरकार के कुल बजट में इसका हिस्सा अत्यधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

दूसरी ओर, किसानों की स्थिति वेतनभोगी तबके की तरह स्थिर नहीं होती। खेती प्राकृतिक जोखिमों पर निर्भर करती है और उत्पादन लागत लगातार बढ़ती जा रही है। खाद, डीज़ल, श्रम, कीटनाशक और कृषि संबंधी मशीनरी सब कुछ महंगा होता जा रहा है। ऐसे में किसानों को मिलने वाला मूल्य कई बार उनकी लागत तक भी नहीं पहुंच पाता। यूं तो न्यूनतम समर्थन मूल्य एक सुरक्षा कवच की तरह दिखता है, पर वास्तविकता यह है कि देश के लगभग 6–8% किसान ही अपनी उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेच पाते हैं। अधिकांश किसानों की फसल खुले बाजार में बिकती है, जहां मांग और आपूर्ति के आधार पर कीमतें काफी बदलती रहती हैं। यह अस्थिरता किसानों की चिंताओं को और बढ़ा देती है।

इसके अलावा सरकार द्वारा मुख्य रूप से धान और गेहूं की खरीद होने के कारण किसान सुरक्षित विकल्प के रूप में इन्हीं फसलों को उगाने पर निर्भर रहते हैं। इससे न केवल मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है, बल्कि जल संसाधनों पर भी अत्यधिक दबाव पड़ता है। साथ ही अन्य फसलों- जैसे दालें, तिलहन, बागबानी अपने वास्तविक मूल्य से वंचित रह जाती है, क्योंकि इनके लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य आधारित मजबूत खरीद प्रणाली नहीं है। जिन किसानों को अपनी उपज इन फसलों में लगानी होती है, उन्हें अक्सर अधिक जोखिम उठाना पड़ता है।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव भी अब अधिक स्पष्ट हो चुका है। बेमौसम बरसात, अतिवृष्टि, सूखा या अत्यधिक तापमान यह सभी खेती की लागत और उत्पादन पर गहरा असर डालते हैं। जब जोखिम बढ़ता है और समर्थन प्रणाली अपर्याप्त रहती है, तो किसान स्वाभाविक रूप से असुरक्षा महसूस करता है। ऐसे में केवल फूड सब्सिडी बढ़ जाने से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं आता।

यह समझना महत्वपूर्ण है कि फूड सब्सिडी मुख्य रूप से उपभोक्ताओं और गरीब वर्गों को राहत देने का साधन है। सरकार महंगे दाम पर अनाज खरीदकर उसे बेहद कम दाम पर देती है, जिससे सब्सिडी की मात्रा बढ़ती है। इस प्रक्रिया में किसान को सिर्फ बिक्री का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलता है, पर यह लाभ केवल उन किसानों तक सीमित है, जिनकी फसल वास्तव में सरकारी खरीद में शामिल होती है। बाकी किसानों को इस बढ़ती सब्सिडी से प्रत्यक्ष रूप से कोई फायदा नहीं मिलता, जबकि सरकार के बजट में कृषि संरचनाओं के अन्य सुधारों पर खर्च सीमित रह जाता है।

किसानों का कहना है कि यदि सरकार उपभोक्ताओं के लिए इतनी बड़ी सब्सिडी वहन कर सकती है, तो किसानों की आय बढ़ाने, लागत कम करने और कृषि से जुड़े जोखिम घटाने पर भी समान ध्यान दिया जाना चाहिए। उनका यह तर्क भी उचित है कि कृषि को लाभकारी बनाए बिना केवल उपभोक्ता सब्सिडी बढ़ाते रहना दीर्घकालिक समाधान नहीं हो सकता। किसान देश की खाद्य सुरक्षा की रीढ़ हैं, और यदि वही आर्थिक रूप से सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे तो उत्पादन पर इसका असर पड़ना स्वाभाविक है।

इस जटिल परिस्थिति से बाहर निकलने के लिए व्यापक सुधारों की आवश्यकता है। कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे भंडारण, परिवहन, कोल्ड चेन और प्रोसेसिंग इकाइयों को मजबूत किए बिना किसानों को बेहतर लाभ दिलाना मुश्किल है। इसके साथ बाजार सुधारों की भी जरूरत है, जहां किसान बिचौलियों पर निर्भर न रहें और डिजिटल प्लेटफॉर्म या किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से सीधे खरीदारों से जुड़ सकें। फसल में विविधता लाने को भी किसानों को प्रोत्साहित करके, खासकर दलहन और तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देकर, भारत आयात पर निर्भरता भी घटा सकता है और किसानों की आय भी बढ़ा सकता है। लागत कम करने के उपाय जैसे- आधुनिक सिंचाई तकनीक, जैविक विकल्प और उन्नत बीज भी किसानों की मदद कर सकते हैं।

अंत में यह कहा जा सकता है कि फूड सब्सिडी का बढ़ना देश की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक है, पर यह किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं है। किसानों की आय, कृषि लागत, जोखिम स्तर और बाजार व्यवस्था सुधारने पर समान रूप से ध्यान देना होगा।

हाल के वर्षों में दो चीजें समान रूप से बढ़ी हैं। एक ओर किसानों में खेती के लाभ को लेकर चिंताएं गहरी होती जा रही हैं और दूसरी ओर सरकार का फूड सब्सिडी पर खर्च रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया है।

## आमने सामने



फॉरेन डिग्निटरीज कोई आता है, तो हमें मिलने नहीं दिया जाता। अटल बिहारी वाजपेई के समय होता था। मनमोहन सिंह के समय होता था, लेकिन आजकल नहीं होता। जब फॉरेन डिग्निटरीज आती हैं, तो विदेश मंत्रालय उनको सजेस्ट करता है कि किससे मिलना है, किससे नहीं।
-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

विदेश में जाकर भारत के लोकतंत्र को राहुल गांधी कोसते हैं। राहुल गांधी पॉलिटिक्स को लेकर सीरियस नहीं हैं। आज तक बता दीजिए कि कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति विदेश जाकर भारत को कोसता हो, पर राहुल गांधी विदेशी धरती पर हमेशा भारत को कोसते रहते हैं।
-सतीश चंद्र दुबे, केंद्रीय मंत्री



# बढ़ रहे हैं अंतरिक्ष मौसम के खतरे



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

अभी एथियोपिया से उठे ज्वालामुखी के गुबार से हवाई जहाजों के संचालन में आ रहे व्यवधान का संकट चल ही रहा था कि सूर्य किरणों से उत्पन्न विकिरण से सारी दुनिया में लोकप्रिय कोई साढ़े छह हजार एयर बस ए-230 के सॉफ्टवेयर गड़बड़ा गए और उनकी उड़ान रोकनी पड़ी। 30 अक्टूबर को न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भर रही जेटब्लू एयरलाइंस के जहाज को सूर्य-विकिरण की मार पड़ी। इससे जहाज में झटके लगे और 15 यात्री घायल हो गए। इस घटना के बाद पूरी दुनिया में कोहराम मचा और पता चला कि यह समस्या एलीवेटर एंड एइलरॉन कंप्यूटर (एलाक) से जुड़ी है, जो विमान की पिच और रोल को नियंत्रित करती है।

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, जब सूर्य-विकिरण और विशेष रूप से सौर तूफानों के कारण एयरबस जैसे आधुनिक विमानों के संचालन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा हो। 1994 में, एक तीव्र सौर तूफान ने कनाडा के एनीक-ई 2 संचार उपग्रह को निष्क्रिय कर दिया था और इसी दौरान कुछ विमानों में नेविगेशन और संचार संबंधी दिक्कतों का पता चला था। उसके बाद सन् 2008 में हुई थी जब एक क्वांटस एयरलाइंस के एयरबस A330 विमान में सोलर रेडिएशन के कारण एयर डेटा इनर्शियल रेफरेंस यूनिट में संभावित गड़बड़ी हुई थी, जिससे विमान अचानक नीचे झुक गया था। तब भी दुनिया भर की हवाई कंपनियों को बड़े पैमाने पर सॉफ्टवेयर अपग्रेड और परिचालन समायोजन करने पड़े थे। वैसे यह बेहद जटिल मुद्दा है, जो अंतरिक्ष मौसम, विमानन इलेक्ट्रॉनिक्स और उड़ान सुरक्षा से जुड़ा है।

सूर्य-विकिरण का सीधा संबंध सूर्य से उत्सर्जित होने वाले उच्च-ऊर्जा वाले कणों और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगों से होता है। जब सूर्य पर कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) या सौर ज्वाला जैसी घटनाएं होती हैं, तो इससे सौर ऊर्जावान कण (सोलर एनेरजेटिक पार्टिकल यानी एसईपी) और गैलेक्टिक कॉस्मिक किरणें (जीसीआर) उत्पन्न होते हैं। पृथ्वी का वायुमंडल और चुंबकीय क्षेत्र हमें इनमें से अधिकांश से बचाता है, लेकिन 28,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर उड़ने वाले वाणिज्यिक विमान इनके प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इससे विमानन इलेक्ट्रॉनिक्स या एवियोनिक्स सिस्टम में डेटा करप्शन हो जाता है।

सिंगल इवेंट अपसेट (एसईयू) बहुत उच्च ऊर्जा वाले कण होते हैं, जो विमान के माइक्रोप्रोसेसरों और मेमोरी चिप्स से टकराते ही कुछ गड़बड़ियां पैदा कर सकते हैं। हाल की घटनाओं (जैसे एक जेटब्लू A230 की घटना) के विश्लेषण में पाया गया है कि तीव्र सोलर रेडिएशन एयरबस A320 परिवार के विमानों में एलाक जैसे महत्वपूर्ण फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर के डेटा को दूषित कर सकता है। डेटा दूषित होने से विमान अनजाने में पिच डाउन (नीचे झुकना) जैसी अनियंत्रित हरकतें कर सकता है, जो उड़ान सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। वैसे समझना होगा कि यह पृथ्वी के वातावरण के बाहर की घटनाएं हैं और इसका संबंध सूर्य के 11-वर्षीय गतिविधि चक्र से है।

सौर तूफान के कारण जीपीएस/जीएनएसएस की सटीकता में कमी आ जाती है। इनके कारण आयन मंडल में गड़बड़ी पैदा होती है और नेविगेशन के लिए अनिवार्य जीपीएस और अन्य ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम सिग्नल इसके प्रभाव से कमजोर हो जाते हैं। यहां तक कि इससे रेडियो संचार ब्लैकआउट की स्थिति बन जाती है। सौर ज्वालाओं से उत्सर्जित एक्स-रे पृथ्वी के दिन के हिस्से में हाई-फ्रीक्वेंसी रेडियो संचार को पूरी तरह बाधित कर देते हैं। इसके चलते लंबी दूरी की (विशेषकर ध्रुवीय और महासागरीय) उड़ानों को आसमान की ऊंचाई में राह नहीं दिखती।

तीव्र सौर तूफानों के दौरान, बहुत ऊंचाई पर चालक दल और यात्रियों के स्वास्थ्य के लिए विकिरण की अधिक मात्रा दूरगामी खतरनाक है, हालांकि यह आमतौर पर सीमित होता है। भारत में अभी इसका कोई सीधा असर नहीं दिखा है, लेकिन डीजीसीए ने भारतीय वायुयान संचालकों को तत्काल प्रभाव से आवश्यक सॉफ्टवेयर अपग्रेड करने का अनिवार्य निर्देश जारी किए हैं। इस घटना ने भारत में विमानन नियामक निकायों और एयर लाइनों के बीच अंतरिक्ष मौसम के खतरों और उनके एवियोनिक्स पर संभावित प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ाया है, जिससे भविष्य में रेडिएशन-प्रतिरोधी प्रणालियों के महत्व पर ज़ोर दिया जा रहा है।

सूर्य वर्तमान में अपने सौर चक्र 25 के अधिकतम चरण की ओर बढ़ रहा है, जिसके आने वाले महीनों में चरम पर पहुंचने की संभावना है। इस चरण में, सौर तूफानों और विकिरण की घटनाएं अधिक बार और तीव्र होने की संभावना है, जिससे एवियोनिक्स पर दबाव बढ़ेगा। हाल के दशकों में मानव-जनित ग्रीन हाउस गैसों का वार्मिंग प्रभाव, सूर्य की गतिविधि में मामूली बदलावों से कहीं अधिक शक्तिशाली रहा है। धरती पर बढ़ता कार्बनडाईआक्सॉइड आयन मंडल के तापमान और संरचना को भी बदल रहा है, जो लगभग 100-500 किमी की ऊंचाई पर है। आयन मंडल में होने वाले ये बदलाव रेडियो तरंगों के संचरण को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे शॉर्टवेव रेडियो संचार में बाधा आ सकती है।

सूर्य–विकिरण और विशेष रूप से सौर तूफानों से एयरबस के संचालन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है। 1994 में, एक तीव्र सौर तूफान ने कनाडा के एनीक–ई 2 संचार उपग्रह को निष्क्रिय कर या था।

## सोशल फोरम

# ब्रिटेन में एशियाई महिला का पहला स्मारक




टीपू सुल्तान की वंशज, नूर इनायत ख़ान, जिनका असली नाम नूर-उन-निसा इनायत ख़ान था, भारतीय मूल की एक बहादुर ब्रिटिश जासूस थीं। इनका जन्म पहली जनवरी 1914 को हुआ था। नूर ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान मित्र देशों के लिए जासूसी की थी। ब्रिटेन के स्पेशल ऑपरेशंस एक्जीक्यूटिव (SOE) के रूप में प्रशिक्षित नूर, द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान फ्रांस के अधिकार क्षेत्र में भेजी जाने वाली पहली महिला वायरलेस ऑपरेटर थीं। जर्मनी द्वारा गिरफ्तार किए जाने, भयंकर यातनाएं दिए जाने और अंततः गोली मारकर हत्या किए जाने से पहले, वे फ्रांस में एक गुप्त मिशन के तहत नर्स का काम करती थीं। उन पर 10 महीनों तक क्रूर अत्याचार और लगातार पूछताछ की गई, लेकिन फिर भी गेस्टापो उनसे कोई भी राज़ नहीं उगलवा सकी। उनके अपरिमित साहस और बलिदान की कहानी आज भी पूरे यूनाइटेड किंगडम और फ्रांस में याद की जाती है। उनकी सेवाओं के लिए उन्हें ब्रिटेन का सर्वोच्च नागरिक सम्मान जॉर्ज क्रॉस प्रदान किया गया। उनकी स्मृति में लंदन के गॉर्डन स्क्वेयर में एक सुंदर स्मारक स्थापित है- जो इंग्लैंड में किसी मुसलमान को समर्पित तथा किसी एशियाई महिला के सम्मान में पहला स्मारक है।



शोएब गाजी
ब्लॉगर

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# विश्व में अशांति और भय से बढ़ता हथियार कारोबार

दुनिया में हथियारों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। वास्तव में, आज के समय में दुनिया भर में बढ़ते हथियारों का जखीरा केवल सुरक्षा का ही सवाल नहीं है, बल्कि यह मानवता के भविष्य पर एक गंभीर खतरा भी है। कोई भी देश हथियार इसलिए खरीदते हैं, ताकि वे अपनी सीमाओं की रक्षा कर सकें। रणनीतिक बढ़त बनाए रख सकें और बदलते भू-राजनीतिक हालात में खुद को एक मज़बूत राष्ट्र दिखा सकें, लेकिन यही हथियारों की दौड़ कई बार तनाव बढ़ाकर युद्धों की जमीन तैयार करती है, जोकि ठीक नहीं है।

हथियारों पर होने वाला भारी खर्च शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पानी, जलवायु संरक्षण और रोजगार जैसे बुनियादी क्षेत्रों से धन को खींच लेता है और इसका असर देश के विकास, अर्थव्यवस्था और इसके निवासियों पर भी पड़ता है। क्या यह बड़ी बात नहीं है कि आज के समय में दुनिया के विभिन्न शक्तिशाली व संपन्न देश इसका इस्तेमाल अपने आर्थिक लाभ, वैश्विक प्रभाव दिखाने और उद्योगों में बढ़त के लिए करते हैं, जबकि छोटे देश किसी दबाव में आकर या सुरक्षा के डर से हथियारों की इस अंधी दौड़ में शामिल हो जाते हैं। यह इसलिए दुनिया का खतरनाक कदम है, क्योंकि यह मानवता को सुरक्षा नहीं, बल्कि असुरक्षा की ओर धकेल रहा है। हथियारों की होड़ अंततः दुनिया में असंतुलन पैदा करती है।



सुनील महला
स्वतंत्र पत्रकार

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की नई रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में हथियारों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। यह कोई अच्छी खबर नहीं है। रिपोर्ट बताती है कि कई देशों के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। कहीं सीमा विवाद है, कहीं शक्ति दिखाने की होड़, तो कहीं सुरक्षा का डर। दुनिया में इस समय कई देशों के बीच तनाव तेजी से बढ़ रहा है। आज विभिन्न देश आधुनिक और महंगे हथियार खरीदने में बड़ी रकम लगा रहे हैं। इससे हथियार बनाने वाली कंपनियों का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन दुनिया के लिए खतरे भी बढ़ रहे हैं। समस्या यह है कि जितने ज्यादा हथियार जुटाए जाते हैं, उतना ही ज्यादा टकराव या युद्ध की आशंका पैदा होती है।

सरकारों का पैसा रक्षा खरीद में खर्च होने लगता है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक विकास जैसे जरूरी क्षेत्रों पर कम ध्यान जाता है। यानी सुरक्षा के नाम पर खर्च तो बढ़ता है, लेकिन असुरक्षा भी कम नहीं होती। रिपोर्ट हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हथियारों पर बढ़ती निर्भरता वास्तव में शांति लाएगी या दुनिया को और ज्यादा तनाव और खतरे की ओर धकेल देगी। दुनिया की सबसे बड़ी 100 हथियार बनाने वाली कंपनियों ने पिछले साल से लगभग 6% ज्यादा पैसा कमाया है। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हाल के समय में कई जगह लड़ाइयां और तनाव लगातार बढ़े हैं, जैसे यूक्रेन युद्ध और गाजा संघर्ष। जब कहीं युद्ध होता है या किसी देश को खतरा महसूस होता है, तो वे अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए ज्यादा हथियार खरीदते हैं। इसी वजह से हथियारों की मांग तेजी से बढ़ गई और कंपनियों की बिक्री भी बढ़ी।

सिपरी की रिपोर्ट बताती है कि दुनिया की 100 सबसे बड़ी रक्षा कंपनियों ने 2024 में कुल 679 अरब डॉलर कमाए, जो यह दिखाता है कि वैश्विक स्तर पर युद्ध और तनाव अब एक भारी-भरकम कारोबार बन चुके हैं। यूक्रेन, गाजा और पूर्वी एशिया में बढ़ते संघर्षों ने हथियारों की मांग को तेजी से बढ़ाया है। इससे युद्धों का व्यावसायीकरण और कॉरपोरेट कंपनियों की भूमिका और मजबूत हो रही है। रिपोर्ट बताती है कि पश्चिम एशिया अब एक नया हथियार उत्पादक क्षेत्र बनकर उभर रहा है, जिससे वैश्विक सैन्य उत्पादन में विविधता आई है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।




# पाताल भुवनेश्वर

# रहस्यमय पाताल लोक की दुनिया

प्रकृति के जितने करीब जाओ, उतना ही वह नए रूप में हमारे सामने आती है। बात उतराखंड की हो, तो इस देवभूमि में अनेक रहस्यमय स्थान है, जिनके दर्शन आपको मंत्रमुग्ध कर देंगे। ऐसा ही एक स्थान कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ जनपद में गंगोलीहाट कस्बे के समीप भुवनेश्वर गांव में है। यह है पाताल भुवनेश्वर गुफा। प्रकृति का एक अनबूझ रहस्य, जिसके लोक में पहुंचकर युगों-युगों का इतिहास एक साथ प्रकट हो जाता है। गुफा के भीतर लगभग उबड़-खाबड़, टेढे-मेढ़े पत्थरों पर पैर टिकाकर 84 सीढ़ियों से होकर गुजरते हुए आप पाताल लोक मे पहुंच जाते हैं। अंदर की अद्भुत दुनिया रोमांचित कर देती है। छोटी बड़ी विभिन्न देवी-देवताओं व पशु पक्षियों के आकार की शिलाएं। एक ऐसा रचना संसार, जिसकी बाहर रहते आपने कभी कल्पना भी नहीं कि होगी। धरती के भीतर बड़ी गुफा, जो कई भागों में बंट जाती है। बीच में मैदानी हिस्से भी फैले हुए हैं। गुफा के रास्ते के दोनों ओर जंजीर लगाई गई है, जिसे पकड़कर यात्री आते-जाते हैं। गुफा में जाने के लिए फीस भी रखी गई है।



दीपक नौगाई
लेखक, हल्द्वानी



## भारतीय पुरातत्व विभाग के अधीन

स्कंद पुराण के 103 वें अध्याय में पाताल भुवनेश्वर गुफा का वर्णन है, जिसमें व्यास जी ने कहा है कि मैं एक ऐसी जगह का वर्णन करता हूं, जिसके पूजन करने के संबंध में तो कहना ही क्या, जिसका स्मरण और स्पर्श मात्र करने से सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। वह सरयू रामगंगा के मध्य पाताल भुवनेश्वर है। वर्ष 2007 से यह गुफा भारतीय पुरातत्व विभाग के अधीन है। भुवनेश्वर गांव निवासी स्वर्गीय मेजर समीर कोतवाल की स्मृति में गांव से गुफा की ओर जाने वाले मार्ग में बने प्रवेश द्वार को 'समीर द्वार' नाम दिया गया है। मेजर समीर 28 अगस्त 1999 को असम में उग्रवादियों से लड़ते हुए शहीद हुए थे। द्वार के बगल में मेजर की प्रस्तर प्रतिमा भी स्थापित है।

## रोमांचक दृश्य

गुफा में कुछ आगे बढ़ें, तो आप उस जगह पहुंच जाते हैं, जिसके विषय में कहा जाता है कि शिवजी ने गणेश जी का कटा हुआ मस्तक यहीं पर रखा था। गणेशजी के कटे मस्तक शिलारूपी प्रतीक के ठीक ऊपर 108 पंखुड़ियों वाला शवाष्टक दल ब्रहमकमल सुशोभित है। इस ब्रह्मकमल से पानी की बूंदे गणेश जी के मस्तक पर टपकती हैं। मुख्य बूंद आदिगणेश के मुख में गिरती हुई दिखाई देती है। जनमेजय के नाग यज्ञ का हवन कुंड भी गुफा के भीतर है। कहा जाता है कि अपने पिता राजा परीक्षित को श्राप मुक्त करने के लिए जनमेजय ने सारे नाग मारकर हवन कुंड में जला दिए थे, लेकिन तक्षत नामक नाग बच निकला था, जिसने बाद में बदला लेते हुए परीक्षित को डसकर मौत के घाट उतार दिया था। नाग यज्ञ कुंड के ऊपर शिला पर इस नाग का चित्र उभरा हुआ देख सकते हैं।

एक जगह गुफा की छत पर गाय के थन की आकृति नजर आती है। यह कामधेनु गाय का स्तन है। आगे बढ़े तो एक मुड़ी गर्दन वाला गरुड़ एक कुंड के ऊपर बैठा दिखाई देता है। लोकश्रुति है कि शिवजी ने इस कुंड को अपने नागों के पानी पीने के लिए बनाया था। इसकी देखरेख गरुड़ के हाथ में थी, लेकिन जब गरुड़ ने ही इस कुंड से पानी पीने की कोशिश की तो शिवजी ने गुस्से में उसकी गर्दन मोड़ दी और उसे श्राप देकर जड़वत बना दिया।

गुफा में एक स्थान पर शिवजी का मनोकामना कुंड भी है। मान्यता है कि इसके बीच बने छेद से धातु की कोई चीज पार करने पर मनोकामना पूर्ण होती है। उसके साथ कमली बिछी है और उसके नीचे बाघंबर बिछा है। वहीं पर पाताल भैरवी भी है, जो मुंडमाला पहने खड़ी हैं। मान्यता चाहे कुछ भी हो पर एकबारगी गुफा में बनी आकृतियों को देख लेने के बाद उनसे जुड़ी कथाओं पर भरोसा किए बिना नहीं रहा जाता। आश्चर्य यह है कि जमीन के इतने अंदर होने के बावजूद यहां घुटन महसूस नहीं होती अपितु शांति का अनुभव होता है। दूर-दूर से सैलानी इस अद्भुत गुफा को देखने आते हैं। कुछ श्रृद्धा से, कुछ रोमांच के अनुभव के लिए तो कुछ शांति की तलाश में।



## पौराणिक महत्व

कहते हैं कि इस अद्भुत गुफा के दर्शन त्रेतायुग में अयोध्या के राजा त्रृतुपूर्ण ने पहली बार किया था। राजा चौपड़ खेलने के बहुत शौकीन थे। उनके मित्र राजा नल भी इस खेल के महारथी थे। पर एक बार वे इस खेल में अपनी पत्नी दमयंती को हार गए। राजा नल इस हार से बहुत शर्मिंदा हुए। वे राजा त्रृतुपुर्ण को साथ लेकर हिमालय की यात्रा पर निकल पड़े। एक दिन घने जंगल में उन्हें असाधारण हिरण दिखा। राजा नल ने कहा इस हिरण को जिंदा पकड़ना है। दोनों उसे पकड़ने के लिए उसके पीछे लग गए। हिरण का पीछा करते हुए वे भुवनेश्वर गांव जा पहुंचे। शाम हो गई और हिरण भी कही दिखलाई नहीं दिया। राजा रास्ता भटक गए। रात में उन्हें स्वप्न हुआ और आवाज सुनाई दी- 'तुम क्षेत्रपाल देवता की तपस्या करो, वही तुम्हें रास्ता बताएंगे।' राजा तपस्या करने लगे। कुछ दिनों बाद क्षेत्रपाल ने दर्शन दिए और कहा कि इस स्थान पर एक बड़ी सुरंग है, जहां कई गुफाएं हैं और जहां कण-कण में भगवान शिव निवास करते हैं। क्षेत्रपाल ने राजा को इस दिव्य लोक में पहुंचा दिया।

## गुफा में चौपड़ की आकृति

यह भी माना जाता है कि अपने अज्ञातवास में पांडव भी यहां आए थे। उन्होंने कुछ समय इस गुफा में वास किया था। गुफा के भीतर चौपड़ की आकृति भी बनी हुई है। 822 ई. में अपनी दिग्विजय यात्रा के दौरान आदि गुरु शंकराचार्य भी यहां आए। उन्होंने गुफा के अंदर एक जगह पर तांबे का शिवलिंग स्थापित किया। गुफा में जाने वाले श्रृद्धालु इस शिवलिंग की पूजा अर्चना करते हैं। भुवनेश्वर गांव से कुछ ही दूर देवदार के घने वन के मध्य स्थित है- पाताल भुवनेश्वर गुफा। गुफा का प्रवेश द्वार लगभग चार फिट लंबा और डेढ फिट चौड़ा है। अत्यंत संकरी, फिसलनदार गुफा में टेढे-मेढ़े पत्थरों की सीढ़ी पर सावधानी से साकंल पकड़कर तीस फिट नीचे उतरना पडता है। एक बार में एक ही व्यक्ति उतर पाता है। उतरते ही नीचे एक बड़े मैदान मे आप खुद को पाते हैं, जहां से तीन ओर को लंबी-लंबी सुरंगें चली जाती हैं। धरती के भीतर एक अनोखी दुनिया, जिसकी आपने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। यहां चट्टानों मे प्राकृतिक कलाकृतियां हैं, जिन्हें पौराणिक कथाओं व मिथकों से जोड़ा गया है।



गाइड बताता है कि आप शेषनाग के शरीर की हड्डियों पर चल रहे हैं और आपके सिर के ऊपर शेषनाग का बना है। सुनते ही रौंगटे खड़े हो जाते हैं। गहराई से देखेंगे तो आप वास्तव में महसूस करेंगे कि कुदरत द्वारा तराशे पत्थरों मे नाग बन फैलाए है। फन के दाएं तरफ ऐरावत हाथी विराजमान हैं। जमीन मे बिल्कुल झुककर भूमि से चंद इंच की दूरी पर चट्टानों में हाथी के तराशे हुए पैरों को देखकर आपको मानना ही पड़ेगा कि आप जो सुन रहे हैं वो सच है।



## लव बर्ड्स

# जीत जाएंगे हम तू अगर संग है

कहते हैं कि प्यार की शुरुआत अक्सर सबसे आम पलों में छुपी होती है, लेकिन उसकी गहराई और असर वक्त के साथ हमारे जीवन को बदल देता है। हमारी पहली मुलाकात किसी रोमांटिक जगह पर नहीं, बल्कि एक बहुत साधारण-सी सुबह बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के गेट पर हुई थी। शैफाली अपनी क्लास के लिए भाग रही थी और मैं (शिव) अपने बीटेक की डिग्री लेने यूनिवर्सिटी पहुंचा था। अचानक भीड़ में शैफाली का बैग थोड़ा उलझा और वह लड़खड़ा गई। मैंने तुरंत हाथ बढ़ाकर उसे संभाल लिया। "आप ठीक हैं?" मैंने पूछा। शैफाली ने हल्की-सी शर्मीली मुस्कान के साथ कहा, "हां, बस दिन की शुरुआत थोड़ी नाटकीय हो गई।" हम दोनों अलग हो गए, पर उस एक पल ने दोनों के दिमाग में एक छोटी-सी जगह बना ली। अगले ही हफ्ते, किस्मत ने फिर करवट ली। शैफाली अपने कॉलेज की तरफ से साइंस प्रोजेक्ट की एक प्रदर्शनी में आई थी और मैं वहां पर एक जज पैनल के रूप में आया था। मैंने उसे देखा और मुस्कुरा दिया। "फिर मिल ही गए," उसने कहा। "लगता है शहर छोटा है या किस्मत बड़ी," शैफाली ने चुटकी ली।

इस बार बातचीत लंबी चली। कला, काम, सपने, यात्राएं दोनों को पता ही नहीं चला कि कब दो अजनबी अपनी दुनिया एक-दूसरे के सामने खोलने लगे। मैं दिल्ली वापस लौट आया, परंतु फोन पर लंबी बातें चलने लगी धीरे-धीरे हम एक-दूसरे की दुनिया में सहज होने लगे। मुलाकातें तो कम होती थीं, परंतु शैफाली का केयरिंग नेचर, मुस्कान और सादापन मुझे उसकी तरफ खींचने लग गया। मैंने शैफाली को आजादी, सपने देखना और खुद पर भरोसा करना सिखाया। कई सालों की फोन पर बात और छोटी-छोटी मुलाकातों के बाद हमने तय किया कि यह कहानी सिर्फ 'मुलाकात' तक सीमित नहीं रहेगी, यह रिश्ता अब साझेदारी, विश्वास और प्यार की नई शुरुआत बनेगी।

प्यार तो हो गया परंतु करियर की उठापटक के बीच मैंने तय नहीं कर पा रहा था कि इसको आगे कैसे मुकाम दिया जाए? एक तरफ करियर को संवारने का समय था और उसी बीच मैं विदेश शिफ्ट हो गया। कभी-कभी तो ऐसा भी लगा की अब ये दूरी इस रिश्ते को यहीं पर ही न रोक दें। अब फोन पर बातें करना बहुत महंगा था, परंतु शैफाली अपने समर्पण के प्रति अपनी ट्यूशन और डांस क्लासेज से कमाए सारे पैसे सिर्फ मुझसे बात करने में खर्च कर देती। बातें कम हो रही थीं मिलना तो बिल्कुल मुश्किल था। विदेश में रहते हुए अकेलेपन में शैफाली की फोन कॉल मुझे लिए रामबाण का काम करती। विदेश की चकाचौंध भी मुझे शैफाली के समर्पण और प्यार से अलग न कर पाई। जब ये प्रेम कहानी शादी की बात तक पहुंची, तो जिंदगी एक नए प्रश्नपत्र के साथ उनके सामने खड़ी थी। घरवालों के सवाल, दोनों परिवारों के विचारों और हैसियत में जमीन आसमान का फर्क और समाज के करोड़ों प्रश्न दोनों के सामने मुंह फैलाए खड़े थे। घरवालों की तरफ से पहले तो पूर्ण मना था, परंतु दोनों ने हार नहीं मानी। दोनों अपनी सीमाओं में रहते हुए अपने-अपने घरवालों को मनाने का पूर्ण प्रयास हर पल करते रहे। ये समय ऐसे गुजर रहा था कि मुझे तो आईएएस बनने की परीक्षा जैसा लग रहा था, परंतु शैफाली बहुत धैर्यवान थी। वो अपने फैसले पर अडिग थी। पूरे दो साल बीत गए तब जाकर घर वाले माने। फिर समाज के लोगों ने भी अड़ंगे लगाए और ये प्रेम की नाव भारी तूफान में हिचकोले लगाते-लगाते किनारे तक आ ही गई, फिर वो घड़ी आई, जिसका हम दोनों को लंबे समय से प्रतीक्षा थी। इस बीच पिछले दो सालों में हम दोनों कभी मिले नहीं, क्योंकि दूरियां लंबी थीं, परंतु दोनों के प्रेम ने ये जंग जीत ली। जब विवाह मंडप पर दोनों ने एक-दुसरे को देखा, तो दोनों की आंखों में सालों की प्रतीक्षा, परिवार और समाज से विजय की चमक और चेहरे पर एक संतोषप्रद मुस्कान थी। उन्हें लगा की अब अंतिम मंजिल पर पहुंच गए, जो एक अगली लंबी यात्रा पर साथ चलने के लिए आगे ले जाएगी। आज भी सालों बाद जब दोनों उस समय को याद करते हैं, तो चेहरे पर एक मुस्कान के साथ ये पंक्तियां बरबस ही मुंह से निकल जाती हैं "जीत जाएंगे हम, तू अगर संग है।" ये पंक्तियां आज भी, उन्हें जीवन के विभिन्न मोड़ों पर आती हुई परीक्षाओं में हौसला देती है। हमारी प्रेम कहानी इस बात को सिद्ध करती है कि यदि प्रेम सच्चा हो और ह्रदय में धैर्य और एक-दुसरे पर विश्वास हो, तो चाहें कितनी भी बाधाएं आएं आप मंजिल पर पहुंचते अवश्य हैं। कभी-कभार शैफाली बोलती है "हम सच में यहां तक आ गए विश्वास नहीं होता।" मैं हर बार उसका हाथ थाम कर कहता है "जब साथी सही हो और दोनों साथ चलें, तो सफर अपने आप सुंदर हो जाता है।"



**-शिवमोहन और शैफाली, कानपुर**

## जॉब का पहला दिन

# शुरू हुआ जीवन का एक नया अध्याय

जीवन के कतिपय अनुभव ऐसी मधुर स्मृतियों में परिणत हो जाते हैं, जो आगे चलकर हमारे व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और पेशेवर पहचान को गहराई से प्रभावित करती हैं। वर्षों के सतत अध्ययन, तैयारी, लंबी प्रतीक्षा और कठिन संघर्ष के बाद जब किसी प्रतिष्ठित महाविद्यालय में नियुक्ति मिलती है, तो मन में एक साथ कई भावनाएं उमड़ती हैं। उत्साह, संकोच, जिम्मेदारी और भविष्य को लेकर एक अनोखी सी आशा आपको चहुंओर से घेर लेती हैं। शाहजहांपुर के एक प्रतिष्ठित महाविद्यालय में मेरा पहला दिन भी बिल्कुल ऐसा ही था। भावनाओं का सुंदर संगम, नए माहौल का स्पर्श और सीखने के असीमित अवसरों का आरंभ।

यद्यपि सुबह से ही मन में हल्की-सी घबराहट थी, किंतु उस घबराहट पर मेरी उत्सुकता भारी पड़ रही थी। मैंने अलमारी से सलीकेदार औपचारिक पोशाक चुनी, आईने में एक नजर खुद को देखा और मन ही मन कहा, "आज से जीवन का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है।" महाविद्यालय पहुंचने तक मन में कई सवाल थे- कैसा वातावरण होगा? सहकर्मी कैसे होंगे? विद्यार्थी कैसा व्यवहार करेंगे? और सबसे महत्वपूर्ण यह कि क्या मैं अपनी भूमिका को उतनी ही कुशलता से निभा पाऊंगा, जितनी अपेक्षा संस्था मुझसे करती है? इन सब चिंताओं के बावजूद मेरे भीतर एक सकारात्मक ऊर्जा थी, जो कदमों को आगे बढ़ाते हुए आश्वस्त कर रही थी कि सब कुछ अच्छा होगा।



महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर कदम रखते ही परिसर की साफ-सुथरी हरियाली, बेमिसाल स्वच्छता, भवनों की सादगीपूर्ण भव्यता और विद्यार्थियों की हलचल ने मेरे मन में एक अद्भुत रोमांच एवं आत्मीयता का भाव जगा दिया। ऐसा लग रहा था मानो यह जगह मेरे इंतजार में ही थी। कुछ छात्र बड़ी विनम्रता से मुस्कुराकर मेरा अभिवादन कर चुके थे। यह छोटा-सा व्यवहार मेरे भीतर के तनाव को थोड़ा कम कर गया। प्रशासनिक भवन के अंदर स्टाफ रूम तक पहुंचने पर वहां पहले से उपस्थित शिक्षकों ने बड़े स्नेह से मेरा स्वागत किया। खास बात तो यह थी कि मेरे विभाग में उस समय कोई शिक्षक कार्यरत नहीं था, लिहाजा मुझे नियुक्ति के साथ ही विभाग का विभागाध्यक्ष बनने का सुअवसर प्राप्त हुआ। साथी शिक्षकों से परिचय भी एक आत्मीय संवाद की तरह था। हर कोई अपने अनुभव साझा करने को उत्सुक और मुझे सहज महसूस कराने को तत्पर। वातावरण में न तो औपचारिकता का बोझ था और न ही प्रतिस्पर्धा की कठोरता, था तो बस एक सहयोगी भाव, जो किसी भी नए व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी ताकत होता है।

फिर आया वह क्षण, जिसका सबसे अधिक इंतजार था-पहली कक्षा लेने का। हाथ में चाक और उपस्थिति रजिस्टर लिए जब मैं कक्षा में पहुंचा, तो लगभग अस्सी छात्रों की निगाहें मेरी ओर उठीं। यह क्षण अत्यंत भावुक और चुनौतीपूर्ण था। उनके लिए मैं एक नया शिक्षक था और मेरे लिए वे भविष्य के निर्माण की जिम्मेदारी। मैंने मुस्कुराते हुए अभिवादन किया और छात्रों की आंखों में सम्मान के साथ-साथ उत्सुकता की चमक महसूस की। मैंने अपना संक्षिप्त परिचय दिया और उनसे भी अपने बारे में बताने को कहा। विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाएं सुनकर यह समझ आ गया कि कक्षा में विविध पृष्ठभूमि, अलग-अलग विचार और सीखने की भिन्न गति वाले छात्र मौजूद हैं और इन्हीं के बीच मैं आने वाले दिनों में अपनी शिक्षण-यात्रा को आकार दूंगा।

व्याख्यान के दौरान छात्रों की उत्सुकता, प्रश्न पूछने की सहजता और ध्यान से सुनने का स्वभाव देखकर मन का सारा तनाव समाप्त हो गया। यह अनुभव किसी औपचारिक पाठ्य प्रस्तुति जैसा नहीं, बल्कि एक संवाद जैसा था, जहां ज्ञान का आदान-प्रदान दोनों तरफ से हो रहा था। कक्षा के अंत में जब छात्रों ने तालियों के साथ मेरा स्वागत किया, तो हृदय गर्व और कृतज्ञता से भर उठा। यही वह पल था, जिसने मुझे एहसास दिलाया कि शिक्षक की भूमिका केवल विषय पढ़ाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह छात्रों के जीवन में प्रेरणा, मार्गदर्शन और सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी बनती है।

पहली कक्षा के बाद विभाग में लौटते हुए कई शिक्षकों ने उत्सुकता से पूछा- 'पहले दिन का अनुभव कैसा रहा?' उनकी आत्मीयता ने दिन को और भी सुखद बना दिया। चाय की गरमा-गरम चुस्की के साथ जब हम शिक्षण-प्रक्रिया, विभागीय गतिविधियों और छात्रों की संभावनाओं पर बातचीत कर रहे थे, तब महसूस हुआ कि यह महाविद्यालय केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक जीवंत परिवार है, जिसे ज्ञान, सहयोग और सामूहिक प्रयत्नों ने एक सूत्र में बांध रखा है। दोपहर में मुझे प्राचार्य महोदय के साथ बैठक में शामिल होने का अवसर मिला। वहां वार्षिक गतिविधियों की रूपरेखा, अनुसंधान परियोजनाएं, छात्रों के अतिरिक्त विकास की योजनाएँ तथा नई शिक्षण तकनीकों पर चर्चा के साथ ही साथ मुझे कई नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। यह देखकर मन अति प्रसन्न हुआ कि संस्था केवल औपचारिक शिक्षण तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति सजग और प्रतिबद्ध है। इस बैठक में मेरा सुझाव भी सुना गया, जिससे मेरा आत्मविश्वास और बढ़ गया।

दिन के अंत में जब मैं परिसर से बाहर निकला, तब पूरे दिन की स्मृतियां मेरे मन में चलचित्र की तरह चल रही थीं। महाविद्यालय का वह पहला दिन आज भी स्मृतियों में उज्जवल है और हमेशा रहेगा, एक प्रेरणा की तरह, एक विश्वास की तरह और एक नए आरंभ की तरह।

**- शिशिर शुक्ला, शाहजहांपुर**

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 85,712.37 | 26,186.45 |
| बढ़त | 447.05 | 152.70 |
| प्रतिशत में | 0.52 | 0.59 |

सोना 1,32,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,83,500 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, शनिवार, 6 दिसंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### 100 गीगावाट पवन ऊर्जा करेंगे हासिल

**पुडुचेरी।** नवीकरणीय ऊर्जा में सक्रिय सुजलॉन समूह के सह-संस्थापक गिरीश तांती ने कहा है कि 2030 तक पवन ऊर्जा से 100 गीगावाट बिजली के उत्पादन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सरकार ने 2030 तक देश में गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित 500 गीगावाट बिजली उत्पादन क्षमता का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इसमें से 100 गीगावाट बिजली को पवन ऊर्जा के माध्यम से उत्पादित करना है।

### पार्क मेडी वर्ल्ड का आईपीओ 10 को

**नई दिल्ली।** पार्क ब्रांड के तहत अस्पताल चलाने वाली पार्क मेडी वर्ल्ड ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 154-162 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने कहा कि कंपनी का 920 करोड़ का आईपीओ 10 दिसंबर को खुलेगा और 12 को समाप्त होगा। बड़े (एंकर) निवेशक नौ दिसंबर को बोली लगा पाएंगे।

### इप्का संयंत्र का पहुंचा अमेरिकी नियामक

**नई दिल्ली।** इप्का लैबोरेट्रीज ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक यूएसएफडीए ने उसकी महाराष्ट्र स्थित तारापुर एपीआई संयंत्र के निरीक्षण के बाद फॉर्म 483 में तीन टिप्पणियां जारी की हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने दवाओं के मुख्य कच्चे माल (एपीआई) के विनिर्माण संयंत्र का एक से पांच दिसंबर, 2025 के बीच निरीक्षण किया।

### सोना 1,300 रुपये उछला, चांदी 3,500

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच शुक्रवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर 1,32,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। सर्राफा बाजार में, चांदी 3,500 रुपये बढ़कर 1,83,500 रुपये प्रति किग्रा (सभी टैक्स) हो गई, जो पिछले कारोबारी सत्र में 1,80,000 रुपये प्रति किग्रा थी। अंतरर्राष्ट्रीय बाजारों में सोना 15.10 डॉलर बढ़कर 4,223.76 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 1.82 प्रतिशत बढ़कर 58.17 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

# महंगाई नरम रही तो रेपो दर भी कम होगी, 0.2% सही स्तर नहीं : मल्होत्रा

## आरबीआई के गवर्नर ने कहा - आगे चलकर हम नरम महंगाई की उम्मीद कर रहे हैं

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि जब तक महंगाई नरम रहती है, तब तक नीतिगत रेपो दर कम ही रहेगी। आरबीआई ने शुक्रवार को रेपो दर में 0.25% की कटौती कर इसे 5.25% कर दिया। इस फैसले की घोषणा के बाद आरबीआई मुख्यालय में मल्होत्रा ने उक्त बात कही।

उन्होंने यह नहीं बताया कि रेपो दर कितनी और नीचे जा सकती है, लेकिन कहा कि आरबीआई के महंगाई अनुमान नरम ही दिखा रहे हैं। मल्होत्रा ने कहा कि आगे चलकर हम नरम महंगाई की उम्मीद कर रहे हैं। अगर महंगाई इसी तरह रहती है तो हम उम्मीद करते हैं कि नीतिगत दरें ऊंची नहीं, बल्कि कम ही रहेंगी। आगे आरबीआई पूरी तरह आंकड़ों पर आधारित रहेगा और अगली नीति समीक्षाओं में छह सदस्यीय दर निर्धारण समिति क्या फैसला लेगी, इसके बारे में अभी कुछ कहना अटकलबाजी होगी। हाल में जितनी कम महंगाई (0.2% ) दिख रही है, क्या भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए वह सही है, तो मल्होत्रा ने कहा कि निश्चित रूप से नहीं। 0.2% महंगाई का सही स्तर नहीं है। हमारा लक्ष्य चार प्रतिशत है। हम उसी तरह की महंगाई हासिल करने की कोशिश करते हैं। हालांकि गवर्नर ने सलाह दी कि इस बहुत कम महंगाई के आंकड़े को बहुत गंभीरता से न लीजिए, क्योंकि कई कारक इसे प्रभावित करते हैं और इसमें उतार-चढ़ाव या अस्थिरता आ सकती है।

उन्होंने कहा कि ऊंचा तुलनात्मक आधार (पिछले साल ऊंचे खाद्य मूल्य) के कारण महंगाई कम दिख रही है। वृद्धि के बारे में उन्होंने कहा कि 2025-26 की पहली छमाही की तुलना में दूसरी छमाही में नरमी का अनुमान है।



### आगे बढ़ाने पर होगा जोर, जमा दरों में नरमी का अनुमान : गवर्नर

मुंबई। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक का जोर अब इस बात पर होगा कि रेपो दर में कटौती का लाभ बैंकों से कर्ज लेने वालों को मिले। उन्होंने कहा कि आगे जमा दरों में नरमी आने का अनुमान है और लोगों से अपील की कि वे बचत के लिए धन जमा करते समय चालू ब्याज दर के बजाय वास्तविक ब्याज दर को देखें, जो अभी काफी ऊंची है। उन्होंने कहा कि अब हमें मौद्रिक नीति का लाभ आगे पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित करना है। इस साल आरबीआई ने प्रमुख ब्याज दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कमी की है। आरबीआई को उम्मीद है कि जमा दरें और नीचे आएंगी। हम उम्मीद करते हैं कि आगे चलकर, खासकर इस कटौती के बाद, जमा दरें कुछ हद तक और कम होंगी। मल्होत्रा ने कहा कि कम महंगाई से जमा करने वाले को वास्तविक लाभ ज्यादा होता है, क्योंकि महंगाई का घटक बहुत कम है। उन्होंने कहा कि जब महंगाई इतनी कम है और आगे भी कम रहेगी, तो भले ही ब्याज दर कम लगे, लेकिन महंगाई के मुकाबले ब्याज दरें काफी ऊंची हैं।

### आरबीआई ने मुद्रास्फीति अनुमान घटाकर किया 2%

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को 2.6 से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है। मुद्रास्फीति के लक्ष्य को लेकर 2016 में लचीली व्यवस्था अपनाये जाने के बाद पहली बार हेडलाइन (खुदरा) मुद्रास्फीति 2025-26 की दूसरी तिमाही में औसतन 1.7 प्रतिशत रही। यह आरबीआई को दिये लक्ष्य के निचले स्तर दो प्रतिशत से भी कम है। आरबीआई को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ मुद्रास्फीति चार प्रतिशत (दो से 6%) रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। यह अक्टूबर 2025 में और भी घटकर केवल 0.3 प्रतिशत पर आ गई जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि मुद्रास्फीति में अनुमान से अधिक तेजी से गिरावट खाद्य कीमतों में सुधार से आई।

### रुपये का लक्षित स्तर या दायरा नहीं

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये के लिए कोई लक्षित स्तर या दायरा नहीं रखता है और घरेलू मुद्रा को खुद ही अपना ''सही स्तर'' खोजने की अनुमति देता है। मल्होत्रा का यह बयान ऐसे समय में आया है जब रुपया इसी हफ्ते अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर को पार कर अपने सबसे निचले भाव पर पहुंच गया। गुरुवार को इसने 90.43 रुपये प्रति डॉलर का रिकॉर्ड निचला स्तर छुआ था। मल्होत्रा ने कहा कि हम रुपये के लिए मूल्य का कोई स्तर या दायरा नहीं रखते हैं।

### शिकायतों के समाधान को चलेगा अभियान

भारतीय रिजर्व बैंक लोकपाल के पास एक महीने से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों के समाधान के लिए जनवरी से दो महीने का अभियान शुरू करेगा। आरबीआई लोकपाल के पास बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त होने के परिणामस्वरूप लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि के साथ यह कदम उठाया गया है। आरबीआई लोकपाल योजना बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों समेत वित्तीय संस्थानों की सेवाओं में कमी से संबंधित शिकायतों का समाधान करने में मदद करती है।

### एक लाख करोड़ की प्रतिभूतियों का खरीद

आरबीआई ने बैंकों एवं गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में पर्याप्त नकदी बनाए रखने के लिए इस महीने खुला बाजार परिचालन (ओएमओ) के तहत एक लाख करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करने का निर्णय लिया। केंद्रीय बैंक इस माह 5 अरब डॉलर की तीन-वर्षीय डॉलर/रुपया खरीद-बिक्री अदला-बदली करेगा। इनसे 15 दिसंबर को देय अग्रिम कर भुगतान की किस्त के लिए बैंकिंग प्रणाली के व्यय से नकदी संकट कम करने में मदद मिलेगी।

# यूपीआई को मंजूरी के लिए आठ अन्य देशों से बातचीत जारी : वित्तीय सेवा सचिव

- भूटान, सिंगापुर, कतर, मॉरीशस, नेपाल, यूएई, श्रीलंका और फ्रांस में हो रहा उपयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वित्त सेवा सचिव एम. नागराजू ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपने डिजिटल भुगतान मंच यूपीआई को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य बनाने के लिए आठ देशों के साथ बातचीत कर रहा है। फिलहाल भारत की लोकप्रिय भुगतान प्रणाली यूपीआई को आठ देशों में स्वीकार्य किया गया है। इनमें भूटान, सिंगापुर, कतर, मॉरीशस, नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), श्रीलंका और फ्रांस शामिल हैं। इससे भारतीय पर्यटक विदेशों में लेन-देन के लिए यूपीआई का इस्तेमाल कर सकते हैं।

नागराजू ने कहा कि हम अब यूपीआई लेनदेन को संभव बनाने के लिए सात-आठ देशों से बातचीत कर रहे हैं जिनमें पूर्वी एशिया के कई देश शामिल हैं। उन्होंने बताया कि भारत कुछ देशों के साथ व्यापार वार्ताओं के दौरान यूपीआई को भी शामिल कर रहा है। नागराजू ने कहा कि कुछ देशों के साथ जिन व्यापार वार्ताओं को हम आगे बढ़ा रहे हैं, उनमें यूपीआई का भी एक पहलू रखने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि इस क्षेत्र में गहराई से शामिल वित्तीय-प्रौद्योगिकी उद्योग भी इसमें अपनी भूमिका निभा सके। उन्होंने कहा कि भारत को लागत और पैमाने के स्तर पर बढ़त हासिल है और इस लाभ का उपयोग देश के हित में करना चाहता है।

### समस्याओं के लिए एआई समाधान बनाएं कंपनियां

**नई दिल्ली।** आईटी और आईटी आधारित सेवा (आईटीईएस) कंपनियों को विभिन्न क्षेत्रों की खास समस्याओं के लिए एआई आधारित समाधान बनाने चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि ऐसा करने से नई नौकरियां पैदा होने की संभावना है। नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्मार्ट गवर्नमेंट (एनआईएसजी) के सम्मेलन में उन्होंने कहा कि लोग सोच सकते हैं कि बड़ी कंप्यूट सुविधाओं की कमी से भारत एआई के बड़े मॉडल बनाने की दौड़ में पीछे रह गया है, लेकिन भारत एआई मॉडल के जरिये आम लोगों की जरूरतों के समाधान बनाकर बढ़त हासिल कर सकता है।

# जीडीपी में सहकारिता की हिस्सेदारी करेंगे तीन गुना

गांधीनगर, एजेंसी

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि अपनी 'निश्चित रणनीति' के तहत सरकार का लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में देश की जीडीपी में सहकारिता क्षेत्र के योगदान को तीन गुना करना और 50 करोड़ से ज्यादा सक्रिय सहकारी सदस्य बनाना है।

शाह ने गांधीनगर के ''महात्मा मंदिर'' सम्मेलन केंद्र में आयोजित 'अर्थ समिट' को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने वर्ष 2030 तक वैश्विक जैविक बाजार में भारत का हिस्सा 20 प्रतिशत और वर्ष 2035 तक 40 प्रतिशत तक बढ़ाने का भी लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे देश में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करना चाहती है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार बनने के बाद ग्रामीण विकास, खेती, पशुपालन और सहकारिता क्षेत्र को देश के आर्थिक प्रणाली और पूरे विकास के ज़रूरी हिस्सों के तौर पर पहचाना गया। शाह ने कहा कि पूरी तरह से विकसित भारत के दृष्टिकोण में हर नागरिक की भलाई शामिल है, और उस लक्ष्य को पाने के लिए सहकारिता, खेती, पशुपालन और ग्रामीण विकास क्षेत्र पर ध्यान देना ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि एक निश्चित रणनीति के तहत, हमने तय किया है कि कुछ ही साल में हम हर पंचायत में एक सहकारिता संस्था बनाएंगे। हम 50 करोड़ से ज्यादा सक्रिय सहकारी सदस्य बनाएंगे और देश की जीडीपी में सहकारिता क्षेत्र के योगदान को तीन गुना करेंगे। उन्होंने कहा कि गुजरात में बनास डेयरी ने डेयरी सेक्टर में संसाधनों के अधिकतम इस्तेमाल वाली अर्थव्यवस्था का एक मॉडल बनाया है और वह मॉडल अब पूरे देश में इस्तेमाल के लिए उपलब्ध है।



- शाह ने कहा- निश्चित रणनीति के तहत 50 करोड़ सहकारी सदस्य बनाने का लक्ष्य
- गांधीनगर के महात्मा मंदिर सम्मेलन केंद्र में आयोजित अर्थ समिट को किया संबोधित

### प्राकृतिक खेती में किसानों के लिए बहुत संभावनाएं

शाह ने कहा कि अब सहकारिता मंत्रालय देश में गन्ना क्षेत्र के लिए भी ऐसा ही मॉडल तैयार करने पर काम कर रहा है। ताजा आंकड़े बताते हैं कि देश में 49 लाख किसान पहले ही प्राकृतिक खेती अपना चुके हैं और किसानों के लिए इसमें बहुत संभावनाएं है। शाह ने कहा कि भारत ऑर्गेनिक्स और अमूल के समर्थन से हम अंतरराष्ट्रीय स्तर के हिसाब से किसानों की ज़मीन और उपज के जैविक परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं की एक शृंखला बना रहे हैं। गेहूं और चावल जैसे करीब 40 जैविक उत्पाद पहले से ही ऑनलाइन बेचे जा रहे हैं। हमने एक लक्ष्य रखा है कि 2030 तक भारत का वैश्विक जैविक बाजार में 20 प्रतिशत से ज्यादा और 2035 तक 40 प्रतिशत से ज़्यादा हिस्सा होगा। इस मकसद के लिए हमने दो बहु-राज्य सहकारिता बनाए हैं। उनमें से एक किसानों से जैविक उत्पाद खरीदेगी, जबकि दूसरी उन्हें बेचेगी।



# उपकर वाले विधेयक को लोस ने दी मंजूरी

## वित्त मंत्री सीतारमण के पेश किए स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक को ध्वनिमत से दी गई स्वीकृति

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा ने पान मसाला पर उपकर लगाने के प्रावधान वाले विधेयक को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' पर हुई चर्चा का जवाब दिया, जिसके बाद सदन ने विभिन्न संशोधनों को खारिज करते हुए विधेयक को ध्वनिमत से स्वीकृति दी। वित्त मंत्री ने कहा कि यह किसी भी वित्त मंत्री की जिम्मेदारी होती है कि राजस्व बढ़ाया जाए ताकि विभिन्न क्षेत्रों में मांग को पूरा किया जा सके, लेकिन यहां एक सरकार है जिसने कर के दायरे को घटाया है। आयकर की सीमा में भारी छूट दी गई है और 12 लाख तक की आय पर कर देने की जरूरत नहीं है।

सीतारमण ने कहा कि जीएसटी में व्यापक बदलाव किया गया है ताकि चीजें किफायती हों। उनका कहना था कि आयकर की सीमा बढ़ाने से लोगों के हाथ में एक लाख करोड़ रुपये बचे हैं। क्या लोगों की बुनियादी जरूरत की वस्तु पर कर लगा रही हूं, बिल्कुल नहीं। सिर्फ हानिकारक वस्तुओं पर कर लगाया जा रहा है। मुझे लगता है कि शायह ही कोई सदस्य यह कहेगा कि पान मसाला की कीमत किफायती होनी चाहिए।



- वित्त मंत्री ने कहा- शायह ही कोई यह कहेगा कि पान मसाला की कीमत किफायती होनी चाहिए

### विधेयक के दायरे में सिर्फ हानिकारक वस्तुएं ही

सीतारमण ने कहा कि यह भी सत्य है कि रक्षा और सड़क निर्माण के लिए पैसे की जरूरत होती है। सीतारमण ने कहा कि बोफोर्स मामले के बाद 30 साल तक तोप की खरीद नहीं की गई और स्थिति यह हुई कि इस अवधि में कई रक्षा मंत्री तो फैसले ही नहीं कर पाए। उन्होंने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय रक्षा साजो-समान की कथित तौर पर खरीद नहीं होने का उल्लेख भी किया। वित्त मंत्री का कहना था कि मैं इस विधेयक के दायरे में आटे को नहीं ला सकती, इसमें सिर्फ हानिकारक वस्तुएं ही लाई जा सकती हैं। उपकर कोई नई व्यवस्था नहीं है। 2014 से पहले चार उपकर का संग्रह था। सीतारमण ने कहा कि क्षतिपूर्ति उपकर के संग्रह से राज्यों का हिस्सा उन्हें भेजा गया है। उनका कहना था कि राजस्व संग्रह कैग की छानबीन के दायरे में आता है।

### जीएसटी पर नहीं पड़ेगा विधेयक का असर

सीतारमण ने कहा था कि विधेयक का मकसद अतिरिक्त संसाधन जुटाना है तथा इससे मिलने वाले राजस्व का एक हिस्सा राज्यों के साथ साझा किया जाएगा। वित्त मंत्री ने सदन में विधेयक को चर्चा और पारित कराने के लिए रखते हुए यह भी कहा था कि इस विधेयक का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की व्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ेगा तथा पान मसाला के उपभोग पर 40 प्रतिशत की जीएसटी बरकरार रहेगी। स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' पान मसाला पर लगाए जाने वाले क्षतिपूर्ति उपकर की जगह लेगा।

### पान मसाला का विज्ञापन करने वाले अभिनेताओं के लिया जाए पुरस्कार वापस

पान मसाला और गुटके को बढ़ावा देने के लिए विज्ञापन कर रहे अभिनेताओं को उनके बेहतर अभिनय के लिए मिले पुरस्कार वापस लेने की मांग शुक्रवार को लोकसभा में उठी। निचले सदन में गुजरात में शराबबंदी खत्म करने का मुद्दा भी उठाया गया। पान मसाला पर उपकर लगाने संबंधी स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025 पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के हनुमान बेनीवाल ने कहा कि किसी मामले में कानून बनाने से ज्यादा महत्वपूर्ण उस पर अमल करना होता है। बेनीवाल ने शाहरूख खान, अजय देवगन और सलमान खान जैसे अभिनेताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे अदाकार विज्ञापन के जरिये पान मसाला और गुटकों के सेवन को बढ़ावा देते हैं।

### निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पर मुस्लिम आरक्षण का लगाया आरोप

नई दिल्ली। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को कांग्रेस पर 'मुस्लिम आरक्षण' को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया और कहा कि केंद्र सरकार को एक समिति बनाकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के आरक्षण की सुरक्षा करनी चाहिए। उन्होंने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाया। निशिकांत दुबे ने कहा कि कांग्रेस का हाथ मुसलमानों के साथ है ...उसने मुस्लिम समुदाय को पहले आंध्र प्रदेश में चार प्रतिशत आरक्षण दिया और अब वही तेलंगाना और कर्नाटक में किया। उनका कहना था कि केंद्र सरकार को एक समिति बनाकर आरक्षण बचाना चाहिए। शून्यकाल के दौरान भाजपा के बंटी विवेक साहू ने मध्य प्रदेश में कफ सीरप से बच्चों की मौत का विषय उठाया और कहा कि सरकार को दवाओं के विनिर्माण और परीक्षण के नियमों को सख्त बनाना चाहिए।

### गत वर्ष सड़क हादसों में मौत के मामले बढ़कर 1.77 लाख : गडकरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को संसद को बताया कि भारत में सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 2024 में 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख से अधिक हो गई, जिसका अर्थ है कि हर दिन 485 लोगों की मौत सड़क हादसों में हुई। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि फरवरी 2020 में सड़क सुरक्षा पर तीसरे वैश्विक मंत्री स्तरीय सम्मेलन में अपनाए गए 'सड़क सुरक्षा पर स्टॉकहोम घोषणापत्र' में 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और चोटों को 50 प्रतिशत तक कम करने का एक नया वैश्विक लक्ष्य रखा गया है।

# रिलायंस की और 1,120 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत और 1,120 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की हैं। अधिकारियों ने कहा कि रिलायंस समूह की कुल 10,117 करोड़ की संपत्तियां अब तक कुर्क की जा चुकी हैं।

अधिकारियों ने बताया कि मुंबई के बैलार्ड एस्टेट में स्थित रिलायंस अनिल अंबानी समूह के रिलायंस सेंटर समेत 18 संपत्तियों, सावधि जमा और गुपचुप निवेश से जुड़े शेयरों को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है। उन्होंने कहा कि रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की सात अन्य संपत्तियों, रिलायंस पावर लिमिटेड की दो संपत्तियों, रिलायंस वैल्यू सर्विस प्राइवेट लिमिटेड की नौ संपत्तियों, रिलायंस वैल्यू सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, फी मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, आधार प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड और गेमसा इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर सावधि जमा के साथ-साथ रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड और फी मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए गए गुपचुप निवेश को कुर्क कर लिया गया है।



- ईडी ने कहा- अब तक कुल 10,117 करोड़ की संपत्तियां की जा चुकी हैं कुर्क

# वक्फ पंजीकरण की समयसीमा नहीं बढ़ेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 'उम्मीद' पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की समयसीमा बढ़ाने की संभावना से शुक्रवार को इन्कार करते हुए कहा कि उन मुत्तवलियों (वक्फ का देखभाल करने वाले) को तीन महीने तक जुर्माने और किसी कठोर सजा से राहत दी जाएगी, जो पंजीकरण का प्रयास करते हुए सफल नहीं हो सके।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह तक 1.51 लाख संपत्तियों का पंजीकरण हो चुका था। मंत्री का कहना था कि जो लोग पंजीकरण नहीं कर पाए हैं वो वक्फ न्यायाधिकरण का रुख कर सकते हैं। केंद्र ने सभी वक्फ संपत्तियों की 'जियो-टैगिंग' के बाद एक डिजिटल सूची बनाने के लिए बीते छह जून को एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास (उम्मीद) अधिनियम केंद्रीय पोर्टल शुरू किया था। 'उम्मीद' के प्रावधान के अनुसार, देश भर में सभी पंजीकृत वक्फ संपत्तियों का विवरण अनिवार्य रूप से छह महीने के भीतर अपलोड किया जाना है। पंजीकरण के लिए छह महीने की मियाद शुक्रवार को खत्म हो रही है।



- केंद्रीय मंत्री रीजीजू ने कहा- पंजीकरण का प्रयास करने वाले मुत्तवलियों को दी जाएगी राहत

### पंजीकरण को दी गई थी छह माह की अवधि

रीजीजू ने कहा कि वक्फ कानून बनाने के बाद हमने उम्मीद पोर्टल शुरू किया था और सभी वक्फ संपत्तियों को पोर्टल पर पंजीकृत करने के लिए संबंधित पक्षों को छह महीने की अवधि दी गई थी। आज आखिरी दिन है और अब भी लाखों संपत्तियों का पंजीकरण नहीं हो सका है। कई सांसदों और सामाजिक संगठनों के लोगों ने पोर्टल की मियाद बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि अब तक उम्मीद पोर्टल पर 1.51 लाख वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण हुआ है। मंत्री ने कहा कि मैं उन भी मुतवल्लियों को आश्वस्त करता हूं कि अगले तीन महीनों तक कोई जुर्माना नहीं लगाएंगे या कोई सख्त कार्रवाई नहीं करेंगे जिन्होंने पंजीकरण की कोशिश की, किसी कारणवश पंजीकरण नहीं हो सका।

# कर्नाटक में हिजाब और भगवा शॉल को लेकर फिर विवाद

**हावेरी।** कर्नाटक के हावेरी जिले के कॉलेज में विद्यार्थियों के कुछ ग्रुप हिजाब और भगवा शॉल के साथ कक्षा में पहुंचे, जिसके कारण कॉलेज परिसर में तनाव उत्पन्न हो गया। अक्की अलूर गांव स्थित सीजी बेल्लाड सरकारी कॉलेज की इस घटना ने कर्नाटक के शैक्षणिक संस्थानों ड्रेस-कोड पर बहस को फिर से सुर्खियों में ला दिया है।

विद्यार्थियों का समूह गुरुवार को ये शिकायत करते हुए भगवा शॉल के साथ कक्षा में पहुंचा था कि वे कॉलेज प्रशासन द्वारा पोषाक के नियमों को लागू करने में कथित विफलता के खिलाफ आवाज उठाना चाहते थे। विद्यार्थियों ने कहा कि उन्होंने बार-बार शिकायत की थी।

# मंदिर का पैसा अराध्य का, सहकारी बैंक को बचाने के लिए नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए टिप्पणी की कि किसी मंदिर के अराध्य के धन का उपयोग वित्तीय संकटग्रस्त सहकारी बैंकों को सहारा देने के लिए नहीं किया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह कड़ी टिप्पणियां कुछ सहकारी बैंकों द्वारा दायर अपील पर सुनवाई के दौरान कीं। सुप्रीम कोर्ट ने केरल हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

अपील में केरल हाईकोर्ट के उस निर्देश को चुनौती दी गई थी, जिसमें बैंकों से थिरुनेल्ली मंदिर देवास्वोम को जमा राशि लौटाने को कहा गया था। प्रधान न्यायाधीश ने सवाल किया, आप मंदिर के धन का उपयोग बैंक को बचाने के लिए करना चाहते हैं? यह निर्देश देने में क्या गलत है कि मंदिर का धन, संकट ग्रस्त सहकारी बैंक में रखने के बजाय राष्ट्रीयकृत बैंक में जमा किया जाना चाहिए जो अधिकतम ब्याज दे सके। पीठ ने कहा कि मंदिर का धन अराध्य का है और इसको मंदिर के हितों, संरक्षित के लिए उपयोग किया जाना चाहिए तथा यह किसी सहकारी बैंक के लिए आय या जीवनयापन का स्रोत नहीं बन सकता।



- कुछ सहकारी बैंकों की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

### न्यायपालिका में एआई के उपयोग पर सुनवाई से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक प्रणाली में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग के अनियमित उपयोग को रोकने से संबंधित जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई से शुक्रवार को इन्कार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह न्यायपालिका में एआई और मशीन लर्निंग उपकरणों के दुष्प्रभावों से अवगत है, लेकिन इन मुद्दों का समाधान न्यायिक निर्देशों के बजाय प्रशासनिक स्तर पर अधिक उपयुक्त रूप से किया जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अनुपम लाल दास की दलील सुनी, जो याचिकाकर्ता कार्तिकेय रावल की ओर से पेश हुए थे।

### कुलपतियों की नियुक्त पर बनाएं सहमति

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केरल में दो विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के चयन को लेकर अगर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन व राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर के बीच सहमति नहीं बन पाती है तो वह समाधान के लिए हस्तक्षेप करेगा। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और पीबी वराले की पीठ एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विवि और डिजिटल विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी विवि के कुलपतियों की नियुक्ति पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने राज्यपाल के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि और मुख्यमंत्री के अधिवक्ता जयदीप गुप्ता को गतिरोध समाप्त करने को समाधान खोजने का निर्देश दिया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### एअर एंबुलेंस नहीं पहुंची, अब बीमार जिया कल जाएंगी लंदन

**ढाका।** गंभीर रूप से बीमार बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की उपचार के वास्ते लंदन रवानगी रविवार तक के लिए टल गई है। कतर की पेशकश वाली 'एअर एंबुलेंस' के यहां नहीं पहुंच पाने के कारण यह देरी हुई है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की 80 वर्षीय प्रमुख जिया को 23 नवंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वह बृहस्पतिवार देर रात या शुक्रवार तड़के लंदन रवाना होने वाली थीं। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा, 'अगर सब कुछ ठीक रहा तो एअर एम्बुलेंस कल शनिवार पहुंचने की संभावना है। यदि मैडम का मेडिकल बोर्ड इसकी मंजूरी देता है तो इंशाअल्लाह वह रविवार को लंदन के लिए उड़ान भरेंगी।

### इजराइल ने थाईलैंड को वायु रक्षा प्रणाली देने की घोषणा की

**यरूशलम।** इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि वह रॉयल थाई वायु सेना को एक एडवांस्ड वायु रक्षा प्रणाली की आपूर्ति करेगी। बयान में वायु रक्षा प्रणाली की रकम और आपूर्ति की तारीख का कोई उल्लेख नहीं किया गया है लेकिन इजराइली मीडिया की मानें तो यह पूरी डील लगभग 107 मिलियन अमेरिकी डॉलर की है। आईएआई ने बताया कि उसका बराक एमएक्स इंटीग्रेटेड एयर-और मिसाइल-डिफेंस सिस्टम थाईलैंड को पहली मीडियम-रेंज एयर-डिफेंस क्षमता देगा, जो बैलिस्टिक और हवाई दोनों तरह के खतरों से पूरी सुरक्षा देगा। यह प्रणाली थाई एयरस्पेस को ड्रोन, फाइटर जेट, क्रूज मिसाइलों और 150 किलोमीटर तक की रेंज वाली मिसाइलों से बचाएगी।

### अमेरिका : पुतिन के करीबी से जुड़ी कंपनी पर 71 लाख डॉलर जुर्माना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वित्त विभाग ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी उद्योगपति ओलेग देरिपस्का की आलीशान रियल एस्टेट संपत्तियों का प्रबंधन करके पाबंदियों का उल्लंघन करने के आरोप में न्यूयॉर्क में स्थित एक कंपनी पर 71 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया है।वित्त विभाग के विदेशी संपत्तियां नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने कहा कि ग्रेसटाउन इंक नामक संपत्ति प्रबंधन कंपनी को देरिपस्का के स्वामित्व वाली एक कंपनी की ओर से अप्रैल 2018 से मई 2024 के बीच 24 बार भुगतान के जरिए कुल 31,250 अमेरिकी डॉलर की राशि हासिल हुई। ओएफएसी ने कहा कि उसने ग्रेसटाउन को नोटिस जारी कर कहा था कि देरिपस्का के साथ लेनदेन पर प्रतिबंध है, लेकिन कंपनी लेनदेन करती रही।

## पाकिस्तान: हिंदू छात्राओं को धमकी पढ़ना है तो इस्लाम धर्म अपनाओ

- छात्राओं के अभिभावकों ने लगाया आरोप, सरकार के शिक्षा मंत्री ने दिया जांच का आदेश

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में कुछ हिंदू स्कूली छात्राओं पर पढ़ाई जारी रखने के लिए इस्लाम धर्म अपनाने के लिए दबाव डाला गया और उन्हें स्कूल में कलमा पढ़ने के लिए मजबूर किया गया। छात्राओं के अभिभावकों की ओर से जताए गए विरोध के बाद मामला मीडिया के जरिए जानकारी में आने पर सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं।

नवंबर के अंत में, सिंध के मिरपुर साक्रो में स्थित सरकारी उच्च विद्यालय की कुछ हिंदू छात्राओं के माता-पिता ने मीडिया को बताया था कि स्कूल की प्रधानाध्यापिका ने हिंदू छात्राओं से कहा था कि वे अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए इस्लाम धर्म अपना लें। माता-पिता ने आरोप लगाया कि हिंदू छात्राओं को कलमा पढ़ने के लिए मजबूर किया गया और उनके धर्म का मजाक उड़ाया गया। इस आरोप के बाद आक्रोश फैल गया। माता-पिता ने यह दावा भी किया कि इस्लाम धर्म अपनाने या कलमा पढ़ने से इन्कार करने पर कुछ छात्राओं को उनके घर लौटा दिया गया। धार्मिक मामलों के राज्य मंत्री खीसो मल खील दास ने बृहस्पतिवार को संसद के उच्च सदन सीनेट को बताया कि प्रांतीय शिक्षा मंत्री ने इस मामले की जांच का आदेश दिया है।

## भारत के लिए नए भविष्य की उम्मीद

अमेरिका के साथ लगातार कटु होते संबंधों और व्यापार तनाव के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो दिवसीय भारत यात्रा के दौरान कई प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। व्यापार, ऊर्जा, रक्षा और संचार के क्षेत्रों में किए गए इन समझौतों का उद्देश्य भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार को सौ बिलियन डॉलर तक ले जाना और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना है। भारत ने इन समझौतों के साथ पश्चिमी देशों को अपनी रणनीतिक स्वायत्ता का स्पष्ट संदेश तो दिया ही है, अपने सुदृढ़ भविष्य के लिए एक नया मार्ग भी प्रशस्त किया है। माना जा रहा है कि भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए एक जटिल संतुलन बनाने की कोशिश की है, इससे अमेरिका से संबंधों पर तो कुछ असर पड़ सकता है, लेकिन भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को इससे मजबूती मिलेगी।

## रूस के साथ समझौते



### 2030 तक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम

भारत-रूस का 2030 तक व्यापार-निवेश का विस्तार के लिए महत्वाकांक्षी कार्यक्रम, लक्ष्य व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचाना।

**भारत के लिए परिणाम**

- भारत का लक्ष्य रूस को फार्मास्यूटिकल्स, कृषि उत्पाद और मशीनरी का निर्यात बढ़ाकर व्यापार असंतुलन को कम करना है।
- द्विपक्षीय बस्तियों की प्रणाली विकसित करने से अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम होगी, प्रतिबंधों के प्रभाव से बचा जा सकेगा।
- महत्वपूर्ण खनिजों, उर्वरकों और अन्य आवश्यक वस्तुओं के लिए भारत की आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता लाने में मदद मिलेगी।

### रक्षा-सैन्य तकनीकी सहयोग

रक्षा संबंधों को नया रूप देने पर सहमति, लॉजिस्टिक सपोर्ट का पारस्परिक आदान-प्रदान भी शामिल।

**भारत के लिए परिणाम**

- युद्धपोतों, सैन्य विमानों को एक-दूसरे के बंदरगाहों व सैन्य सुविधाओं तक पहुंच, परिचालन पहुंच बढ़ेगी।
- रक्षा उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा इससे भारत की रक्षा विनिर्माण क्षमता मजबूत होगी।
- भारत को सोवियतयुग के सैन्य हार्डवेयर को उन्नत रूसी प्रौद्योगिकी के साथ आधुनिक बनाने में मदद मिलेगी।
- रूस से मजबूत रक्षा संबंध पश्चिमी देशों के दबाव के बाद भी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने में मदद करेंगे।

### ऊर्जा भागीदारी, परमाणु सहयोग

भारत को तेल, गैस और कोयले की निर्बाध आपूर्ति का आश्वासन, कुडनकुलम की शेष इकाइयों के निर्माण और नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थलों पर चर्चा में प्रगति।

**भारत के लिए परिणाम**

- रूस से निरंतर ऊर्जा आपूर्ति भारत की बढ़ती अर्थ व्यवस्था के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करती है।
- परमाणु ऊर्जा सहयोग से भारत को अपने स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने में काफी मदद मिलेगी।

### कनेक्टिविटी, मोबिलिटी

अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे चेन्नई-व्लादिवोस्तोक समुद्री गलियारे समेत परिवहन गलियारों में सहयोग।

**भारत के लिए परिणाम**

- मध्य एशिया और यूरोप के लिए एक छोटा और सस्ता व्यापार मार्ग मिलने से भारतीय निर्यातकों को लाभ।
- ये गलियारे भारत की पहुंच को यूरेशिया तक बढ़ाते हैं, जिससे क्षेत्रीय संपर्क और प्रभाव में वृद्धि होती है।
- भारतीय श्रमिकों, रूसी पर्यटकों की यात्रा को आसान बनाएंगे, सांस्कृतिक-व्यक्तिगत संबंध मजबूत होंगे।

### अमेरिका के नजरिए से...

समझौते दर्शाते हैं कि भारत अमेरिकी दबाव के बावजूद रूस के साथ रणनीतिक साझेदारी बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने रूस से ऊर्जा आयात बढ़ाना जारी रखा है और रुपये-रूबल व्यापार तंत्र को परिष्कृत कर रहा है, जो अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने का एक तरीका है।

# गांधी की समाधि पर पुतिन नतमस्तक अहिंसा व सच्चाई के लिए किया याद

## लिखा- नई, निष्पक्ष और बहुध्रुवीय दुनिया के सिद्धांत का प्रभाव आज भी कायम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत यात्रा पर आए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को राजघाट जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर शीश नवाया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके साथ रूसी राष्ट्रपति ने बापू की समाधि की परिक्रमा भी की। उन्होंने भारत की आजादी के सर्वोच्च नायक को अहिंसा और सच्चाई के लिए याद किया और उनकी समाधिक पर पुष्पचक्र चढ़ाने के साथ उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की।

पुतिन ने राजघाट पर रखी स्मारिका में रूसी भाषा में लिखा, महात्मा गांधी ने अहिंसा और सच्चाई के जरिए हमारी धरती पर शांति के लिए एक अनमोल योगदान दिया, जिसका प्रभाव आज भी कायम है। उन्होंने लिखा कि महात्मा गांधी ने एक नई, ज्यादा निष्पक्ष और बहुध्रुवीय दुनिया की व्यवस्था का रास्ता दिखाया, जो अब बन रही है। रूस के राष्ट्रपति ने स्मारिका में लिखा, समानता, आपसी सम्मान और सहयोग पर अपनी शिक्षाओं में आज भी भारत दुनिया के लोगों के साथ मिलकर और अंतरराष्ट्रीय मंच पर इन्हीं सिद्धांतों और मूल्यों की रक्षा करता है। उन्होंने यह भी लिखा, रूस भी ऐसा ही करता है।



राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे पुतिन।





### राष्ट्रपति भवन में पुतिन का किया गया औपचारिक स्वागत

**नई दिल्ली।** भारत की यात्रा पर आए रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन का प्रधानमंत्री मोदी के साथ होने वाली शिखर वार्ता से पहले शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पुतिन ने एक-दूसरे का अपने-अपने देश के गणमान्य व्यक्तियों से परिचय कराया। पुतिन ने सलामी गारद का भी निरीक्षण किया। गुरुवार शाम यहां पहुंचे पुतिन का खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पालम हवाई अड्डे पर पहुंचकर गले लगकर स्वागत किया था। हवाईअड्डे से दोनों नेता मोदी के सरकारी आवास तक एक ही कार में गए, जहां निजी रात्रिभोज का आयोजन किया गया था।

## रूसी राष्ट्रपति ने मोदी से कहा- मुझे आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद

- अपने भारत दौरे के सकारात्मक नतीजा निकलने की उम्मीद जताई

**नई दिल्ली।** पुतिन ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के दौरान उन्हें भारत आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री के साथ बैठक के दौरान पुतिन ने कहा, प्रिय प्रधानमंत्री, प्रिय दोस्तों, सबसे पहले निमंत्रण और कल की बहुत अच्छी शाम के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

यूक्रेन मुद्दे पर शांति के प्रति रूस की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए पुतिन ने विश्वास जताया कि भारत में उनके इस दौरे के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। उन्होंने रूस और भारत के बीच गहरे संबंधों का उल्लेख करते हुए यूक्रेनी मुद्दे को हल करने में मदद के लिए मोदी के प्रयासों की सराहना की। साथ ही शांतिपूर्ण समाधान के संबंध में रूस और अमेरिका की कार्रवाइयों के बारे में भी सूचित करते हुए कूटनीति और बातचीत का उल्लेख किया।

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पुतिन की यह पहली भारत यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब दोनों देश तेजी से जटिल होते भू-राजनीतिक परिदृश्य से गुजर रहे हैं। रूस पश्चिमी प्रतिबंधों के दबाव में है और भारत रूस के साथ ऐतिहासिक संबंधों को संतुलित करते हुए अमेरिका के साथ मजबूत संबंध बनाए रखने के लिए काम कर रहा है।

## मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ न्यूयॉर्क टाइम्स ने पेंटागन पर ठोका मुकदमा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी मीडिया हाउस 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' ने गुरुवार को अमेरिकी रक्षा विभाग के खिलाफ मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंधात्मक नियमों को लेकर मुकदमा दायर किया है। अखबार का आरोप है कि मंत्रालय की यह नीति संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान के प्रथम संशोधन का उल्लंघन करती है। कोलंबिया के जिला न्यायालय में दायर इस मुकदमे में रक्षा विभाग, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता शॉन पार्नेल को प्रतिवादी बनाया गया है।

शिकायत में बताया गया है कि छह अक्टूबर को मंत्रालय ने पेंटागन फैसिलिटी अल्टरनेट क्रेडेंशियल्स पर एक नई नीति जारी की, जिसे पेंटागन बैज या बिल्डिंग पास भी कहा जाता है। यह नीति मंत्रालय के अधिकारियों को असीमित विवेक प्रदान करती है। इसके अंतर्गत वे वैध समाचार संकलन में शामिल पत्रकार की मान्यता को तुरंत निलंबित और अंततः रद्द तक कर सकते हैं। यह नियम पेंटागन परिसर के अंदर और बाहर दोनों जगह पत्रकारिता गतिविधियों पर लागू होता है, या यदि कोई पत्रकार ऐसी जानकारी प्रकाशित करता है जिसे विभाग के अधिकारियों ने मंजूरी नहीं दी है। शिकायत में कहा है, यह नीति पहले संशोधन का उल्लंघन करते हुए पत्रकारों की उस क्षमता को प्रतिबंधित करने का प्रयास करती है जो वे हमेशा करते आए हैं। यानी सरकारी कर्मचारियों से सवाल पूछना या ऐसी खबरों के लिए जानकारी जुटाना जो जनता को सिर्फ आधिकारिक घोषणाओं से परे ले जाएं।



- रक्षा मंत्री हेगसेथ, उनके प्रवक्ता समेत कई को बनाया प्रतिवादी

### रक्षा मंत्री पर गोपनीय सैन्य योजना लीक करने का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यमन में हूती विद्रोहियों पर होने वाले सैन्य हमले से संबंधित संवेदनशील योजनाएं अपने निजी फोन से साझा करके अमेरिकी सैनिकों को जोखिम में डाल दिया। पेंटागन के महानिरीक्षक की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में गैरअनुमोदित मैसेजिंग ऐप और उपकरणों के इस्तेमाल को लेकर भी उन पर सवाल उठाए गए हैं। महानिरीक्षक ने पाया कि हेगसेथ के पास 'सिग्नल चैट' नामक मैसेजिंग ऐप में साझा की गई जानकारी को 'डी-क्लासिफाई' यानी गोपनीय श्रेणी से हटाने का अधिकार था। रिपोर्ट में कहा गया है कि हूती विद्रोहियों पर होने वाले हमले का संवेदनशील विवरण जारी करना, पेंटागन के आंतरिक नियमों का उल्लंघन है।

## मस्क के सोशल मीडिया मंच एक्स पर 12 करोड़ यूरो जुर्माना

**लंदन।** यूरोपीय संघ के नियामकों ने शुक्रवार को एलन मस्क के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर डिजिटल नियमों का पालन न करने के लिए 12 करोड़ यूरो (लगभग 14 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया। यूरोपीय आयोग ने यह निर्णय दो साल पहले ''एक्स'' (पूर्व में ट्विटर) के खिलाफ शुरू की गई जांच के बाद लिया है। यह जांच 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ के डिजिटल सेवा अधिनियम (डीएसए) के तहत की गई थी। डीएसए एक व्यापक कानून है जो सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन मंच से कहता है कि यूरोप के उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए वे ज्यादा जिम्मेदारी लें और अपनी साइट पर आने वाली हानिकारक या गैर-कानूनी सामग्री तथा उत्पादों को तुरंत हटाएं। अगर वे ऐसा नहीं करते तो बहुत भारी जुर्माना लग सकता है।

आयोग ने कहा कि वह सोशल मीडिया मंच एक्स को डीएसए की पारदर्शिता आवश्यकताओं के तीन अलग-अलग उल्लंघनों के कारण दंडित कर रहा है। नियामकों ने कहा कि 'एक्स' के नीले टिक निशान नियमों का उल्लंघन करते हैं क्योंकि उनका भ्रामक डिजाइन उपयोगकर्ताओं को धोखाधड़ी और गलत जानकारी के जोखिम में डाल सकता है।

## पराजित देश के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाए जापानः चीन

**बीजिंग।** चीन ने जापान से द्वितीय विश्व युद्ध में पराजित देश के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने, युद्धोत्तर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को चुनौती देना बंद करने तथा एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को नुकसान पहुंचाने से बचने का आग्रह किया।

चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता जियांग बिन ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह टिप्पणी जापानी सरकार की ओर से रक्षा व्यय में वृद्धि को मंजूरी देने और फिलीपींस के साथ जापानी मिसाइल के निर्यात पर बातचीत करने के संदर्भ में की। जियांग बिन ने जापान की आलोचना करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में जापान ने बार-बार अपने शांतिवादी संविधान के तहत दी गई प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन ,रक्षा बजट में भारी वृद्धि और घातक हथियारों के निर्यात को बढ़ावा दिया है तथा अपने तीन गैर-परमाणु सिद्धांतों में संशोधन करने का प्रयास किया है। कहा, जापान ने सैन्य विकास पर लगी पाबंदियों को तेजी से ढीला किया है, जिससे वहां सैन्यवाद के फिर उभरने का खतरा पैदा हो गया है।

## विश्व कप, ओलंपिक और निवेशक वीजा आवेदनों को प्राथमिकता देगा अमेरिका

- दुनिया भर में 400 अतिरिक्त कांसुलर अधिकारी तैनात किए

**वाशिंगटन, एजेंसी**

ट्रंप प्रशासन ने दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को निर्देश दिया है कि वे उन विदेशियों के वीजा आवेदनों को प्राथमिकता दें जो अमेरिका में निवेश करना चाहते हैं या 2026 विश्व कप, 2028 ओलंपिक और अन्य प्रमुख खेल आयोजनों में भाग लेने आ रहे हैं। अमेरिका ने इसके साथ वीजा आवेदन संभालने के लिए दुनिया भर में 400 से अधिक अतिरिक्त कांसुलर अधिकारी भी तैनात किए हैं।

अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, अमेरिका में महत्वपूर्ण निवेश पर विचार कर रहे व्यापारियों और अमेरिकी उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने वाले प्रमुख खेल आयोजनों में भाग लेने के लिए यात्रा करने वालों के वीजा आवेदन प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर होंगे। यह कदम अमेरिका में होने वाले बड़े खेल आयोजनों से पहले प्रशंसकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। नए निर्देशों के तहत, विश्व कप के प्रशंसकों के आवेदनों को सभी अन्य बी1/बी2 आवेदनों पर प्राथमिकता दी जाएगी। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बताया कि वीजा आवेदन संभालने के लिए दुनिया भर में 400 से अधिक अतिरिक्त कांसुलर अधिकारियों को तैनात किया गया है।

ट्रंप प्रशासन ने उच्च कौशल वाले विदेशी श्रमिकों के एच-1बी वीजा आवेदनों पर विचार के लिए नए मानदंड निर्धारित किए हैं। उन आवेदकों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया है जो ऑनलाइन या अन्य माध्यमों से अमेरिकी नागरिकों की सेंसरशिप में शामिल या उसके लिए जिम्मेदार रहे हैं।

## अमर्यादित भाषाः आप्रवासियों को कचरा कहने पर घिरे ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** सोमालिया के आप्रवासियों को 'कचरा' कहने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान की काफी आलोचना हो रही है। मिनेसोटा राज्य के डेमोक्रेटिक पार्टी के गवर्नर टिम वाल्ज ने ट्रंप के बयान की निंदा करते हुए इसे भद्दा बताया।


वाल्ज ने बृहस्पतिवार को कहा कि ट्रंप ने मिनेसोटा के सभी निवासियों को बदनाम किया, जहां अमेरिका के दूसरे राज्यों की तुलना में सबसे अधिक सोमालियाई आप्रवासी रहते हैं। उन्होंने कहा कि सोमालियाई आप्रवासियों के प्रति ऐसी नफरत भरी टिप्पणियां पहले कभी किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने नहीं कीं। वाल्ज ने कहा, आज हमारे छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जा रहे हैं, जबकि उनके ही राष्ट्रपति उन्हें कचरा कह रहे हैं। कई बुद्धिजीवियों ने भी ट्रंप की इस टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की है। एल्बनी में स्थित न्यूयॉर्क स्टेट यूनिवर्सिटी में इतिहास के प्रोफेसर कार्ल बोन टेम्पो ने कहा, उन्होंने रोजमर्रा की बातचीत में इस तरह की भाषा को ज्यादा सामान्य बना दिया है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 दिसंबर, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया 6 दिसंबर 21.25 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- मृगशिरा 08.48 तक तत्पश्चात आर्द्रा 07 दिसंबर 06.13 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** – आज भूमि-संपत्ति को लेकर महत्वपूर्ण अनुबंध हो सकते हैं। नया ज्ञान अर्जित करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। परिवार में शांति का वातावरण रहेगा। आपके जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**वृष** – आज धन अनावश्यक बर्बाद हो सकता है। किसी बड़े कार्य को लेकर परेशानी दूर होगी। व्यवसाय में जल्दबाजी के कारण नुकसान हो सकता है। आपकी बातों का लोग बुरा मान सकते हैं। मित्रों के साथ आप काफी समय बिताएंगे।

**मिथुन** – आज आपका पारिवारिक जीवन अत्यंत सुखमय रहेगा। परिवार के साथ समय बिताने के लिए आप काम से छुट्टी भी ले सकते हैं। मानसिक रूप से सुकून का अनुभव करेंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**कर्क** – आज पोषण की कमी के कारण शरीर में थकावट महसूस होगी। प्रेम संबंधों को लेकर मन थोड़ा विचलित रहेगा। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे आपको बाद में पछताना पड़े। अपने मन की बातें सभी से शेयर न करें। लोग आपका मजाक भी बना सकते हैं।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र की चुनौतियां दूर होंगी। दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होने के योग बन रहे हैं। आप लोगों की सहायता करने को लेकर तत्पर रहेंगे। लोहा और शराब कारोबारियों के लिए दिन विशेष रूप से बहुत ही अच्छा है।

**कन्या** – आज विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ जाएगें। समाज में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। दिनचर्या सुव्यवस्थित रहेगी। मन में थोड़ी-बहुत कन्फ्यूजन की स्थिति रहेगी। अपने काम से संतुष्ट नहीं रहेंगे।

**तुला** – आज कारोबार में आपको बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। घरेलू खर्चों को कम करने की आवश्यकता है। अनावश्यक यात्राएं हो सकती हैं। आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य छूट सकता है। गूढ़ विषयों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – आज आपको किसी योग्य व्यक्ति से परामर्श लेना चाहिए। मन में नकारात्मक विचार और अज्ञात भय व्याप्त हो सकता है। आर्थिक दृष्टिकोण से समय अच्छा नहीं है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**धनु** – आज आप अपने कार्य की गुणवत्ता पर अत्यधिक ध्यान देंगे। दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा। अपने निर्णयों को दूसरों पर थोपने से बचें। विवाह योग्य लोगों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं।

**मकर** – आज आप अपने करियर को लेकर थोड़े चिंतित रहने वाले हैं। सरकारी नौकरी करने वालों को उत्तम सफलता मिलेगी। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। आप नई तकनीक का प्रयोग सीखने का प्रयास करेंगे।

**कुंभ** – आज नई परियोजनाओं की शुरुआत कर सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने की संभावना बन रही है। पेट में वायु विकार उत्पन्न होने की संभावना है। दोस्तों के साथ आप घूमने जा सकते हैं। अपने भविष्य को लेकर चिंता हो सकती है।

**मीन** – आज का दिन आपके लिए शुभ नहीं है। आपके सम्मान को ठेस पहुंच सकती है। काम को लेकर आपको यात्रा करनी पड़ेगी। सोशल मीडिया पर अधिक समय बर्बाद न करें। अजीबोगरीब स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

## सुडोकू -182

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | | | |
| 4 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | 5 | | | | | | |
| 1 | | | | | | | | |
| | | 2 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | | | | 9 | | | |
| | 8 | | | | | | 7 | |

### सुडोकू - 181 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 9 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 | 6 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 2 | 5 | 3 | 6 | 8 | 9 | 1 | 7 | 4 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 |
| 6 | 7 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 3 |



उमरान मलिक एक बेहतरीन गेंदबाज हैं। मुझे लगता है कि आईपीएल में छोटे मैदान और अच्छी पिचें होने के कारण आपको तेज गेंदबाज़ी के लिए एक एक्स फैक्टर की ज़रूरत होती है। मुझे लगता है कि वहअच्छा प्रदर्शन करेगा।
–सुनील नारायण

## ऑस्ट्रेलिया ने बनाई 44 रनों की बढ़त



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन। एजेंसी

**ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया), एजेंसी**

**एशेज सीरीज : दूसरा दिन**

- इंग्लैंड ने पांच कैच छोड़े, रूट 138 रन बनाकर नाबाद रहे
- ऑस्ट्रेलिया के वेदरॉल्ड, लाबुशेन और स्मिथ ने ठोके अर्धशतक

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

इंग्लैंड : **334/10** (पहली पारी)
ऑस्ट्रेलिया : **378/6** (पहली पारी जारी)

ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष क्रम के सभी बल्लेबाजों को मिली अच्छी शुरुआत से शुक्रवार को यहां एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप तक इंग्लैंड के खिलाफ छह विकेट पर 378 रन बनाकर पहली पारी में 44 रन की बढ़त हासिल कर ली।

इंग्लैंड को खराब गेंदबाजी और कम से कम पांच कैच छूटने से काफी नुकसान हुआ जिससे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज फायदा उठाने में सफल रहे। सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड ने ऑस्ट्रेलिया की पारी की तेज शुरुआत कराते हुए 72 गेंद में 78 रन बनाए जबकि मार्नस लाबुशेन (65) ने लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया और कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने 61 रन बनाए। गाबा की पिच में कुछ असमान उछाल के बावजूद दिन में बल्लेबाजों का दबदबा रहा। एलेक्स कैरी का दो बार कैच छूटा। एक बार जब उन्होंने खाता भी नहीं खोला था और फिर 25 रन पर उनका कैच छूटा जिससे वह स्टंप तक 45 गेंद में 46 रन बनाकर खेल रहे हैं। माइकल नेसर को भी एक जीवनदान मिला जिससे वह 7वें विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी में 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। पर्थ में सीरीज का पहला मैच दूसरे ही दिन खत्म हो गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट से जीत हासिल की थी। पर ब्रिस्बेन में यह दिन-रात्रि टेस्ट लंबा चलता दिख रहा है। इंग्लैंड ने दूसरे दिन सुबह नौ विकेट पर 325 रन से आगे खेलना शुरू किया, पर 11वें नंबर के खिलाड़ी जोफ्रा आर्चर के आउट होने से पहले स्कोर में 14 गेंद में नौ रन और जोड़े। रूट ने 135 रन से खेलना शुरू किया पर जब आखिरी विकेट के लिए 70 रन की भागीदारी खत्म हुई तो वह 138 रन बनाकर नाबाद रहे जो ऑस्ट्रेलिया में उनका पहला एशेज शतक है। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत के नायक रहे ट्रेविस हेड ने नौवें ओवर में विकेटकीपर स्मिथ द्वारा आर्चर की गेंद पर तीन रन पर कैच छूटने के बाद 30 रन और जोड़े।

## हाईलाइट

### सेंथिलकुमार और अनाहत चैंपियन बने

**चेन्नई।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने शुक्रवार को यहां स्क्वाश इंडियन टूर 4 में पुरुष वर्ग का और अनाहत सिंह ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। शीर्ष वरीय और दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने मिस्र के एडम हवाल को 11-7, 11-9, 9-11, 11-4 से हराकर पुरुषों का खिताब जीता। महिलाओं के फाइनल में दिल्ली की अनाहत सिंह (दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी) ने अनुभवी हमवतन जोशना चिनप्पा (पूर्व नंबर 10) को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में 11-8, 11-13, 11-13, 11-6, 11-8 से शिकस्त दी।

### बेंगलुरु में खेला जाएगा टेनिस का मुकाबला

**बेंगलुरु।** भारत और नीदरलैंड के बीच सात-आठ फरवरी को होने वाले डेविस कप क्वालीफायर की मेजबानी का अधिकार शुक्रवार को बेंगलुरु को मिला जिसने बोली में दिल्ली को पीछे छोड़ दिया। दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) ने इस साल फरवरी में टोगो की मेजबानी की थी और उसने भी इस अहम मुकाबले को आयोजित करने में दिलचस्पी दिखाई थी। बेंगलुरु ने पिछली बार 2017 में उज्बेकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले की मेजबानी की थी जिसमें मेजबान टीम 4-1 से जीत गई थी। कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ (केएसएलटीए) ने हाल में शहर में बिली जीन किंग कप प्ले-ऑफ की मेजबानी की थी। भारत ने सितंबर में विश्व ग्रुप एक के पहले दौर में स्विट्जरलैंड को हराकर क्वालीफायर चरण में जगह बनाई जबकि नीदरलैंड दूसरे दौर में अर्जेंटीना से इसी अंतर से हार गया था।

### आईपीबीएल: मुंबई ने जीत का खाता खोला

**नई दिल्ली।** मुंबई स्मैशर्स ने कैपिटल वॉरियर्स गुड़गांव को 4-2 से हराकर इंडियन पिकलबॉल लीग (आईपीबीएल) में अपनी पहली जीत के साथ नॉकआउट में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा। दिन के दूसरे मैच में हैदराबाद रॉयल्स ने वापसी करते हुए बेंगलुरु ब्लास्टर्स को 3-3 से बराबरी पर रोक दिया। इस परिणाम से नॉकआउट की तीन दावेदार टीम टाई अंक, मैच अंक और आपसी मुकाबले के परिणाम के मामले में बराबरी पर आ गयी। अंतिम नॉकआउट स्थान के लिए मुंबई, गुड़गांव और बेंगलुरु के बीच तीन टीम का प्ले-इन होगा। शनिवार प्ले-इन मुकाबलों की विजेता टीम चौथे स्थान पर अपनी जगह पक्की कर क्वालीफायर एक में तीसरे स्थान की टीम से भिड़ेगी।

### फखर जमां ने आचार संहिता तोड़ी

**दुबई :** पाकिस्तान के बैटर फखर जमां पर मैच फीस का 10 परसेंट जुर्माना लगाया गया है। उन्हें 29 नवंबर को श्रीलंका के खिलाफ ट्राई-सीरीज फाइनल के दौरान आईसीसी कोड ऑफ़ कंडक्ट के लेवल 1 को तोड़ने का दोषी पाया गया। जमान को आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.8 को तोड़ने का दोषी पाया गया, जो प्लेयर्स और प्लेयर सपोर्ट स्टाफ के लिए है, जो इंटरनेशनल मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने से जुड़ा है।

# रोहित-कोहली से फिर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ निर्णायक मुकाबला आज दोपहर 1.30 बजे से, गेंदबाजों की होगी कड़ी परीक्षा

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**



भारत विराट कोहली और रोहित शर्मा से फिर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगा। भारत के कुछ युवा खिलाड़ी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसे में उन पर दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका टेस्ट श्रृंखला जीतने के बाद अब वनडे श्रृंखला जीतने में भी कसर नहीं छोड़ेगा और ऐसे में भारतीय टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की जरूरत है।

भारत अगर इस मैच में जीत हासिल करता है तो पिछले कुछ समय से टीम को लेकर चल रही अटकलें पर भी विराम लग जाएगा। इसके लिए कोहली और रोहित को फिर से अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन दोनों का वनडे क्रिकेट में कोई सानी नहीं है और उन्हें इस तरह के दबाव वाले मैच में खेलने का अच्छा अनुभव है। इसलिए भारत की जीत में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। रोहित और कोहली अपनी करियर के अवसान पर हैं और वह इसमें एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ने की कोशिश करेंगे। कोहली ने अपनी पिछली तीन पारियों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है, जबकि रोहित ने अपनी पिछली चार पारियों में एक शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। उन्हें कुछ युवा बल्लेबाजों का अच्छा सहयोग मिल रहा है जैसा कि पिछले मैच में रुतुराज गायकवाड़ ने अपना योगदान दिया था। उन्होंने अपना पहला वनडे शतक लगाया था। लेकिन यशस्वी जायसवाल को अभी भी इस श्रृंखला में सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी क्षमता का भरपूर प्रदर्शन करना बाकी है। यह प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने के लिए उत्सुक होगा।

जायसवाल को बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के खिलाफ जूझना पड़ रहा है फिर चाहे वह वेस्टइंडीज के जेडन सील्स हों या इस श्रृंखला में मार्को यानसन और नांद्रे बर्गर। वह अपने करियर में 30 बार बाएं हाथ के गेंदबाजों का शिकार बने हैं।

जायसवाल और टीम प्रबंधन इससे अनजान नहीं रह सकते और इसमें सुधार करने का काम शायद पहले ही शुरू हो चुका है। लेकिन अगर वह सुधार नहीं कर पाए तो टीम को अन्य विकल्पों पर विचार करने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। टीम के पास गायकवाड़ के रूप में एक अदद सलामी बल्लेबाज मौजूद है। एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच अक्सर बल्लेबाजों के अनुकूल होती है और भारत का यहां शानदार रिकॉर्ड रहा है। उसने यहां 2005 से 10 एकदिवसीय मैचों में से सात में जीत हासिल की है लेकिन यहां खेले गए पिछले मैच में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था।

भारत वाशिंगटन सुंदर को विश्राम देकर उनकी जगह तिलक वर्मा को मध्यक्रम की बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए अंतिम एकादश में शामिल करने पर भी गंभीरता से विचार करेगा। ऋषभ पंत भी एक विकल्प हो सकते हैं लेकिन तिलक स्पिन गेंदबाजी भी कर लेते हैं और वह बेहतरीन क्षेत्ररक्षक के भी हैं। कप्तान केएल राहुल ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन इस श्रृंखला में ओस के कारण टॉस की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो गई है। भारत वनडे में पिछले 20 मैच से टॉस नहीं जीत पाया है जिसका खामियाजा उसे रायपुर में दूसरे वनडे में भुगतना पड़ा।

भारतीय गेंदबाज भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। अब भारत को उम्मीद होगी कि उनके युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा अच्छा प्रदर्शन करेंगे और प्रभावशाली अर्शदीप सिंह का पूरा साथ देंगे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका सीरीज जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन वह तेज गेंदबाज बर्गर और बल्लेबाज टोनी डी जॉर्जी की फिटनेस को लेकर चिंतित है। यह देखना होगा कि ये दोनों खिलाड़ी इस मैच के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं।

**टीम**

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान/विकेट कीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी जॉर्जी, रुबिन हरमन, केशव महाराज, मार्को यान्सेन, एडेन मार्करम, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायन।

### टेस्ट में हार के बाद वनडे सीरीज में जीतने की बेताबी : डोएशे

**विशाखापत्तनम :** सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने शुक्रवार को कहा कि टेस्ट सीरीज में उम्मीद से खराब प्रदर्शन के कारण भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज जीतने के लिए कुछ हद तक 'बेताब' है।

भारत हाल ही में दक्षिण अफ्रीका से से दो मैचों की टेस्ट सीरीज 0-2 से हार गया था और वनडे सीरीजअब 1-1 से बराबर है। डोएशे ने एकदिवसीय सीरीज के निर्णायक तीसरे वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, खिलाड़ियों का यह एक बहुत ही अलग समूह है, लेकिन खिलाड़ी अपनी जिम्मेदारी को लेकर पूरी तरह से जागरूक है।

लोकेश राहुल की कप्तानी में भारतीय टीम ने रांची में पहला वनडे 17 रन से जीता लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने रायपुर में चार विकेट की जीत से शानदार वापसी की। डोएशे ने कहा हम हमेशा जीतना चाहते हैं। जब कुछ हार का सिलसिला शुरू हो जाता है और प्रदर्शन हमारी अपेक्षा से कम हो जाता है तो निश्चित तौर पर मुझे लगता है कि यह श्रृंखला के दृष्टिकोण से थोड़ी हताशा है। डोएशे ने हालांकि कि कहा कि इस टीम के खिलाड़ी ऐसे दबाव भरे हालात से निपटने के आदी हो चुके हैं।

## मैक्सवेल, रसेल, अश्विन समेत कई बड़े नाम रहेंगे गायब

**अबू धाबी, एजेंसी**



- अबू धाबी में आज होगी आईपीएल 2026 की नीलामी
- 10 फ्रेंचाइजी के 77 स्लॉट भरने के लिए होगी जोरआजमाइस

**1355** क्रिकेट खिलाड़ियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

अबू धाबी में 6 दिसंबर को होने वाली आईपीएल 2026 नीलामी में 10 फ्रेंचाइजी 77 स्लॉट भरने के लिए एक-दूसरे को पछाड़ती नजर आएंगी। इसमें 31 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। कुल 1355 क्रिकेट खिलाड़ियों - जिसमें 1,062 भारतीय और 293 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं- ने पहले ही आने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है।

नीलामी में शामिल होने वाले खिलाड़ियों की फाइनल शॉर्टलिस्ट 5 दिसंबर के बाद सभी टीमों की दिलचस्पी जानने के बाद तय की जाएगी। हालांकि, कुछ बड़े नाम आने वाली आईपीएल नीलामी से गायब रहेंगे क्योंकि कई हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों, जिन्हें उनकी संबंधित टीमों ने रिलीज कर दिया था, ने आईपीएल 2026 नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराने का फैसला किया है। कुछ और जाने-पहचाने चेहरे भी लीग या क्रिकेट से पूरी तरह रिटायरमेंट के कारण भविष्य के आईपीएल सीजन में वापस नहीं आएंगे। यहां उन टॉप क्रिकेटरों की पूरी लिस्ट दी गई है जो आईपीएल 2026 नीलामी का हिस्सा नहीं होंगे। ग्लेन मैक्सवेल ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट स्टार ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल 2026 नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराने का फैसला किया है, जिससे फ्रेंचाइजी टी20 क्रिकेट लीग में उनके लगातार 13 सीजन का सिलसिला खत्म हो गया, जो 2012 में दिल्ली कैपिटल्स के साथ शुरू हुआ था।

### साल की शुरुआत में आर. अश्विन ने ले लिया था संन्यास

इस साल की शुरुआत में क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद, अश्विन आईपीएल नीलामी का हिस्सा नहीं होंगे। यह ऑफ-स्पिनर पहले सीजन से ही आईपीएल का हिस्सा रहे हैं, जब सीएसके ने उन्हें एक घरेलू खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल किया था, पर उन्होंने 2009 में डेब्यू किया था। तब से, अश्विन 2017 के सीजन को छोड़कर हर आईपीएल सीजन का हिस्सा रहे हैं- यह वह सीजन था जो उन्होंने पुणे टीम में होने के बावजूद चोट के कारण मिस कर दिया था।

### खेल मंत्री ने घुड़सवारी पदक विजेताओं को किया सम्मानित

**नई दिल्ली :** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल ही में थाईलैंड में एफईआई एशियाई घुड़सवारी चैंपियनशिप में एक व्यक्तिगत स्वर्ण सहित पांच पदक जीतने वाली भारतीय 'इवेंटिंग' और 'ड्रेसेज' टीमों को सम्मानित किया और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए घोड़ों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने हेतु एक वर्ष के अंदर देश में एक पृथकवास केंद्र स्थापित करने का वादा किया।

पटाया में आयोजित प्रतियोगिता में छह सदस्यीय भारतीय टीम ने भाग लिया था जिसमें से आशीष लिमये ने दो पदक जीते।

## सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए शेफाली नामांकित

**दुबई, एजेंसी**



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में 87 रन की तेजतर्रार पारी खेलने और दो महत्वपूर्ण विकेट लेने वाली भारतीय क्रिकेटर शेफाली वर्मा को नवंबर महीने के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।

सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के चोटिल हो जाने के कारण शेफाली को भारतीय टीम में जगह मिली थी। उन्हें फाइनल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था और अब वह महिलाओं के पुरस्कार के लिए नामांकित की गई तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं। महिला वर्ग का पुरस्कार हासिल करने के लिए उन्हें संयुक्त अरब अमीरात की ईशा ओझा और थाईलैंड की थिपाचा पुथावोंग की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।



हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 के क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड के खिलाफ 1-0 की जीत का जश्न मनाते अर्जेंटीना के खिलाड़ी। एजेंसी

**जूनियर हॉकी विश्व कप** | मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में फ्रांस-जर्मनी का मुकाबला देखने के लिए खिलाड़ियों के परिजन और बड़ी संख्या में दर्शन मौजूद रहे

## जर्मनी, स्पेन और अर्जेंटीना सेमीफाइनल में पहुंचे

**चेन्नई, एजेंसी**



क्वार्टर फाइनल में मुकाबला करते जर्मनी (लाल जर्सी) व फ्रांस के खिलाड़ी। एजेंसी

सात बार की चैंपियन जर्मनी ने जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के रोमांचक क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को पिछली उपविजेता फ्रांस को शूटआउट में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि स्पेन और अर्जेंटीना ने भी अंतिम चार में जगह बना ली। स्पेन ने न्यूजीलैंड को 4-3 से और अर्जेंटीना ने नीदरलैंड को 1-0 से हराया।

दो साल पहले खेले गए फाइनल की यादें ताजा करते हुए जर्मनी ने एक बार फिर जोश से भरी फ्रांस टीम पर अपना दबदबा कायम रखा। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर यह मुकाबला देखने के लिए दोनों यूरोपीय दिग्गज टीमों के खिलाड़ियों के परिजन मौजूद थे जो लगातार हौसलाअफजाई कर रहे थे। निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर रहने के बाद मैच शूटआउट तक खिंचा। शूटआउट में जर्मनी के लिये जोनास वोन जर्सम, जस्टस वारवेग और लुकास कोसेल ने गोल दागे जबकि फ्रांस के लिये सिर्फ आर्टिस्टाइड मिकालेस ही गोल कर सके। इससे पहले निर्धारित समय में फ्रांस ने आखिरी पांच मिनट बाकी रहते हुगो डोलोउ के फील्ड गोल के दम पर स्कोर 2-2 से बराबर किया। जर्मनी के लिए 30वें मिनट में एलेक वोन श्वेरिन ने पहला गोल दागा लेकिन इसी मिनट जवाबी हमले में फ्रांस के मेलो मार्तिनेश ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील करके स्कोर बराबर कर दिया। ब्रेक के बाद छठे मिनट में जर्मनी के पॉल ग्लांडेर ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके टीम को फिर बढत दिला दी थी लेकिन फ्रांस के डोलोउ ने 55वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। इससे पहले बेहद रोमांचक मुकाबले में आखिरी सेकंडों में पेनल्टी कॉर्नर पर ब्रूनो अविला के गोल के दम पर स्पेन ने न्यूजीलैंड को 4-3 से हराया।

स्पेन ने पहले ही क्वार्टर में तीन गोल करके मैच का रूख एकतरफा करने की कोशिश की लेकिन न्यूजीलैंड ने अगले तीन क्वार्टर में एक एक गोल करके वापसी की और लग रहा था कि मैच शूटआउट तक जाएगा लेकिन स्पेन को आखिरी पलों में निर्णायक पेनल्टी कॉर्नर मिला। स्पेन के लिये निकोलस मुस्तारोस ने दूसरे मिनट में, जोसेफ मार्तिन ने दसवें और अलबर्ट सेराहिमा ने 12वें मिनट में फील्ड गोल किये।

तीसरे क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना के लिये कप्तान रूइज तोमाज ने 52वें मिनट में गोल किया । नीदरलैंड को आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोल नहीं हो सका ।

### भारतीय हॉकी कोच फुल्टोन के बेटे जैक खेल रहे आयरलैंड से

**चेन्नई :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन के बेटे जैक ने जब अपने पिता की 'कर्मभूमि' पर आयरलैंड के लिए जूनियर विश्व कप में पदार्पण किया तो उनकी हौसलाअफजाई के लिए पिता दर्शक दीर्घा में नहीं थे। इस महीने अपना सत्रहवां जन्मदिन मनाने जा रहे जैक ने मदुरै में कनाडा के खिलाफ आयरलैंड के लिये विश्व कप में पहला मैच खेला जब उनके पिता क्रेग भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ मलेशिया के इपोह में सुल्तान अजलन शाह कप टूर्नामेंट में व्यस्त थे। चेन्नई में स्विटजरलैंड के खिलाफ क्लासीफिकेशन मैच में मिली जीत के बाद जैक ने कहा मैं इससे पहले एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान यहां आ चुका हूं।

### भारत ने आयरलैंड को 4-0 से हराया

**सैंटियागो (चिली) :** पूर्णिमा यादव के दो गोल की बदौलत भारत ने शुक्रवार को एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप के पूल सी के अपने अंतिम मैच में आयरलैंड को 4-0 से हराया। पूर्णिमा (42वें, 58वें मिनट), कनिका सिवाच (12वें मिनट) और साक्षी राणा (57वें मिनट) ने भारत के लिए गोल किए।

भारत ने मैच की शुरुआत से ही दबदबा बनाना शुरू किया। टीम ने 12 सेकेंड के अंदर ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन उनका प्रयास गोल में नहीं बदला। भारत ने 10वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन यह मौका भी बेकार चला गया।

साक्षी ने इसके दो मिनट बाद सर्कल के अंदर कनिका को एक बेहतरीन पास दिया, जिन्होंने प्रतिद्वंद्वी टीम की गोलकीपर को कुशलता से चकमा देकर मैच का पहला गोल दाग दिया।